संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, शनिवार 25 अप्रैल 2026 ₹ 2 | www.actionindialive.com | Facebook.com/actionindialivee



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शुक्रवार सुबह हुगली नदी में नौका विहार के दौरान नाव चलाने वाले नाविकों और नाव मालिकों ने इस अनुभव को यादगार और भावुक कर देने वाला क्षण बताया।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 11 अंकः 115 पृष्ठः 12 RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com हरियाणा संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड - चंडीगढ़

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## गौतस्करों की खैर नहीं, पीढ़ियां भी गौतस्करी करने की हिम्मत नहीं करेंगी: अमित शाह

**टीम एक्शन इंडिया**
**कोलकाताः** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पश्चिम बंगाल के हिंगलगंज और उत्तरपाड़ा में चुनावी रैलियों में बड़ा एलान किया है। उन्होंने साफ कहा है कि राज्य में भाजपा की सरकार बनते ही गोतस्करों को ऐसी कड़ी सजा मिलेगी कि उनकी आने वाली तीन पीढ़ियां भी ऐसा काम करने की हिम्मत नहीं करेंगी। इसके साथ ही चुनाव नतीजों के बाद उन घुसपैठियों को भी सीधा जेल भेजा जाएगा जो बंगाल के संसाधनों पर कब्जा कर रहे हैं। अमित शाह ने बंगाल चुनाव को लेकर कड़े तेवर दिखाते हुए पूरी खबर को स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने भी भाजपा कार्यकताओं पर अत्याचार किया है, उन्हें बिल्कुल भी बख्शा नहीं जाएगा। चुनाव के नतीजे आते ही इन सभी अत्याचारियों को खोजकर जेल की सलाखों के पीछे डाल दिया जाएगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि बंगाल की जनता अब बदलाव के लिए पूरी तरह तैयार है।

**मंत्री जी किशन रेड्डी क्यो बोले?**
केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी ने भी हिंगलगंज रैली का जिक्र करते हुए बताया कि भीषण गर्मी में



उमड़ी भारी भीड़ यह दिखाती है कि यह सिर्फ समर्थन नहीं है, बल्कि भाजपा के लिए जनता का एक मजबूत संकल्प है। भीड़ इतनी ज्यादा थी कि टेंट भी छोटे पड़ गए।

**शाह का भरोसा**

महिलाएं रात के 2 बजे भी अपने घरों से बाहर निकलने में बिल्कुल भी डर महसूस नहीं करेंगी : शाह

**घुसपैठ के मुद्दे पर क्या बोले शाह?**
अमित शाह ने उत्तरपाड़ा की रैली में घुसपैठ के मुद्दे पर करारा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि जो घुसपैठिए बंगाल के गरीब लोगों का राशन और नौकरियां छीन रहे हैं, उन्हें किसी भी कीमत पर छोड़ा नहीं जाएगा। चुनाव के नतीजे घोषित होने के बाद इन सभी घुसपैठियों को पकड़कर सीधे जेल भेजा जाएगा।
महिलाओं की सुरक्षा को लेकर गृह मंत्री ने बंगाल की माताओं और बहनों को एक बड़ा भरोसा दिया है। उन्होंने चुनावी रैली में कहा कि बंगाल में भाजपा की सरकार बनने के बाद ऐसा सुरक्षित माहौल बनाया जाएगा कि महिलाएं रात के 2 बजे भी अपने घरों से बाहर निकलने में बिल्कुल भी डर महसूस नहीं करेंगी।

## आम आदमी पार्टी में फूट: "आप" के 'सात' सांसद बीजेपी के साथ

आप सांसद राघव चड्ढा ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया, इसके साथ ही वो भाजपा में शामिल हो गए, राघव के अलावा संदीप पाठक, अशोक मित्तल, हरभजन सिंह, विक्रजीत, राजिंदर के अलावा स्वाती मालिवाल भी भाजपा में शामिल हो गईं

**आप में बगावत**

आम आदमी पार्टी के दो-तिहाई से अधिक राज्यसभा सांसद भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए : राघव

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के नेता और सांसद राघव चड्ढा ने शुक्रवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया। इसके साथ ही वो भाजपा में शामिल हो गए। राघव के अलावा दीप पाठक, अशोक मित्तल, हरभजन सिंह, विक्रजीत सिंह साहनी, राजिंदर गुप्ता के अलावा दिल्ली से आप की राज्यसभा सांसद स्वाती मालिवाल भी भाजपा में शामिल हो गईं।
भाजपा मुख्यालय पहुंचे राघव, नितिन नवीन से की मुलाकात
आप छोड़ भाजपा से जुड़ने के बाद राघव चड्ढा, संदीप पाठक और अशोक मित्तल भाजपा मुख्यालय पहुंचे। यहां तीनों भाजपा के अध्यक्ष नितिन नवीन से मुलाकात की। यहां भेंट स्वरूप गुलदस्ते देकर तीनों का स्वागत किया गया और मुंह मीठे भी कराए गए। इसके बाद औपचारिक फोटो सेशन हुआ।

**राघव ने दी जानकारी**
राघव ने एक्स पर जानकारी देते हुए लिखा, आज संविधान के प्रावधानों के तहत यह बड़ा राजनीतिक घटनाक्रम हुआ। आम आदमी पार्टी के दो-तिहाई से अधिक राज्यसभा सांसद भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। कुल सात सांसदों ने इस विलय संबंधी दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए। इन दस्तावेजों को राज्यसभा के माननीय सभापति को सौंपा गया। तीन सांसदों ने व्यक्तिगत रूप से ये हस्ताक्षरित दस्तावेज सौंपे।



**पंजाब से अब केवल आप का एक ही राज्यसभा सांसद**

राघव को लोकसभा चुनाव में भी पंजाब से दूर रखा गया। औपचारिक तौर पर वे श्री आनंदपुर साहब सीट पर नजर आए थे। विपक्ष जहां इसे आप के अंदरूनी मतभेद का संकेत बता रहा है। वहीं पार्टी के वरिष्ठ नेता संजय सिंह और नए उपनेता डॉ. अशोक कुमार मित्तल ने इसे एक सामान्य संगठनात्मक प्रक्रिया करार दिया है, जिसका मकसद अन्य सांसदों को भी जिम्मेदारी देना है।
राज्यसभा में अब आम आदमी पार्टी के इकलौते सांसद संत बलबीर सिंह सीचेवाल बचे हैं। पंजाब में वर्ष 2000 में कार सेवा शुरू करके संत सीचेवाल ने गुरु नानक देव जी से जुड़ी ऐतिहासिक नदी काली बेई का कायाकल्प करने में विशेष भूमिका निभाई थी। उनके प्रयास से ही औद्योगिक व मानवीय प्रदूषण से जाम 160 किलोमीटर लंबी काली बेई साफ हो पाई थी।
आज काली बेई देश में न केवल एक रोल माडल के रुप में देखी जाती है, बल्कि आज वह जगह एक पिकनिक स्थल के रुप में विकसित हो चुकी है।

**भाजपा में कर लेंगे विलय**
राघव चड्ढा ने राज्य सभा सांसद संदीप पाठक और अशोक मित्तल के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि हमने फैसला किया है कि हम, राज्यसभा में आम आदमी पार्टी के दो-तिहाई सदस्य, भारत के संविधान के प्रावधानों का प्रयोग करते हुए भाजपा में विलय कर लेंगे। इसके अलावा उन्होंने यह भी जानकारी दी कि स्वाति मालीवाल और पूर्व क्रिकेटर हरभजन सिंह भी भाजपा में शामिल होंगी।

**'गलत पार्टी में सही आदमी'**
राघव चड्ढा ने कहा कि उन्होंने अपने खून-पसीने से पार्टी को सींचा और अपनी जवानी के 15 साल दिए। उनके अनुसार, पार्टी अब अपने सिद्धांतों, मूल्यों और मूल नैतिकता से पूरी तरह भटक गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि पार्टी अब देश या राष्ट्रीय हित के लिए काम नहीं कर रही है। बल्कि, यह व्यक्तिगत लाभ के लिए कार्य कर रही है। चड्ढा ने महसूस किया कि वह गलत पार्टी में सही आदमी हैं।

**मेरा मकसद देश के लिए कुछ बड़ा करने का- संदीप पाठक**
संदीप पाठक ने इस दौरान कहा कि मैंने अपने जीवन में नहीं सोचा था ये स्थिति आएगी, और ये आ गई। मैं किसान परिवार से आया फिर पढ़ाई लिखाई की। मैं राजनीति में सिर्फ इस मकसद से आया कि देश के लिए कुछ बड़ा कर सकूं। देश सेवा के मकसद से ही आम आदमी पार्टी में जुड़ा था।
दरअसल केजरीवाल और राघव चड्ढा में दूरियां उसी दिन से नजर आने लगी थी जब केजरीवाल जेल में थे और राघव अपनी पत्नी परिनीति के साथ लंदन में घूमते व मस्ती की फोटो सोशल मीडिया पर अपलोड कर रहे थे।

## सुप्रीम कोर्ट ने नाबालिग को गर्भ गिराने की अनुमति दी

**नई दिल्लीः** उच्चतम न्यायालय ने सात महीने से ज्यादा की गर्भवती नाबालिग लड़की को गर्भ गिराने की इजाजत दे दी है। जस्टिस बीवी नागरत्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि यह जन्म लेने वाले बच्चे का सवाल नहीं बल्कि जरुरी ये है कि लड़की क्या चाहती है। अगर वह बच्चे को जन्म नहीं देना चाहती है तो उसे मजबूर नहीं किया जा सकता है, भले बच्चे को जन्म देने के बाद गोद देने का विकल्प मौजूद हो। कोर्ट ने कहा कि किसी महिला, नाबालिग को इच्छा के खिलाफ गर्भ पूरा करने के लिए मजबूर करना उसके मानसिक, भावनात्मक और शारीरिक स्वास्थ्य पर गंभीर असर डाल सकता है।



बंगाल में चुनावी माहौल के बीच प्रधानमंत्री मोदी ने गंगा में की बोट की सवारी।

73 विपक्षी सांसदों ने महाभियोग चलाने की प्रक्रिया शुरू करने के लिए राष्ट्रपति को एक नोटिस सौंपा

## मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाने के लिए राज्यसभा में नोटिस

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** देश के मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के खिलाफ 73 विपक्षी सांसदों ने राज्यसभा में महाभियोग चलाने की प्रक्रिया शुरू करने के लिए राष्ट्रपति को एक नोटिस सौंपा है। कांग्रेस के संचार प्रभारी जयराम रमेश ने यह जानकारी देते हुए बताया कि सांसदों ने राष्ट्रपति को संबोधित एक पत्र में मुख्य चुनाव आयुक्त को उनके पद से हटाने की मांग की है।

**महाभियोग की मांग के प्रमुख बिंदु**
सांसदों द्वारा सौंपे गए नोटिस में मुख्य चुनाव आयुक्त पर 'सिद्ध कदाचार' का आरोप लगाया गया है। यह कदाचार 15 मार्च 2026 को या उसके बाद किए गए कार्यों और चूक से संबंधित है। इस आरोप को भारतीय संविधान के अनुच्छेद 324 (5) के साथ-साथ अनुच्छेद 124 (4) के तहत, मुख्य चुनाव आयुक्त



और अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा की शर्तें और कार्यकाल) अधिनियम, 2023 की धारा 11 (2) और न्यायाधीश (जांच) अधिनियम, 1968 के तहत वर्णित किया गया है।

**'मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ नौ विशिष्ट आरोप'**
जयराम रमेश के अनुसार, मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ नौ विशिष्ट आरोप हैं, जिन्हें विस्तृत रूप से प्रलेखित किया गया है और जिन्हें नकारा या छिपाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त का पद पर बने रहना संविधान पर हमला है और यह अत्यंत शर्मनाक है कि वह प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के इशारों पर काम कर रहे हैं। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 324(5) के अनुसार, मुख्य चुनाव आयुक्त को केवल सिद्ध कदाचार या अक्षमता के आधार पर ही राष्ट्रपति के आदेश से हटाया जा सकता है। इसके लिए संसद के दोनों सदनों, यानी लोकसभा और राज्यसभा, द्वारा एक ही सत्र में उस प्रस्ताव का समर्थन करना आवश्यक है।

## लगातार तीसरे दिन बड़ी गिरावट के साथ बंद हुए सेंसेक्स और निफ्टी

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार आज लगातार तीसरे दिन बड़ी गिरावट के साथ बंद हुआ। आज के कारोबार की शुरूआत भी कमजोरी के साथ हुई थी। बाजार खुलते ही खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिससे सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक सुधर कर हरे निशान में पहुंच गए। इसके कुछ देर बाद ही बिकवाली शुरू हो गई, जिसकी वजह से इन दोनों सूचकांकों ने दोबारा लाल निशान में गोता लगा दिया। बिकवाली के दबाव की वजह से सेंसेक्स 77,000 अंक के नीचे लुढ़क गया। इसी तरह निफ्टी भी 24,000 अंक के स्तर से नीचे चला गया। दिनभर के कारोबार के बाद सेंसेक्स 1.29 प्रतिशत और निफ्टी 1.14 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए। लगातार बिकवाली होने की वजह से सभी सेक्टोरल इंडेक्स गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुए।

## 50 हजार से अधिक परिवारों के 'अपना घर' का सपना हुआ साकार

**टीम एक्शन इंडिया**
**रायपुरः** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के सफल क्रियान्वयन में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए 50 हजार से अधिक ग्रामीण परिवारों को पक्के आवास उपलब्ध कराए हैं। यह उपलब्धि प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), पीएम जन मन योजना एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के प्रभावी क्रियान्वयन का परिणाम है, जिसके माध्यम से जिले के हजारों जरूरतमंद परिवारों को सुरक्षित व सम्मानजनक जीवन की नई शुरूआत मिली है।
राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर बिलासपुर जिले ने ग्रामीण विकास के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज करते हुए 50 हजार 44 परिवारों को पक्के आवास उपलब्ध कराए हैं। जिला प्रशासन द्वारा योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और समयबद्धता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई।

## चीन गतिरोध में सरकार ने अकेला नहीं छोड़ा: नरवणे

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** पूर्व आर्मी चीफ चीफ जनरल एमएम नरवणे ने गुरुवार को कहा कि 2020 में चीन के साथ गतिरोध में सरकार ने सेना को अकेला नहीं छोड़ा था। सरकार पूरी तरह से सपोर्ट में थी और पूरा अधिकार दिया था कि हालात बिगड़ने पर चीनी सैनिकों पर गोलियां चला सकें। जनरल नरवणे ने गुरुवार को कुछ चैनल्स को दिए इंटरव्यू में अपनी किताब फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी से जुड़े विवादों पर बात की। बातचीत में कहा, जो उचित समझो वह करो टिप्पणी




सशस्त्र बलों पर सरकार के पूरे भरोसे को दर्शाती है और इस पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। जमीनी स्थिति का जवाब देने के लिए सशस्त्र बलों को फ्री हैंड दिया गया था। दरअसल, राहुल गांधी ने 2 और 3 फरवरी को संसद में नरवणे की किताब फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी का हवाला देकर चीन घुसपैठ और अग्निवीर योजना के रीव्यू का मुद्दा उठाया था। इसके बाद उन्होंने दावा किया था कि सरकार ने सेना को अकेला छोड़ दिया था। इसके बाद वे किताब लेकर भी संसद पहुंचे थे। जब उनकी पुरानी किताब को अभी तक रक्षा मंत्रालय से क्लियरेंस न मिलने को लेकर पूछा गया, तो उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि मेरी किताब में कुछ बहुत संवेदनशील था।

**खुलासा**

राहुल का दावा था- पीएम मोदी पूर्व आर्मी चीफ से बोले थे जो उचित समझो, करो

## न्यू एज मीडिया में दक्ष बनें जनसंपर्क अधिकारी : आयुक्त रजत बंसल



**टीम एक्शन इंडिया**
**रायपुरः** जनसंपर्क आयुक्त रजत बंसल ने नवा रायपुर स्थित संवाद कार्यालय में जनसंपर्क संचालनालय और जिला जनसंपर्क अधिकारियों की बैठक लेते हुए कहा कि वर्तमान दौर में जनसंपर्क अधिकारियों को न्यू एज मीडिया की सभी विधाओं में दक्ष होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि बदलते समय के साथ तकनीक और संचार के नए माध्यमों को अपनाना ही प्रभावी जनसंपर्क की कुंजी है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि जनसंपर्क का कार्य अत्यंत जिम्मेदारीपूर्ण है, इसलिए इसे पूरी गंभीरता के साथ किया जाना चाहिए और किसी भी प्रकार की कोताही से बचना जरूरी है। जनसंपर्क अधिकारी शासन और जनता के बीच सेतु की भूमिका निभाते हैं, ऐसे में उनकी जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि परिणाम के अनुरूप हर अधिकारी के कार्य का मूल्यांकन किया जाएगा। बैठक में उन्होंने निर्देशित किया कि मंत्रिगणों, विभागीय सचिवों, विभागाध्यक्षों और जिले के कलेक्टरों के साथ नियमित संपर्क और समन्वय बनाएं। इससे सूचनाओं का समयबद्ध और प्रभावी आदान-प्रदान सुनिश्चित होगा, जो शासन की योजनाओं के सही क्रियान्वयन और प्रचार के लिए अत्यंत आवश्यक है। जनसंपर्क आयुक्त ने आगामी एक मई से शुरू हो रहे प्रदेशव्यापी सुशासन तिहार के प्रचार-प्रसार की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के लिए प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का अधिकतम उपयोग किया जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि हर माध्यम का प्रभावी उपयोग कर योजनाओं की पहुंच अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाना है। विशेष रूप से जोर दिया कि राज्य में हो रहे विकास कार्यो और योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों के वास्तविक अनुभवों को वीडियो पोस्ट और समाचारों के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाया जाए।

**दिशा-निर्देश** *मुख्यमंत्री ने की ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पोर्टल की मॉनिटरिंग*

## कचरा उठान में लापरवाही बर्दाश्त नही: मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

**अपडेट**

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पोर्टल पर रियल-टाइम डेटा अपडेट लगातार सुनिश्चित किया जाए

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शुक्रवार को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन से संबंधित पोर्टल की मॉनिटरिंग और क्रियान्वयन को लेकर एक उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को



निर्देश दिए कि पोर्टल पर रियल-टाइम डेटा अपडेट लगातार सुनिश्चित किया जाए ताकि हर स्तर पर निगरानी सुदृढ़ हो सके। मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि पोर्टल के माध्यम से नगर निकायों के प्रदर्शन का नियमित मूल्यांकन किया जाए और जहां कहीं भी कमियां पाई जाएं, वहां तुरंत सुधारात्मक कदम उठाए जाएं। मुख्यमंत्री ने स्वयं पोर्टल पर लाइव ट्रैकिंग सिस्टम का अवलोकन किया। इस पोर्टल पर नागरिक अपने क्षेत्र में कचरा उठाने वाले वाहनों की लाइव लोकेशन देख सकते हैं।
मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि शहरी निकायों में शत-प्रतिशत घरों के बाहर आरएफआईडी टैग लगाए जाएं, ताकि कचरा संग्रहण की प्रक्रिया को डिजिटली ट्रैक किया जा सके। इससे न केवल कार्य में पारदर्शिता आएगी, बल्कि सेवाओं की गुणवत्ता में भी सुधार होगा। इसके साथ ही, उन्होंने जीपीएस आधारित व्हीकल ट्रैकिंग सिस्टम को और अधिक मजबूत बनाने के निर्देश दिए, ताकि कचरा उठाने वाली गाडियों की गतिविधियों पर प्रभावी निगरानी रखी जा सके। उन्होंने कहा कि नागरिकों से सक्रिय सहयोग की अपील की जाए कि वे अपने घरों के बाहर लगाए गए आरएफआईडी टैग की देखभाल करें। यदि किसी क्षेत्र में घरों से कचरा नियमित रूप से नहीं उठाया जा रहा है, तो नागरिक तुरंत इसकी शिकायत ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज करें, जिससे समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जा सके। मुख्यमंत्री ने यह भी स्पष्ट निर्देश दिए कि आरएफआईडी के माध्यम से बिल कैलकुलेशन होगी।

## बांग्लादेश भेजे गए लोगों की वापसी पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

**नई दिल्लीः** सुप्रीम कोर्ट ने बांग्लादेश निर्वासित किए गए लोगों की भारत वापसी से जुड़ी एक अहम याचिका पर सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार को सख्त निर्देश दिया है। अदालत ने सरकार को अपना रुख स्पष्ट करने के लिए आखिरी मौका दिया है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम. पंचोली की पीठ ने केंद्र सरकार के वकील से इस पूरे मामले में निर्देश लेकर वापस अदालत को सूचित करने को कहा है। यह पूरा मामला उन लोगों से जुड़ा है जिन्हें संदिग्ध विदेशी बताकर बांग्लादेश सीमा के पार भेज दिया गया था।





करनाल, 25 अप्रैल 2026
दैनिक एक्शन इंडिया
ACTION INDIA
www.actionindialive.com

# विकसित भारत की नींव को मजबूत कर रही है हमारी सरकारः विष्णु देव साय

- पंचायती राज संस्थाओं को सशक्त बनाकर विकसित भारत की नींव को मजबूत कर रही है हमारी सरकारः मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय
- मुख्यमंत्री ने अपने अनुभव साझा कर गांव के विकास में पंचायत प्रतिनिधियों की भूमिका को बताया महत्वपूर्ण
- मुख्यमंत्री पंचायती राज दिवस के अवसर पर आयोजित पंचायत पदाधिकारी सम्मेलन में हुए शामिल

**समग्र विकास**

- अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचेगा शासन की योजनाओं का लाभः मुख्यमंत्री विष्णु देव

**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुरः** डबल इंजन की हमारी सरकार पंचायती राज संस्थाओं को सशक्त बनाकर विकसित भारत की नींव को मजबूत कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में गांवों के समग्र विकास का नया अध्याय लिखा जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर राजधानी रायपुर के डीडीयू ऑडिटोरियम में आयोजित पंचायत पदाधिकारी सम्मेलन में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि पंचायत प्रतिनिधियों की सक्रियता से ही गांवों का विकास होगा और अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचेगा। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों और पंचायत प्रतिनिधियों को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस की शुभकामनाएं दीं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन की शुरूआत पंचायत प्रतिनिधि के रूप में की थी तथा पंच और सरपंच के दायित्व का निर्वहन किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि पंचायत प्रतिनिधि के रूप में गांव के विकास को लेकर जो अनुभव प्राप्त होते हैं, वही आगे बढ़ने में सहायक होते हैं। आज हजारों जनप्रतिनिधि पंचायत से अपना सफर शुरू कर देश के उच्च सदनों तक पहुंचे हैं।





## गांवों को स्वच्छ, स्वस्थ और सुंदर बनाने में पंचायतों की महत्वपूर्ण भूमिकाः मुख्यमंत्री विष्णु देव साय

मुख्यमंत्री ने कहा कि गांवों को स्वच्छ, स्वस्थ और सुंदर बनाने में पंचायतों की महत्वपूर्ण भूमिका है और जमीनी स्तर पर बेहतर कार्य करने से ही प्रभावी नीतियां बनती हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अब ग्रामीणों को पक्के मकान मिल रहे हैं, साथ ही प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से गांवों की कनेक्टिविटी में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि अटल डिजिटल सेवा केंद्रों के माध्यम से बैंकिंग, बिजली बिल भुगतान, पेंशन और बीमा जैसी सेवाएं अब ग्रामीणों के लिए सहज हो गई हैं, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था में तेजी आई है। महिलाओं के लिए महतारी सदन का निर्माण किया जा रहा है, जिनमें से कई पूर्ण हो चुके हैं और इनसे महिलाओं को सीधा लाभ मिल रहा है। मुख्यमंत्री श्री साय ने पंचायत प्रतिनिधियों से कहा कि पंचायतों में संचालित सभी गतिविधियों की नियमित निगरानी सुनिश्चित करें, ताकि गुणवत्ता और समयबद्धता के साथ सभी विकास कार्य पूर्ण हो सकें। उन्होंने बताया कि जल जीवन मिशन 2.0 के अंतर्गत हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसके सफल क्रियान्वयन में पंचायतों की जिम्मेदारी बड़ी है और इसे समयबद्ध रूप से पूरा करने में पंचायत प्रतिनिधियों को अपनी सक्रिय भूमिका निभानी होगी।



## 'आमजनों की समस्याओं के समाधान के लिए शिविर लगाए जाएंगे'

मुख्यमंत्री साय ने सुशासन तिहार के आयोजन का उल्लेख करते हुए कहा कि इसके माध्यम से आमजनों की समस्याओं के समाधान के लिए शिविर लगाए जाएंगे। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों से सुशासन तिहार के आयोजन और इसके माध्यम से अपने क्षेत्र की समस्याओं की पहचान कर उनके समाधान में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री बिजली बिल समाधान योजना के तहत लंबित बिजली बिलों के भुगतान के लिए विशेष अवसर प्रदान किया जा रहा है, जिसमें सरचार्ज पूरी तरह माफ किया गया है और अतिरिक्त रियायत का भी प्रावधान है। श्री साय ने प्रतिनिधियों से इसका लाभ अधिक से अधिक ग्रामीणों को दिलाने की बात कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार पंचायतों को सशक्त बनाने के लिए हर संभव संसाधन उपलब्ध कराएगी और सभी प्रतिनिधियों से अपने क्षेत्र में बेहतर कार्य करने की अपील की। राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने कहा कि हमारी डबल इंजन की सरकार पंडित दीनदयाल उपाध्याय की मंशा के अनुरूप अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों को पंचायत दिवस की बधाई देते हुए कहा कि प्रदेश में पंचायतों को आर्थिक रूप से सशक्त करते हुए विकास कार्यों की लगातार स्वीकृति प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि गांवों के विकास की जिम्मेदारी के साथ-साथ पंचायत प्रतिनिधियों पर सामाजिक जिम्मेदारी भी होती है, जिसका वे बखूबी निर्वहन कर रहे हैं। सम्मेलन को सांसद बृजमोहन अग्रवाल, राज्यसभा सांसद श्रीमती लक्ष्मी वर्मा ने भी संबोधित किया।

**सराहना**

- विभिन्न प्रोजेक्ट पर आधारित स्टालों का किया अवलोकन, मेगा स्वास्थ्य शिविर की विशेष पहल की सराहना

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पंचायत पदाधिकारी सम्मेलन के दौरान जिला प्रशासन द्वारा प्रोजेक्ट छांव के अंतर्गत आयोजित मेगा स्वास्थ्य शिविर और विभिन्न प्रोजेक्ट पर आधारित स्टालों का अवलोकन किया।

# केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट को बताया, रुस-यूक्रेन युद्ध में 10 भारतीय नागरिकों की मौत हुई

**स्पष्ट किया**

- इन लोगों को नौकरी का झांसा देकर रुस भेजा गया और वहां उनके पासपोर्ट जब्त कर लिए गए

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने कहा है कि रुस-यूक्रेन युद्ध में 10 भारतीयों की मौत हो चुकी है और वे स्वेच्छा से अनुबंध के तहत गए थे। केंद्र सरकार ने ये सूचना उच्चतम न्यायालय में उस याचिका पर सुनवाई के दौरान दी जिसमें कहा गया था कि 26 भारतीयों को रुस और यूक्रेन युद्ध में जबरन शामिल किया गया था। सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि ये मामला सावधानीपूर्वक और संवेदनशील तरीके से निपटाया जाना चाहिए। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से एडिशनल सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) ऐश्वर्या भाटी ने कहा कि कुछ लोग स्वेच्छा से अनुबंध में गए थे जबकि कुछ को एजेंटों ने गुमराह किया था। उन्होंने कहा कि एक एजेंट को गिरफ्तार भी किया गया है। दरअसल, 26 भारतीय नागरिकों के परिजनों ने याचिका दायर कर आरोप लगाया था कि रुस-यूक्रेन युद्ध में जबरन या धोखे से शामिल कर लिया गया। याचिका में कहा गया था कि इन लोगों को नौकरी का झांसा देकर रुस भेजा गया और वहां उनके पासपोर्ट जब्त कर लिए गए।



# देवी दर्शन को जा रहे 11 टेंपो सवार सड़क हादसे में घायल

**जांच शुरू**

- पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहन को हटवाकर यातायात बहाल कराया और मामले की जांच शुरू कर दी है।

**टीम एक्शन इंडिया**

**देवरिया।** भलुअनी थाना क्षेत्र के बढ़या पुल वरिया गांव के रहने वाले श्रद्धालुओं से भरा एक टेंपो देवरियाझगोरखपुर मार्ग पर गौरी बाजार चौराहे के पास सड़क हादसे का शिकार हो गया। तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से टेंपो सवार कई लोग घायल हो गए। बताया जा रहा है कि शीला देवी (65) पत्नी चंद्रिका ने मनौती मांगी थी, जिसके चलते गांव के लोग टेंपो से तरकुलही देवी दर्शन के लिए जा रहे थे। इसी दौरान गौरी बाजार चौराहे के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार वाहन ने टेंपो में टक्कर मार दी। हादसे में अंकित चौरसिया (12) पुत्र आशीष चौरसिया, शीला देवी (65), पलक (17), चंद्रिका (65), अंजू देवी (40), लक्ष्मी (29), अनीता (26), नित्या (8 माह), जानकी (65), आदित्य (4) और कृतिका (3 वर्ष) सहित अन्य लोग घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को तत्काल एंबुलेंस के जरिए महर्षि देवराहा बाबा मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहन को हटवाकर यातायात बहाल कराया और मामले की जांच शुरू कर दी है।

# फ्लैगशिप योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए सूचना प्रौद्योगिकी का अधिकतम इस्तेमाल करेंः मुख्य सचिव

टीम एक्शन इंडिया

रायपुरः मुख्य सचिव विकासशील ने कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए कहा कि शासन की सभी योजनाओं का अधिकतम फायदा लोगों को शीघ्र मिले इसके लिए सूचना प्रौद्योगिक की सभी जरूरी नई तकनीकियों का उपयोग किया जाए। उन्होंने कहा कि सूचना और संचार संस्थानों को अपने कार्यक्रम मोबाइल ऐप, वेबसाइट आदि नागरिक केन्द्रित और आसानी से उपयोग करने लायक बनायें। उन्होंने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकियों का उपयोग नागरिक सेवाओं के लिए करने एवं शासन की फ्लैगशिप स्कीमों का फायदा हितग्राहियों तक शीघ्र पहुंचाने के लिए सूचना प्रौद्योगिकी के बारे में विस्तृत विचार-विमर्श हुआ।

मुख्य सचिव श्री विकासशील ने आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में उभरती नवीन सूचना प्रौद्योगिकियों पर आधारित एक दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ किया। मुख्य सचिव ने कहा कि एनआईसी के अधिकारियों को नई आईटी से हमेशा अपडेट रहना चाहिए। तकनीक से शासन की योजनाओं से हितग्राहियों को शीघ्रता से लाभान्वित किया जाना चाहिए।




# पंचायतों का सशक्तिकरण ही मजबूत लोकतंत्र की नींव : ओम प्रकाश राजभर

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ।** राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर उत्तर प्रदेश के गांवों में लोकतंत्र का सजीव स्वरूप देखने को मिला। इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न जनपदों एवं पंचायतों में व्यापक स्तर पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन आयोजनों के माध्यम से ग्रामीण विकास, जनभागीदारी तथा लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ करने का संदेश प्रभावी रूप से प्रसारित किया गया। इन कार्यक्रमों के माध्यम से पंचायत स्तर पर सहभागितापूर्ण एवं जवाबदेह शासन की भावना को और अधिक सशक्त किया गया। जनपद स्तर पर आयोजित कार्यक्रमों में ग्राम प्रधानों एवं पंचायत सहायकों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। इस दौरान पंचायत प्रतिनिधियों एवं कर्मियों के योगदान की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में और अधिक प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य करने हेतु प्रेरित किया गया। पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशों के क्रम में आयोजित इन कार्यक्रमों के अंतर्गत पंचायत उन्नति सूचकांक (चाए) के तहत प्रगति की समीक्षा, सतत विकास लक्ष्यों के स्थानीयकरण, महिला सशक्तिकरण तथा स्वच्छता एवं अन्य विकास कार्यों में जनसहभागिता बढ़ाने पर विशेष बल दिया गया।

# महतारी वंदन योजनाः प्रदेशभर में महिलाओं को आर्थिक संबल, आत्मनिर्भरता की नई दिशा

**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुरः** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा महिलाओं के सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण को प्राथमिकता देते हुए संचालित महतारी वंदन योजना आज पूरे प्रदेश में सकारात्मक परिवर्तन का सशक्त माध्यम बनकर उभर रही है। यह योजना ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों की महिलाओं को नियमित आर्थिक सहायता प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने तथा उनके जीवन स्तर में गुणात्मक सुधार लाने की दिशा में प्रभावी भूमिका निभा रही है। प्रदेश के विभिन्न जिलों में इस योजना के माध्यम से लाखों महिलाएं सीधे लाभान्वित हो रही हैं। नियमित रूप से उनके बैंक खातों में पहुंच रही सहायता राशि से वे न केवल अपनी दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति कर पा रही हैं, बल्कि परिवार की आर्थिक जिम्मेदारियों में भी सक्रिय भागीदारी निभा रही हैं। इससे महिलाओं में आत्मविश्वास, आत्मसम्मान और निर्णय लेने की क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि देखी जा रही है।सक्ति जिला अंतर्गत ग्राम पंचायत भूरसीडीह की निवासी श्रीमती नवधा बाई पटेल इस योजना के सकारात्मक प्रभाव का जीवंत उदाहरण हैं। उन्होंने बताया कि योजना के तहत प्राप्त मासिक सहायता राशि सीधे उनके बैंक खाते में आ रही है, घरेलू आवश्यकताओं–जैसे राशन, बच्चों की जरूरतें एवं अन्य खर्चों–की पूर्ति अब सहज हो गई है। पहले सीमित आय के कारण जिन कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था।




## उत्तर रेलवे

**अंबाला मंडल में स्वचालित टिकट वेंडिंग मशीनों (ATVM) के माध्यम से अनारक्षित टिकट जारी करने हेतु फैसिलिटेटर्स की नियुक्ति के लिए विज्ञापन सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तरी रेलवे, अम्बाला, भारत के राष्ट्रपति की ओर से, आम जनता से सीलबंद आवेदन आमंत्रित करते हैं, ताकि अम्बाला मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर ऑटोमैटिक टिकट वेंडिंग मशीन (ATVM) के माध्यम से अनारक्षित टिकट जारी करने हेतु फसिलिटेटरों की नियुक्ति की जा सके। यह अनुबंध वास्तविक कार्यारंभ की तिथि से प्रभावी होगा तथा एक वर्ष की अवधि के लिए मान्य रहेगा, जिसे अधिकतम दो वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है। अंबाला मंडल में ATVM के स्थानों की सूची निम्नानुसार है:

| क्र. सं. | स्टेशन का नाम | स्टेशन कोड | स्थापित ATVM की सं. | नियुक्त किए जाने वाले फैसिलिटेटर्स की संख्या | स्टेशन श्रेणी | सुरक्षा जमा |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अम्बाला कैंट | UMB | 2 | 03 | NSG-2 | 50,000/- |
| 2 | चंडीगढ़ | CDG | 2 | 04 | NSG-2 | |
| 3 | सहारनपुर | SRE | 3 | 06 | NSG-3 | 25,000/- |
| 4 | यमुनानगर जगाधरी | YJUD | 1 | 02 | NSG-3 | |
| 5 | बराड़ा | RAA | 1 | 02 | NSG-5 | |
| 6 | अम्बाला सिटी | UBC | 1 | 02 | NSG-5 | |
| 7 | राजपुरा | RPJ | 1 | 02 | NSG-4 | |
| 8 | सरहिंद | SIR | 1 | 03 | NSG-4 | |
| 9 | खन्ना | KNN | 1 | 02 | NSG-5 | |
| 10 | कालका | KLK | 1 | 03 | NSG-3 | |
| 11 | पटियाला | PTA | 1 | 02 | NSG-4 | |
| 12 | नाभा | NBA | 1 | 02 | NSG-5 | |
| 13 | धूरी | DUI | 1 | 02 | NSG-5 | |
| 14 | बरनाला | BNN | 1 | 02 | NSG-5 | |
| 15 | मलेरकोटला | MET | 1 | 02 | NSG-5 | |
| 16 | रूपनगर | RPAR | 1 | 02 | NSG-5 | |
| 17 | आनंदपुर साहिब | ANSB | 1 | 03 | NSG-5 | |
| 18 | नंगल डैम | NLDM | 1 | 02 | NSG-5 | |
| 19 | रामपुरा फूल | PUL | 1 | 02 | NSG-5 | |
| 20 | अबोहर | ABS | 1 | 03 | NSG-4 | |
| 21 | गिद्दड़बाहा | GDB | 1 | 02 | NSG-5 | |
| 22 | मलोट | MOT | 1 | 02 | NSG-5 | |
| 23 | संगरूर | SAG | 1 | 02 | NSG-5 | |
| 24 | सुनाम उधम सिंह वाला | SFMU | 1 | 02 | NSG-5 | |
| 25 | ऊना हिमाचल | UHL | 1 | 02 | NSG-4 | |
| 26 | अम्ब अंदौरा | AADR | 1 | 02 | NSG-4 | |
| 27 | शिमला | SML | 1 | 02 | NSG-5 | |
| 28 | गोविंदगढ़ | GVG | 1 | 02 | NSG-5 | |

| कार्य का विवरण | अनुबंध अवधि | निविदा प्रपत्र की लागत | निविदा जमा करने की तिथि |
|---|---|---|---|
| कार्य की प्रकृतिः अंबाला मंडल के 28 स्टेशनों पर स्वचालित टिकट वेंडिंग मशीनों (ATVM) के माध्यम से अनारक्षित टिकट जारी करने हेतु फैसिलिटेटर्स को आवंटन के आधार पर नियुक्त करने के लिए निविदा। | एक वर्ष के लिए मान्य अधिकतम दो वर्ष तक बढ़ाई जा सकती है। | निः शुल्क | 25.05.26 को प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 14:00 बजे तक |

**महत्वपूर्ण तिथियाँ**

| | |
|---|---|
| निविदा जारी होने की तिथि | 24.04.26 |
| निविदा प्रपत्र जमा करने की तिथि एवं समयः | 25.05.26 (10:00 बजे से 14:00 बजे तक) |
| निविदा बॉक्स बंद होने की तिथि एवं समय | 25.05.2026 को 15:00 बजे |
| निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 25.05.2026 को 15:30 बजे |
| कार्यालय का पता एवं निविदा दस्तावेज उपलब्धता | आवेदन पत्र (नियम एवं शर्तों सहित) उत्तरी रेलवे की वेबसाइट www.nr.indianrailways.gov.in पर उपलब्ध है तथा इसे 24.04.2026 को 13:00 बजे से डाउनलोड किया जा सकता है। |

No: NR-UMBOCOML/1/2025 (284713) Dated: .04.2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1367/2026


### खरीफ सीजन 2026 के लिए केन्द्र सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ को 15.55 लाख मीट्रिक टन उर्वरक का लक्ष्य आवंटित

# पंजीकृत रकबे के मुताबिक सभी किसानों को मिलेगी समय पर खादः कृषि मंत्री रामविचार

**उर्वरक आपूर्ति**

- विभाग द्वारा किसानों को वैकल्पिक उर्वरकों के उपयोग के लिए प्रेरित किया जा रहा

**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुरः** पश्चिम एशिया में चल रहे अमेरिका - इजराइल और ईरान के बीच तनाव के बीच आयातित उर्वरकों की आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार उर्वरक आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए व्यापक रणनीति तैयार कर रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रयासों से आगामी खरीफ सीजन 2026 के लिए छत्तीसगढ़ को केन्द्र सरकार द्वारा 15.55 लाख मीट्रिक टन उर्वरक का लक्ष्य आबंटित हुआ है। जिसमें यूरिया 7.25 लाख, डीएपी 3 लाख, एमओपी 80 हजार, एनपीके 2.5 लाख तथा एसएसपी 2 लाख मीट्रिक टन शामिल हैं। वर्तमान में गोदामों एवं समितियों में लगभग 7.48 लाख मीट्रिक टन खाद उपलब्ध है। राज्य सरकार का प्रयास है कि सभी किसानों को पारदर्शिता के साथ पर्याप्त मात्रा में रासायनिक खाद का आबंटन सुनिश्चित हो। मंत्री श्री नेताम ने बताया कि 30 मार्च की स्थिति में राज्य में कुल 7.48 लाख मीट्रिक टन उर्वरक स्टॉक में मौजूद है, जिसमें यूरिया 2,43,717 मीट्रिक टन, डीएपी 1,05,631 मीट्रिक टन, एनपीके 1,69,109 मीट्रिक टन, एमओपी 50,431 मीट्रिक टन और एसएसपी 1,78,657 मीट्रिक टन इस तरह कुल 7.48 लाख मीट्रिक टन खाद स्टॉक में मौजूद है।

मंत्री श्री नेताम ने बताया कि पश्चिमी एशियाई संकट के चलते रासायनिक उर्वरकों की संभावित कमी को देखते हुए विभाग द्वारा किसानों को वैकल्पिक उर्वरकों के उपयोग के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसके तहत एनपीके 12:32:16, 20:20:0:13, हरी खाद, जैविक खाद और नैनो उर्वरकों की उपलब्धता बढ़ाई जा रही है। मंत्री श्री नेताम ने कहा कि राज्य सरकार ने उर्वरकों की कालाबाजारी और जमाखोरी पर रोक लगाने के लिए जिला स्तर पर उड़नदस्ता दल और निगरानी समितियों के गठन के निर्देश दिए हैं। किसी भी स्तर पर उर्वरकों में गड़बड़ी करने वालों पर कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाएगी। कृषि उत्पादन आयुक्त श्रीमती शहला निगार ने रायपुर और दुर्ग संभाग के विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर आगामी खरीफ सीजन 2026 की तैयारियों को लेकर अधिकारियों से कहा है कि पीएम किसान पोर्टल से एग्रीस्टेक पोर्टल में किसानों के पंजीयन तेजी से पूर्ण कर लिया जाए। बीज एवं उर्वरक वितरण के लिए नई ई-वितरण प्रणाली लागू करने के निर्देश दिए। वही रासायनिक खाद के विकल्प के रूप में हरी खाद, जैव उर्वरक और नील-हरित काई के उपयोग के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया जाए। उन्होंने रासायनिक उर्वरकों की जमाखोरी, कालाबाजारी और डायवर्जन रोकने के लिए जिलों को कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (प्राइस सपोर्ट स्कीम) के तहत दलहन और तिलहन फसलों के उपार्जन को भी प्राथमिकता में रखा गया है। उन्होंने हर जिले में सुगंधित धान की प्रजाति के उत्पादन को बढ़ावा देने के साथ ही दलहन-तिलहन फसलों तथा उद्यानिकी क्षेत्र में ऑयल पाम, मखाना और मसाला फसलों के विस्तार के निर्देश दिए हैं।



# अग्निशमन कर्मचारियों एवं नपा कर्मचारियों ने संयुक्त रूप से अपनी मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीकाः** नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा एवं हरियाणा अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन द्वारा प्रस्तावित प्रदेश स्तरीय हड़ताल के 17वें दिन भी अग्निशमन कर्मचारियों की हड़ताल जारी रही, जिसकी यूनियन प्रधान पिरथी राम ने की और मंच का संचालन फायरमैन गुरदीप ने किया। वहीं, आज नगरपालिका चीका के सफाई कर्मचारी व फायर कर्मचारियों ने संयुक्त रूप से नगरपालिका यूनियन वरिष्ठ उप प्रधान चिंतो देवी की अध्यक्षता में शहर में उल्टा झाड़ू प्रदर्शन किया व हरियाणा सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। इस अवसर पर चिंतो देवी ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार नगरपालिका, नगर परिषद, नगर निगम व फायर विभाग




में लगे कच्चे कर्मचारियों की कोई सुध नहीं ले रही है, जबकि इन विभागों के कच्चे कर्मचारी लगभग 20 सालों से लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार लगातार कर्मचारियों का शोषण कर रही है, जिसके चलते नगरपालिका में महज 10 हजार से 15 हजार रुपयों में कच्चे कर्मचारी कार्य कर रहे हैं, जबकि इतने वेतन में घर का गुजारा चलाना बहुत मुश्किल है। चिंतो देवी ने कहा कि नगरपालिका के कर्मचारी सबसे निचले दर्जे का कार्य करते हैं और डोर टू डोर के कर्मचारी गंदगी उठाते हैं, लेकिन सरकार इन कर्मचारियों के भविष्य के लिए कोई कार्य नहीं कर रही है। उन्होंने चेताया कि अगर समय रहते इन कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान न किया गया, तो पालिका, परिषद व निगम के कर्मचारी भी एक व दो मई को प्रदेश स्तरीय हड़ताल पर चले जाएंगे, जिसकी पूर्ण रूप से जिम्मेदारी हरियाणा सरकार की होगी। वहीं, सर्व कर्मचारी संघ ब्लॉक गुहला के प्रधान पवन शर्मा ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के प्रत्येक विभाग में लगे कच्चे कर्मचारियों का बहुत शोषण हो रहा है और कच्चे कर्मचारियों से विभिन्न विभागों में कार्य ज्यादा करवाया जा रहा है, जबकि वेतन बहुत कम दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि माननीय उच्च न्यायालय के फैसले को सरकार को लागू करना चाहिए और कच्चे कर्मचारी जो वर्षों से लगे हुए हैं, उनकी एक पॉलिसी बनाकर सब कर्मचारियों को पक्के करना चाहिए तथा पुरानी पेंशन बहाल करनी चाहिए, ताकि यह कर्मचारी भी अपने परिवारों का अच्छे से गुजारा कर सकें और अपने बच्चों को पढ़ा सकें। उन्होंने कहा कि सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा नगरपालिका व्यापार कर्मचारियों का हर आंदोलन का समर्थन करता है और आगे जो भी आंदोलन होंगे, उसमें बढ़-चढ़कर भाग लेगा। इस अवसर पर संतोष, पिंकी, सुमन, गुरमीत, सागर, सुखविंदर, तलविंदर सिंह गोपाल, सुरेश, अमर सिंह, मलकीत सिंह तथा अंग्रेज सिंह सहित कई अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## अवैध शराब तस्करों पर पुलिस का शिकंजा

**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** अवैध शराब तस्करों पर एसपी मनप्रीत सिंह सूदन के आदेशानुसार शिकंजा कसते हुए जिला पुलिस द्वारा अलग अलग 3 मामलों में 4 आरोपियों को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गुहला थाने के अन्तर्गत आने वाली चौकी रामथली पुलिस के एएसआई भान सिंह की टीम द्वारा गुप्त सूचना मिलने उपरांत सागरा रोड़ गांव खरका पर नाकाबंदी की गई। जहां सागरा पंजाब साइड से बाइक पर आए दो युवकों को रुकवाया गया। जिनकी पहचान गांव नंदगढ निवासी आशु तथा डेरा भाग सिंह गुहला निवासी सागर के रुप में हुई। जांच दौरान आरोपियों के कब्जे में एक प्लास्टिक कैनी से 10 बोतल हथकढी शराब बरामद हुई। एक अन्य मामले में पुलिस के एचसी जरनैल सिंह व एएसआई रामबिलास की टीम द्वारा कक्हेड़ी रोड़ कांगथली पर नाकाबंदी दौरान पैदल अपने कंधे पर प्लास्टिक कैनी लिए आ रहे संदिग्ध रेडा राय सिख कांगथली निवासी जरनैल को काबू किया गया।

## फार्मेसी संस्थान में पर्यावरणीय स्थिरता पर जागरूकता सत्र आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौर, (कुलदीप सैनी) :** ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ फामेर्सी में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ द्वारा पर्यावरणीय स्थिरता एवं औद्योगिक अपशिष्ट प्रबंधन विषय पर एक ज्ञानवर्धक सत्र आयोजित किया गया। इसमें विद्यार्थियों व संकाय सदस्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता चितकारा विश्वविद्यालय, हिमाचल प्रदेश के एसोसिएट प्रोफेसर डा. अरुण लाल श्रीवास्तव ने औद्योगिक क्षेत्र से उत्पन्न पर्यावरणीय चुनौतियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में प्रतिदिन करीब 21 मिलियन लीटर औद्योगिक अपशिष्ट जल उत्पन्न होता है, जिससे प्रभावी प्रबंधन की आवश्यकता बढ़ जाती है। उन्होंने कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट्स की भूमिका के साथ-साथ केले के छिलके व गेहूं के भूसे जैसे प्राकृतिक बायोएडसोर्बेंट्स के उपयोग को भी प्रभावी बताया। सहायक प्राध्यापिका तवलीन कौर ने विद्यार्थियों को स्वच्छता और कचरा प्रबंधन की आदतें अपनाने के लिए प्रेरित किया। अंत में प्राचार्य डा. अश्वनी कुमार ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज की जरूरत ही नहीं, बल्कि हमारी जिम्मेदारी भी है।

## न्यूज फ्लैश

### भजन पार्टी ने लोक गीतों के माध्यम से दी सरकारी योजनाओं की जानकारी

**भिवानी:** सूचना जनसम्पर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक केएम पांडुरंग के दिशा निर्देशानुसार गावों में विशेष प्रचार अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में स्थानीय विद्यानगर कॉलोनी के अलावा गांव पूर्णपुरा, नांगल, अजीतपुरा, मानहेरू में विभाग के भजन पार्टी लीडर दलबीर सिंह, सदस्य राजेश कुमार, फूल सिंह, सुन्दर एवं नरेश ने लोक गीतों के माध्यम से महिलाओं के उत्थान के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जिला सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी सुरेन्द्र सिंगल ने बताया हरियाणा सरकार द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाएं अब धरातल पर प्रभाव दिखाने लगी हैं। सरकार का उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक, सामाजिक व शैक्षणिक रूप से मजबूत बनाना है। उन्होंने बताया कि लाडो लक्ष्मी योजना के तहत महिलाओं को हर महीने आर्थिक सहायता दी जा रही है। मुख्यमंत्री सामाजिक समरसता अंतरजातीय विवाह शगुन योजना, महिला श्रमिक योजना, गर्भवती महिला सहायता राशि, महिला हेल्पलाइन 181, वन स्टाप सेंटर, महिला समृद्धि योजना, महिला अधिकारिता योजना तथा महिला किसान योजना के तहत खेती/व्यवसाय के लिए ऋण एवं सब्सिडी देने का प्रावधान है। डीआईपीआरओ श्री सिंगल ने बताया कि भजन पार्टी द्वारा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, निर्माण श्रमिक की बेटी के लिए स्कूटी योजना, एसिड अटैक पीड़ित महिलाओं को पुनर्वास व आर्थिक सहायता आदि विभिन्न योजनाओं को लेकर लोक गीतों के माध्यम से आमजन को जागरूक किया जा रहा है।

### तोशाम अनाज मंडी और पटौदी खरीद केंद्र पर उठान कार्य में तेजी लाए अधिकारी -: एसडीएम संदीप कुमार



**तोशाम, वंदना शर्मा**
**तोशाम, 24 अप्रैल।** एसडीएम संदीप कुमार ने शुक्रवार स्थानीय अनाज मण्डी में व्यवस्थाओं की जांच की। एसडीएम ने उठान संबंधी तमाम व्यवस्थाओं की जानकारी लेकर आढ़तियों से बातचीत करके अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि किसानों के साथ किसी भी प्रकार कोताही बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने किसानों और आढ़तियों के साथ बातचीत करके सम्बंधित अधिकारियों को उठान कार्य में समाधान के सम्बन्ध में निर्देश दिए हैं कि मंडी में फसलो की बिक्री के दौरान किसानों और आढ़तियों कोई समस्या आड़े नहीं आने दी जाए। उन्होंने मंडी में पानी, बिजली, सफाई , सीवरेज सहित तमाम व्यवस्थाओं की जांच भी की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बैंकों से तालमेल करके किसानों की फसलों की अदायगी संबंधी पुख्ता इंतजाम होने चाहिएं। उन्होंने आढ़तियों से कहा कि किसानों की फसलों की मंडी में फसलों की खरीद और अदायगी सुचारू रूप से चलनी चाहिएं। एसडीएम ने कहा कि खरीद कार्य के साथ-साथ उठान का कार्य भी सुचारू रूप से चले। कृषि विपणन बोर्ड की सेक्रेटरी सुदेश श्योरान ने बताया कि शुक्रवार को दोपहर तक तोशाम मंडी में और पटोदी खरीद केंद्र पर 174834 .16 किवंटल गेहूं आया है,जबकि 149790 किवंटल गेहूं की सरकार द्वारा खरीद की गई है और 89866 किवंटल गेहूं का उठाया गया है। वहीं 36665 .5 किवंटल सरसों आई है,जबकि 27235 किवंटल सरसों की सरकार द्वारा खरीद की गई है और 9251 किवंटल सरसों का उठान किया गया है। उन्होंने किसानों के लिए जरुरी सूचना की पूरी जानकारी देते हुए किसानों से आह्वान किया कि वे विभाग की वेबसाईट पर ऑन लॉइन प्लेट फार्म प्रणाली अपडेट रखें।

# नीट-यूजी की लिखित परीक्षा नकलरहित व पारदर्शी तरीके से होगीः डीसी

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बालाः** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बताया कि 3 मई को नेशनल एलिजिबिल्टि कम एंट्रस टैस्ट (नीट-यूजी) की लिखित परीक्षा नकलरहित व पारदर्शी तरीके से आयोजित करवाई जाएगी और इस परीक्षा के लिए सात सैंटर बनाए गए हैं जिसमें लगभग 3114 परीक्षार्थी परीक्षा देने के लिए पहुंचेगे। परीक्षा के दृष्टिगत सभी सम्बन्धित सैंटरों पर सुरक्षा की दृष्टि से तथा अन्य सभी व्यवस्थाएं बेहतर होनी चाहिए। उपायुक्त आज अपने कार्यालय में नीट परीक्षा के दृष्टिगत की जाने वाली तैयारियों बारे समीक्षा कर रहे थे।

## 8 किलोग्राम गांजा पत्ती के साथ जीजा-साला को किया काबू

**नितिन सिंगला जगाधरी**
**पुलिस** प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल के मार्गदर्शन में कार्य करते हुए जिला की एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम ने नशा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 8 किलोग्राम गांजा पत्ती के साथ जीजा-साला को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें अदालत में पेश किया, जहां से उन्हें रिमांड पर लिया गया है। इंचार्ज अनिल कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि गाँव महमूदपुर स्थित एक प्लाईवुड फैक्ट्री के बाहर कुछ लोग नशीले पदार्थ की सप्लाई करने की फिराक में हैं। इस सूचना पर एएसआई राजिंदर, अमित, कर्मवीर और पंकज की टीम का गठन किया गया था। टीम ने मौके पर दबिश दी और एक आरोपी को काबू कर लिया। कार्रवाई के दौरान ड्यूटी मजिस्ट्रेट को मौके पर बुलाया गया, जिनकी मौजूदगी में तलाशी लेने पर आरोपी के पास से 8 किलोग्राम गांजा पत्ती बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी की पहचान बिहार के जिला वैशाली के गांव राघोपुर निवासी विजय पुत्र राजिंदर राय के रूप में हुई। आगे की जांच में उसके जीजा इंद्रजीत पुत्र बालेश्वर निवासी गांव माइल, जिला वैशाली (बिहार) का नाम सामने आया, जिसे टीम ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें अदालत में पेश किया, जहां से उन्हें रिमांड पर लिया गया है।इंचार्ज अनिल कुमार ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में यह सामने आया है कि दोनों आरोपी आसपास के क्षेत्रों में नशीले पदार्थ की सप्लाई करते थे। फिलहाल पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि वे यह गांजा कहां से लेकर आते थे और उनके नेटवर्क में और कौन-कौन लोग शामिल हैं।






# लाठी धनौरा व बड़ौंदा गांव में नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा 163 लोगों को उपलब्ध कराई स्वास्थ्य सुविधाएं

**टीम एक्शन इंडिा**
**लाडवा, (विजय कौशिक) :** नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट लगातार गांव-गांव पहुंचकर लोगों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करा रही है। इसी क्रम में लाडवा विधानसभा क्षेत्र के लाठी धनोरा और बडौंदा गांवों में आयोजित स्वास्थ्य शिविरों में लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविरों के दौरान चिकित्सक टीम ने 154 मरीजों की सामान्य स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक परामर्श दिया। रक्तचाप, मधुमेह सहित विभिन्न बीमारियों की जांच की गई तथा जरूरतमंद



मरीजों को मौके पर ही निःशुल्क दवाइयां वितरित की गईं। इसके साथ ही नौ लोगों को रक्त परीक्षण की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। इस संबंध में जानकारी देते हुए सांसद कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल के मार्गदर्शन में चलाई जा रही मोबाइल मेडिकल युनिट द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। सांसद नवीन जिन्दल के स्वस्थ कुरुक्षेत्र अभियान के तहत यह पहल केवल उपचार तक सीमित नहीं है, बल्कि ग्रामीणों को संतुलित आहार, स्वच्छता और नियमित व्यायाम के प्रति भी जागरूक किया जा रहा है।

# कर्मण्येवाधिकारस्ते... के संदेश के साथ चार दिवसीय बाल संस्कार शिविर का भव्य समापन

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा (संजय नरवाल)**
उत्तरांचल प्रभारी गीता परिवार मीनाक्षी गुप्ता की देखरेख में चल रहे गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल नांगल खेड़ी पानीपत में चार दिवसीय बाल संस्कार शिविर का आज अत्यंत गरिमामय एवं प्रेरणादायक वातावरण में सफलतापूर्वक समापन हुआ।
शिविर का उद्देश्य बच्चों में नैतिक मूल्यों, भारतीय संस्कृति, अनुशासन एवं आध्यात्मिक चेतना का विकास करना रहा, जिसमें बच्चों ने पूरे उत्साह एवं समर्पण के साथ भाग लिया।
शिविर के दौरान बच्चों को योग, ध्यान, प्रार्थना, देशभक्ति गीत, नैतिक कहानियाँ एवं विविध रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से संस्कारों का महत्व समझाया गया। विशेष रूप से श्रीमद्भगवद्गीता के प्रसिद्ध श्लोक – कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन – के माध्यम से बच्चों को यह प्रेरणा दी गई कि वे अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करें और परिणाम की चिंता किए बिना सदैव सकारात्मक मार्ग पर अग्रसर रहें। स्वामी गोविंद देव गिरी जी महाराज द्वारा प्रदत्त पावन सूत्र-गीता पढ़ें ,पढ़ाए और जीवन में लाएं-को प्रत्येक व्यक्ति का जीवन का अंग बनाना है, इसी उद्देश्य के साथ इस शिविर का शुभारंभ किया गया था।गीता परिवार का मुख्य उद्देश्य



गीता के सार्वभौमिक संदेशों को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुँचाना तथा विशेष रूप से बाल पीढ़ी में संस्कार, अनुशासन एवं जीवन मूल्यों का संचार करना है। गीता परिवार का मानना है कि गीता केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला सिखाने वाला एक उत्कृष्ट मार्गदर्शक है, जो व्यक्ति को कठिन परिस्थितियों में भी धैर्य, साहस और सही निर्णय लेने की प्रेरणा देता है। भारतीय पद्धति के अनुसार जन्मदिवस कैसे मनाना चाहिए, यह विस्तृत रूप से बताया गया। स्वामी विवेकानंद की जीवनी से संबंधित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता रखी गई, जिसमें बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।समापन समारोह में विद्यालय की प्राचार्या ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि आज के आधुनिक युग में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए नैतिक एवं आध्यात्मिक शिक्षा का समावेश अत्यंत आवश्यक है। गीता के सिद्धांत बच्चों के चरित्र निर्माण में अमूल्य भूमिका निभाते हैं। उन्होंने इस सफल आयोजन के लिए गीता परिवार की सराहना की।
कार्यक्रम के अंत में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्राचार्या व शिक्षकों को भी मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। बच्चों एवं अभिभावकों ने शिविर को अत्यंत उपयोगी, प्रेरणादायक एवं जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने वाला बताया।शिविर के सफल आयोजन में विद्यालय प्रशासन, गीता परिवार के सदस्यों एवं शिक्षकों का विशेष योगदान रहा। अंत में सभी ने यह संकल्प लिया कि भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजनों के माध्यम से बच्चों में संस्कार, अनुशासन एवं नैतिक मूल्यों का निरंतर विकास किया जाएगा।
इस प्रकार यह बाल संस्कार शिविर बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण की दिशा में एक सशक्त, प्रभावशाली एवं प्रेरणादायक पहल के रूप में संपन्न हुआ। इस अवसर पर गीता सेवी डॉ राजेश भारद्वाज, ममता वर्मा, सोनू, मुकेश देशवाल व आशा आदि मौजूद रहें।

## न्यूज फ्लैश

### इसराना अनाज मंडी की अटल किसान मजदूर कैंटीन की छत से गिरी पीओपी



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, 24 अप्रैल।** इसराना की नई अनाज मंडी में मार्केट कमेटी कार्यालय परिसर में बनी अटल किसान मजदूर कैंटीन का उदघाटन पंचायत एवं विकास मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने करीब 7 माह पहले 28 सितंबर 2025 को किया गया था। लेकिन कैंटीन के डाईनिंग हाल की छत से पीओपी गिरनी शुरू हो गई है। करीब 7 माह पहले नई बनी अटल कैंटीन की छत से पीओपी गिरने पर आढतियों व किसानों ने रोष जताया है और उनका कहना है कि जल्द ही इसको ठीक करवाया जाये। मंडी के मजदूरों के अनुसार वे कैंटीन के डाईनिंग हाल में बैठकर खाना खा रहे थे तो अचानक से छत से पीओपी गिर गई। इस बारे में मार्केटिंग बोर्ड के एसडीओ खिलाडी त्यागी और जेई प्रदीप ने बताया कि कैंटीन की छत से थोडी सी पीओपी गिरी है और उसको आज ही ठीक करवाया दिया जाएगा

### करनाल में गरजे यूपी के मंत्री नरेंद्र कश्यप, बोले– महिला आरक्षण का विरोध कर कांग्रेस ने किया पाप



**इंद्री, 24 अप्रैल (मैनपाल कश्यप ) उत्तर प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण** एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने करनाल दौरे के दौरान कांग्रेस और उसकी सहयोगी पार्टियों पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण बिल का विरोध कर कांग्रेस ने देश की महिलाओं के साथ अन्याय किया है, जिसे जनता कभी नहीं भूलेगी। शुक्रवार को करनाल में वरिष्ठ अधिवक्ता जयपाल कश्यप के आवास पर आयोजित एक सामाजिक कार्यक्रम में पहुंचे मंत्री नरेंद्र कश्यप का कश्यप समाज के लोगों ने पगड़ी और शॉल पहनाकर भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर समाज के अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे और विभिन्न सामाजिक विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। पत्रकारों से बातचीत में नरेंद्र कश्यप ने कहा कि महिला आरक्षण बिल लागू होने से देश की महिलाओं को 33 प्रतिशत राजनीतिक भागीदारी मिलती, जिससे लोकतंत्र और मजबूत होता। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए संकल्पित हैं, लेकिन कांग्रेस ने हमेशा महिला हितों की राह में बाधा डालने का काम किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपने लंबे शासनकाल में डॉ. भीमराव अंबेडकर को वह सम्मान नहीं दिया, जिसके वे हकदार थे, जबकि भाजपा सरकार ने अंबेडकर से जुड़े पांचों प्रमुख स्थलों को राष्ट्रीय पहचान दिलाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग के उत्थान के लिए लगातार नई योजनाएं लागू कर रही है। नरेंद्र कश्यप ने बताया कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय से जुड़े मुद्दों पर चंडीगढ़ में तीन दिवसीय राष्ट्रीय मंथन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिसमें देशभर के मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी भाग लेंगे। हरियाणा सरकार की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश तेजी से विकास कर रहा है और समाज के हर वर्ग को साथ लेकर आगे बढ़ने का कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर उनके साथ हरियाणा राज्य कर्मचारी आयोग के वाइस चेयरमैन आजाद सिंह,अधिवक्ता जय पाल कश्यप ,रामेश्वर दयाल कल्याण, पूर्व सरपंच रणबीर कश्यप ,जगदीश कश्यप ,पूर्व सरपंच शामलाल कश्यप ,रामचंद्र कश्यप ,राजबीर पंजोखरा ,अधिवक्ता नवीन कश्यप ,अनूप भारद्वाज कश्यप,प्रमजीत जीत कश्यप ,चांदराम कश्यप ,आर डी कल्याण ,प्रेम कश्यप अधिवक्ता ,राजपाल कश्यप अधिवक्ता सहित बड़ी संख्या में समाज के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाना जरूरी



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, 24 अप्रैल।** दिल्ली द्वारका के मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल ने पानीपत में एसएन अस्पताल में अपनी विशेष बोन मैरो ट्रांसप्लांट (बीएमटी) और मेडिकल ऑन्कोलॉजी ओपीडी सेवाओं की शुरूआत की।

**सावधानी बरतें**

**एसएन अस्पताल में विशेष बोन मैरो ट्रांसप्लांट (बीएमटी) और मेडिकल ऑन्कोलॉजी ओपीडी सेवाओं की शुरूआत की**

इस ओपीडी सेवा का शुभारंभ मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल द्वारका के बीएमटी एवं हेमेटो ऑन्कोलॉजी विभाग की सीनियर कंसल्टेंट डॉ. प्रतिभा धीमान और मेडिकल ऑन्कोलॉजी विभाग की सीनियर कंसल्टेंट डॉ. शाइना गोयल की उपस्थिति में किया गया। डॉ. प्रतिभा धीमान हर महीने के चौथे शुक्रवार को उपलब्ध रहेंगी, जबकि डॉ. शाइना गोयल हर महीने के चौथे मंगलवार को एसएन अस्पताल पानीपत में प्राथमिक परामर्श और फॉलो-अप के लिए उपलब्ध रहेंगी। इस मौके पर पत्रकार वार्ता में डॉ. प्रतिभा धीमान ने बताया कि ल्यूकेमिया, लिंफोमा और मायलोमा जैसे ब्लड कैंसर के मामलों में समय पर पहचान जरूरी होती है, क्योंकि लगातार थकान, बिना कारण बुखार या ब्लड टेस्ट में असामान्यता जैसे लक्षण गंभीर बीमारी का संकेत हो सकते हैं।
बच्चों व युवाओं में कैंसर का समय पर और सही सेंटर पर इलाज होने से ठीक होने की संभावना अधिक रहती है। इम्यूनोथेरेपी, सीएआर टी सेल थेरेपी, बोन मैरो ट्रांसप्लांट और बेनाइन हेमेटोलॉजी जैसे क्षेत्रों में हुई प्रगति ने इलाज के परिणामों को काफी बेहतर बनाया है।
डॉ. शाइना गोयल, ने कहा कि कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाना और शुरूआती संकेतों को पहचानना बेहतर इलाज के लिए बेहद अहम है, क्योंकि समय पर निदान सफल उपचार का महत्वपूर्ण आधार है।

# भाजपा जिला कार्यकारिणी की बैठक संपन्न, संगठन की मजबूती पर हुई विस्तृत चर्चा

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, 24 अप्रैल (बिजेंद्र सिंह)।** भाजपा जिला कार्यालय श्याम कमल में शुक्रवार को जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष दुष्यन्त भट्ट ने की। असंध विधायक योगेन्द्र राणा और शहरी विद्यायक प्रमोद विज मुख्य वक्ता रहे। जिला महामंत्री सुनील कंसल ने सभी का स्वागत किया और सुमित जागलान ने आभार जताया। पानीपत जिला परिषद की चेयरपर्सन ज्योति शर्मा, भाजपा नेता डॉ राजबीर आर्य, करनाल लोकसभा प्रभारी शशि दुरेजा, जिला उपाध्यक्ष नवीन भाटिया, संजय अग्रवाल व वीरेंद्र तनेजा विशेष वक्ता के रूप में मौजूद रहे। चेयरपर्सन ज्योति शर्मा ने सभी को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस की शुभकामनाएं दी।



विधायक योगेन्द्र राणा ने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। भाजपा के लगभग 18 करोड़ कार्यकर्ता अंत्योदय की भावना से चौबीसों घंटे जनता की सेवा में तत्पर रहते है। उन्हें गर्व है कि उनका संगठन देश भक्ति,राष्ट्रवाद और विकसित भारत के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। सभी कार्यकर्ता अंत्योदय की भावना से केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक नागरिकों को दिलवाने का प्रयास करे।
विधायक प्रमोद विज ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता पूरी तरह अनुशासित रहकर देश को वर्ष 2047 से पूर्व एक शिक्षित ओर विकसित राष्ट्र बनाने के लिए कार्य कर रहे है।
शशी दुरेजा ने कहा कि बढ़ती जनसंख्या ओर बढ़ती बेरोजगारी वर्तमान युग की सबसे बड़ी समस्या बन गई है। जिला अध्यक्ष दुष्यन्त भट्ट ने कहा कि यदि देश को विश्व गुरु और विकसित राष्ट्र बनाना है तो जाति, भाषा और क्षेत्रवाद की भावना से ऊपर उठकर विश्व शांति के लिए समर्पित भाव से कार्य करना होगा।

**चर्चा**

**शशी दुरेजा ने कहा कि बढ़ती जनसंख्या ओर बढ़ती बेरोजगारी वर्तमान युग की सबसे बड़ी समस्या बन गई**

बैठक में राजेश भारद्वाज, डॉ हेमा रमन, अनीता चावला, अमित पंडित, नेहा शर्मा, देव मलिक राजाखेडी, राजेंद्र हल्दाना, आशु नंदा, भावना जैन, नरेश बेनीवाल, मीडिया प्रभारी ओमदत आर्य, तरुण पसरीजा, मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी आदि मौजूद रहे ।

## सीए के घर और कार्यालय पर एक साथ छापेमारी

**रेवाड़ी।** रेवाड़ी शहर में शुक्रवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब आयकर विभाग की टीम ने भाडावास गेट के समीप स्थित एक चार्टेड अकाउंटेंट (सीए) के घर और कार्यालय पर एक साथ छापेमारी की। विभाग की टीम भारी पुलिसबल के साथ मौके पर पहुंची और तुरंत कार्रवाई शुरू करते हुए पूरे परिसर को अपने कब्जे में ले लिया। गुरुग्राम से आई आयकर विभाग की टीम ने शहर के पॉश इलाके में स्थित सीए के निवास और उसके कार्यालय को एक साथ कवर किया।

## गीता इंस्टिट्यूट ऑफ लॉ में हुआ विदाई समारोह का आयोजन

**समालखा (संजय नरवाल)**
करहंस स्थित गीता इंस्टिट्यूट ऑफ लॉ में बीबीए.एलएल.बी.,बीए.एलएल.बी. और एल.एल.बी.अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया । इस अवसर पर गीता यूनिवर्सिटी के प्रो चांसलर एस. पी बंसल और प्रो चांसलर निशांत बंसल ने बतौर मुख्य अतिथि सिरकत की।
समारोह में तिलक लगा कर मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया और इस मौके पर जूनियर छात्रों ने सीनियर छात्रों को तिलक लगा स्वागत करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। उसके बाद मुख्य अतिथि द्वारा सरस्वती प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया । कॉलेज के प्राच्य डी. सुभाष कुमार ने सबका स्वागत किया और फाइनल इयर के स्टूडेंट्स को अपनी



शुभकामनाएं दी । एस. पी बंसल ने कहा की विदाई समारोह केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह उन यादगार पलों का उत्सव है जो विद्यार्थियों ने अपने शिक्षण काल के दौरान अर्जित किए हैं। कॉलेज के विद्यार्थियों ने न केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता हासिल की है, बल्कि नैतिक मूल्यों, अनुशासन और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को भी आत्मसात किया है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि वे गीता परिवार का नाम सदैव गर्व के साथ ऊँचा करेंगे।
निशांत बंसल के कहा की यह अवसर भावनाओं और नई संभावनाओं का संगम होता है। कॉलेज के विद्यार्थियों ने अपने अध्ययन काल में जो ज्ञान, कौशल और अनुभव अर्जित किए हैं, वे उनके भविष्य की मजबूत नींव हैं। आज के विद्यार्थी केवल डिग्री लेकर नहीं जा रहे, बल्कि वे एक जिम्मेदार नागरिक और सक्षम विधि-विशेषज्ञ के रूप में समाज में अपनी पहचान बनाने जा रहे हैं।

# विधायक योगेन्द्र राणा ने बनने वाले सामुदायिक भवन के निर्माण कार्य का किया शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** क्षेत्र के विकास कार्यों को गति देते हुए विधायक योगेंद्र राणा ने आज गांव बाल राजपूतान में लगभग 65 लाख रुपये की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया।
विधायक ने कहा कि इस भवन के निर्माण से गांव में शादी-ब्याह, सामाजिक और धार्मिक कार्यक्रमों के लिए एक शानदार जगह उपलब्ध होगी। इससे ग्रामीणों को अब खराब मौसम या जगह की कमी जैसी समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने विशेष रूप से जोर देते हुए कहा कि इस सुविधा से गरीब परिवारों को बड़ी



राहत मिलेगी, जो अब कम खर्च में अपनी बेटियों के विवाह जैसे महत्वपूर्ण कार्य सम्मानपूर्वक संपन्न कर सकेंगे। योगेंद्र राणा ने इन विकास कार्यों के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल का आभार जताते हुए कहा कि सरकार गांवों में शहरों जैसी सुविधाएं पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अधिकारियों को कार्य की गुणवत्ता और समय सीमा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। इस मौके पर गांव बाल के सरपंच सुरजीत सिंह असंध विधानसभा बीएलए-1, अमित राणा, किरण पाल, सुरेंद्र कश्यप पाढ़ा सहित गांव के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# एचसीएस की परीक्षा को लेकर हरियाणा लोक सेवा आयोग द्वारा हिदायतों का करें पालनः आनन्द शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, 24 अप्रैल।** हरियाणा लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित होने वाली एचसीएस परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है। एचपीएससी के सदस्य आनन्द शर्मा ने शुक्रवार को जिला सचिवालय में आयोजित बैठक में कहा कि सभी अधिकारी परीक्षा के निष्पक्ष और शांतिपूर्ण संचालन के लिए आयोग द्वारा जारी हिदायतों का पालन करें। यह परीक्षा 26 अप्रैल (रविवार) को दो सत्रों में आयोजित होगी। सुबह का सत्र 10 से 12 बजे तक और शाम का सत्र 3 बजे से 5 बजे तक रहेगा। अभ्यर्थियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि निर्धारित समय से पहले ही परीक्षा केंद्र पर पहुंचना अनिवार्य होगा, क्योंकि लेट एंट्री प्रतिबंधित रहेगी। जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों को पेपर



डिस्ट्रिब्यूटर-कम-स्टेशन ऑफिसर नियुक्त किया है, जो परीक्षा केंद्रों तक प्रश्न पत्रों की डिलीवरी करेंगे। इन अधिकारियों को परीक्षा से पहले ट्रेजरी (मालखाना, पुलिस लाइन) से सीलबंद प्रश्न पत्र लेकर तय समय से कम से कम 30 मिनट पहले केंद्रों तक पहुंचाना होगा। कानून-व्यवस्था को लेकर डयूटी मजिस्ट्रेट लगाये गए हैं। परीक्षा केंद्र में किसी भी व्यक्ति को मोबाइल, ब्लूटूथ या अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ले जाने की अनुमति नहीं होगी। ट्रेजरी में प्रश्न पत्रों को 26 अप्रैल तक डबल लॉक में सुरक्षित रखा जाएगा। निगम के अतिरिक्त आयुक्त विवेक चौधरी ने कहा कि सभी अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन ईमानदारी से करें। एसडीएम मनदीप कुमार ने कहा कि सभी केन्द्र सीसीटीवी कैमरे से लैस होंगे। इस मौके पर एसडीएम इसराना एवं शुगर मिल के एमडी नवदीप सिंह नैन, डीएसपी सतीश वत्स, जिला शिक्षा अधिकारी राकेश बूरा आदि मौजूद रहे।

# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
फोन : 73476708
वर्क वीजा कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम।
रूद्राश 9815119633, 9855577523
कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
फोन : 7087033731

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

**मैं रामानंद पुत्र हनुमान प्रसाद निवासी नांगल चौधरी, तहसील नांगल चौधरी जिला महेंद्रगढ़ हल्फ से ब्यान करता हूँ कि मेरा पुत्र संजय मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है। वह अपनी मनमानी करता है। मैं संजय को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं व संबंध विच्छेद करता हूं।आज के बाद अगर कोई भी संजय से लेन देन करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा।मेरी व मेरे परिवार के किसी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।**

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## बेदखली सूचना

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# तहसील कार्यालय की लापरवाही: खाली कमरों में चलते एसी-पंखे, बढ़ती बिजली खपत के बीच उठे बड़े सवाल

**अनदेखी**

**अधिकारियों की अनदेखी से संसाधनों की बबार्दी, एसडीएम ने जांच और कार्रवाई के दिए संकेत**




**टीम एक्शन इंडिया**
**नरवाना, 24 अप्रैल राहुल**
शहर में बढ़ती गर्मी के बीच जहां बिजली की खपत लगातार बढ़ रही है, वहीं अब सवाल सीधे बिजली विभाग पर नहीं बल्कि तहसील कार्यालय की कार्यप्रणाली पर खड़े हो गए हैं। हाल ही में सामने आए घटनाक्रम ने सरकारी कार्यालयों में संसाधनों के उपयोग और जवाबदेही को कटघरे में खड़ा कर दिया है। तहसील कार्यालय में जब हमारे सवान्दाता पहुचे तो उस दौरान जो स्थिति देखने को मिली, उसने पूरे सिस्टम की कार्यशैली पर गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए। तहसीलदार के कक्ष में कोई भी अधिकारी या कर्मचारी मौजूद नहीं था, इसके बावजूद एयर कंडीशनर पूरी क्षमता से चलता मिला। कमरे में खाली कुर्सियां और मेजें थीं, लेकिन बिजली के उपकरण बिना किसी उपयोग के चल रहे थे। इसी प्रकार नायब तहसीलदार के कार्यालय में भी पंखे और ट्यूबलाइटें बेवजह चालू पाई गईं, जबकि कमरा पूरी तरह खाली था।
यह मामला केवल एक दिन या एक कमरे तक सीमित नहीं माना जा रहा, बल्कि इसे सरकारी लापरवाही की व्यापक तस्वीर के रूप में देखा जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब जिम्मेदार विभाग ही इस तरह संसाधनों की अनदेखी करेंगे, तो आम जनता से बिजली बचाने की अपेक्षा करना कैसे उचित है।
लापरवाही का दायरा यहीं तक सीमित नहीं रहा।
दिल्लीझपटियाला नेशनल हाईवे पर दिन के समय भी स्ट्रीट लाइटों का जलना प्रशासनिक निगरानी की कमी को दशार्ता है। दिन में जलती लाइटें न केवल बिजली की बबार्दी हैं, बल्कि यह व्यवस्था की उदासीनता का भी प्रतीक बन चुकी हैं। इस पूरे घटनाक्रम के बाद आम जनता में नाराजगी बढ़ती जा रही है। लोगों का कहना है कि सरकारी तंत्र में जवाबदेही की कमी के कारण ही इस तरह की घटनाएं बार-बार सामने आती हैं। उनका मानना है कि यदि समय रहते सख्त कदम नहीं उठाए गए, तो बिजली की बबार्दी और संसाधनों का दुरुपयोग इसी तरह जारी रहेगा।
इस मामले में क्या कहना है एसडीएम जगदीश चंद्र का
इस मामले में जब एसडीएम जगदीश चंद्र से बात की गई तो उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी अधिकारी या कर्मचारी को कार्यालय छोड़ते समय बिजली के उपकरण चालू नहीं छोड़ने चाहिए। उन्होंने इस पूरे प्रकरण की जांच करवाने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।वहीं, नायब तहसीलदार रणवीर सिंह से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया, जिससे स्थिति और भी सवालों के घेरे में आ गई है। अब बिजली विभाग से हटकर सीधे तहसील कार्यालय की कार्यप्रणाली और वहां के अधिकारियों की जिम्मेदारी पर केंद्रित हो गया है। आने वाले समय में यह देखना अहम होगा कि प्रशासन इस पर कितनी गंभीरता से कार्रवाई करता है या फिर यह मामला भी अन्य शिकायतों की तरह दबकर रह जाता है।
एसडीओ महेश ने कहा कि जब भी कोई व्यक्ति अपने घर या कार्यालय से बाहर निकले, तो सभी विद्युत उपकरण जैसे ट्यूबलाइट, पंखे और अन्य मशीनें तुरंत बंद कर देनी चाहिए, ताकि अनावश्यक बिजली की बबार्दी को रोका जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि कई बार लोग लापरवाहीवश उपकरण चालू छोड़ देते हैं, जिससे न केवल बिजली की खपत बढ़ती है बल्कि पूरे सिस्टम पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है।

# करनाल में 8 केंद्रों पर होगी नीट-यूजी परीक्षा

**निर्देश**

**2832 परीक्षार्थी देंगे एग्जाम, बायोमेट्रिक प्रक्रिया से होगी एंट्री, सीएम ने कांफ्रेंसिंग कर दिए निर्देश**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** नीट-यूजी परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। लघु सचिवालय के सभागार में उपायुक्त डॉ.आनंद कुमार शर्मा ने अधिकारियों और केंद्रीय विद्यालय की प्रधानाचार्य एवं जिला समन्वयक नीलम सिंह के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की। करनाल जिले में परीक्षा संपन्न कराने के लिए 8 केंद्र बनाए गए हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि परीक्षा को पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाना प्राथमिकता है और सभी अधिकारी पूरी जिम्मेदारी व ईमानदारी से अपनी ड्यूटी निभाएं।
बैठक से पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने चंडीगढ़ से वीसी के माध्यम से जिला उपायुक्तों, पुलिस अधीक्षकों और पुलिस आयुक्तों के साथ तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि परीक्षा में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न हो और इसे पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न करवाया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह देश की महत्वपूर्ण परीक्षाओं में से एक है, जिसमें देशभर से विद्यार्थी भाग लेते हैं। हरियाणा में सबसे अधिक परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं, जिससे प्रदेश की जिम्मेदारी और बढ़ गई है।
मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि परीक्षा केंद्रों पर बिजली, पानी और शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं पूरी तरह उपलब्ध हों। गर्मी को देखते हुए परीक्षार्थियों के साथ आने वाले अभिभावकों के लिए बैठने और स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। इसके अलावा परीक्षार्थियों के लिए स्थानीय स्तर पर परिवहन की सुविधा उपलब्ध करवाई जाए और जरूरत पड? पर डायल 112 के माध्यम से भी उन्हें परीक्षा केंद्र तक पहुंचाया जाए, ताकि कोई भी विद्यार्थी परीक्षा से वंचित न रहे। उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले के सभी 8 परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया जाए। परीक्षा पेपरों को सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में सुरक्षित स्थान पर रखा जाए और उन्हें लाने.ले जाने के दौरान पुलिसकर्मियों की मौजूदगी अनिवार्य हो। परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे चालू हालत में रहें और परीक्षार्थियों के प्रवेश व बायोमेट्रिक प्रक्रिया के दौरान वीडियोग्राफी करवाई जाए।

# विधायक जगमोहन आनंद विधानसभा क्षेत्र के विकास को तेज करने के लिए निरंतर प्रयासरत



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** करनाल विधानसभा क्षेत्र विधायक जगमोहन आनंद के प्रयास से विकास के पथ पर निरंतर आगे बढ़ रहा है। आए दिन विधायक द्वारा अपने क्षेत्र के विकास को लेकर शासन व प्रशासन के समक्ष नई-नई परियोजनाओं को अमलीजामा पहनाया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को विधायक जगमोहन आनंद व मेयर रेनू बाला गुप्ता ने संयुक्त रूप से शहर में विभिन्न विकास कार्यों का शुभारंभ किया और जनता को करीब 1 करोड़ 28 लाख 11 हजार रुपये के विकास कार्यों की सौगात दी।
विधायक जगमोहन आनंद व मेयर रेनू बाला गुप्ता का शहर के नागरिकों व विभाग के अधिकारियों द्वारा पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया और आभार जताया। विधायक जगमोहन आनंद व मेयर रेनू बाला गुप्ता ने इस दौरान 43.55 लाख रुपये की लागत से ग्रीन बेल्ट सेक्टर-13, 14 एवं 6 में चारदीवारी की मरम्मत, ग्रिल फेंसिंग, एमएस गेट एवं अन्य संबंधित कार्य, 41.91 लाख रुपये की लागत से सेक्टर-13 एवं 14 में वॉकिंग पाथ का नवीनीकरण, चेकरड टाइल्स एवं इंटरलॉकिंग पावर ब्लॉक्स का कार्य, 42.75 लाख रुपये की लागत से गार्डन बेंच, डस्टबिन, रेन शेल्टर एवं मल्टी प्ले स्टेशन की स्थापना (प्रक्रियाधीन) विकास कार्यों का शुभारंभ किया गया।
विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि यह कार्य मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व व केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के मार्गदर्शन में प्रारंभ हुआ है, जो करनाल के समग्र विकास को नई दिशा देने का कार्य करेगा। यह परियोजना न केवल शहर की सुंदरता को बढ़ाएगी, बल्कि नागरिकों को बेहतर और व्यवस्थित सुविधाएं भी प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि करनाल परिवारजनों की सेवा और शहर के निरंतर विकास के लिए हम सभी संकल्पित हैं।

## बाइक की टक्कर से युवक की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**
**करनाल।** जिले के लैंडोरा गांव में फैक्ट्री के पास हुए सडक हादसे में एक युवक की मौत हो गई। युवक अपनी बाइक पर घर लौट रहा था, तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को पहले करनाल के सिविल अस्पताल और फिर रोहतक पीजीआई रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात बाइक ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। गांव शाहपुर निवासी करनैल सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने ताऊ के बेटे हरपाल के साथ 22 अप्रैल की शाम करीब 8.30 बजे फैक्ट्री से घर लौट रहे थे। हरपाल अपनी प्लेटीना बाइक पर आगे चल रहा था और करनैल सिंह पीछे अपनी बाइक पर आ रहा था। जब वह लैंडोरा गांव की फैक्ट्री के पास पहुंचे

## कैंटर ने बाइक को मारी टक्कर, युवक की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**
**करनाल।** जिले में बड़ा गांव के पास जयरामपुर रोड पर हुए सडक हादसे में 18 वर्षीय युवक की मौत हो गई। युवक अपने पिता को लेने के लिए बाइक पर जा रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार कैंटर ने उसे टक्कर मार दी। हादसे के बाद घायल युवक को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।
गांव जोहड़माजरा कला निवासी बलवान ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह बाबा राम दास स्कूल कलवेहड़ी से छुट्टी के बाद घर जाने के लिए बड़ा गांव अड्डे पर खड़ा था। उसने अपने 18 वर्षीय बेटे कृष को कल फोन करके वहां बुलाया था। इसी दौरान स्कूल बस के ड्राइवर राजपाल ने उसे बताया कि जयरामपुर रोड पर एक युवक का एक्सीडेंट हो गया है और शक है कि वह उसका बेटा हो सकता है।
सूचना मिलने के बाद बलवान किसी से लिफ्ट लेकर मौके पर पहुंचा। वहां एक एंबुलेंस खड़ी थी, जिसमें एक युवक घायल हालत में था। पास जाकर देखने पर वह उसका बेटा कृष निकला। कृष अपने पड़ोसी महेंद्र पाल की बाइक पर सवार होकर पिता को लेने आ रहा था।शिकायत के अनुसार मौके पर खड़े टाटा कैंटर ने तेज रफ्तार और लापरवाही से बाइक को सीधी टक्कर मार दी। हादसे में कृष गंभीर रूप से घायल हो गया। पिता उसे तुरंत एंबुलेंस से सिविल अस्पताल करनाल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।
सूचना मिलने पर पुलिस टीम डेड हाउस करनाल पहुंची।

## न्यूज फ्लैश

### नरवाना में गोल्डी फ्रूट क्योरक स्वास्थ्य शिविर: प्राकृतिक जीवनशैली अपनाने का संदेश, दो दिवसीय प्रशिक्षण रहा आकर्षण



**नरवाना, 24 अप्रैल राहुल**
नरवाना में ब्रह्माकुमारीज संस्था द्वारा आयोजित पांच दिवसीय कगोल्डी फ्रूट क्योरक स्वास्थ्य शिविर इन दिनों क्षेत्र में चर्चा का केंद्र बना हुआ है। 22 अप्रैल से 26 अप्रैल तक चल रहे इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य, योग और प्राकृतिक चिकित्सा को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया जा रहा है।
इस शिविर के अंतर्गत पंजाब नैशनल बैंक कृषक प्रशिक्षण केंद्र, सच्चा खेड़ा द्वारा 22 और 23 अप्रैल को दो दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें प्रतिभागियों को फलों से विभिन्न प्रकार के पेय पदार्थ प्राकृतिक तरीकों से तैयार करना सिखाया गया। इस प्रशिक्षण ने पूरे शिविर के सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।
प्राकृतिक जीवनशैली अपनाने पर जोर कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आमजन को प्राकृतिक जीवनशैली अपनाने, शरीर को रोगमुक्त रखने तथा मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने के प्रति जागरूक करना रहा। विशेषज्ञों और ब्रह्मकुमारी बहनों ने प्रतिभागियों को फल आधारित आहार (फ्रूट क्योर) के लाभों के बारे में विस्तार से बताया।\
उन्होंने संतुलित एवं शुद्ध भोजन, योग, प्राणायाम और ध्यान (मेडिटेशन) के महत्व को समझाते हुए कहा कि वर्तमान भागदौड़ भरी जीवनशैली में असंतुलित खान-पान और तनाव के कारण अनेक बीमारियां जन्म ले रही हैं। ऐसे में प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति, विशेषकर फलाहार, स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो सकती है।
समाज के विभिन्न वर्गों की भागीदारी इस स्वास्थ्य शिविर में क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों, सामाजिक कार्यकताओं और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक नागरिकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। प्रतिभागियों ने कार्यक्रम को उपयोगी, प्रेरणादायक और जनहितकारी बताते हुए इसकी सराहना की।
आयोजकों ने जताया आभार कार्यक्रम के समापन की ओर बढ़ते हुए आयोजकों ने सभी प्रतिभागियों, सहयोगी संस्थाओं और विशेष रूप से प्रशिक्षण प्रदान करने वाली टीम का आभार व्यक्त किया। हितेश कालरा एवं उनकी टीम के योगदान को सराहते हुए उन्हें विशेष धन्यवाद दिया गया। इस प्रकार कगोल्डी फ्रूट क्योरक शिविर न केवल स्वास्थ्य जागरूकता का माध्यम बना, बल्कि लोगों को प्राकृतिक और संतुलित जीवनशैली की ओर प्रेरित करने में भी सफल साबित हो रहा है।

### नशे में धुत युवकों ने पुलिस टीम पर किया हमला

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**
**करनाल।** जिले में नशे में धुत पार्षद सहित 3 युवकों ने पुलिस टीम पर हमला कर दिया। घटना उस समय हुई जब ईआरवी-409 टीम गश्त कर रही थी। तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर गाड़ी ने पहले बाइक सवार को टक्कर मारी और उसके बाद पुलिस कर्मियों के साथ गाली-गलौच और हाथापाई की। आरोपियों ने वर्दी फाड? की कोशिश की और जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने मौके पर कार्रवाई करते हुए तीनों को काबू कर लिया और मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।
पुलिस जांच अधिकारी नरेंद्र के मुताबिक कल शाम को जसवंत अपनी टीम के साथ गोल मार्केट क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। उनके साथ एसपीओ नरेश कुमार और एसपीओ विरेंद्र पाल सिंह भी मौजूद थे। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार और लापरवाही से आती सफेद फॉर्च्यूनर ने जोरदार हॉर्न बजाते हुए ओवरटेक किया और सामने से आ रहे बाइक सवार को टक्कर मार दी।

# पंचायती राज को प्रभावी बना रही राज्य सरकार : डॉ. चौहान

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** पंचायती राज व्यवस्था लोकतंत्र की जड़ है, जो गांव स्तर पर लोगों को निर्णय लेने का अधिकार प्रदान करती है। यह बात हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान के निदेशक डॉक्टर वीरेंद्र सिंह चौहान ने की। वे आज राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर कलसी की ग्राम सभा को ऑनलाइन माध्यम से संबोधित कर रहे थे।डॉ चौहान ने ग्राम सभा को ग्रामीण विकास का सबसे सशक्त मंच बताते हुए कहा कि इसके माध्यम से पारदर्शिता, जवाबदेही और जनभागीदारी सुनिश्चित होती है।
उन्होंने आगे कहा कि ग्रामीणों को ग्राम सभा में बढ़-चढकर भाग लेना चाहिए, ताकि विकास योजनाएं उनकी जरूरतों के अनुरूप बन सकें और उनका प्रभावी क्रियान्वयन हो सके।
उन्होंने पंचायती राज दिवस के महत्व पर कहा कि यह दिवस हमें लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करने और स्थानीय स्वशासन को सशक्त बनाने की प्रेरणा देता है। इस दिन का उद्देश्य ग्राम स्तर पर लोगों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना है, ताकि वे विकास प्रक्रिया में सक्रिय भूमिका निभा सकें।
उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और पंचायती राज मंत्री कृष्ण लाल पावर के नेतृत्व में पंचायतों के अधिकारी क्षेत्र में विस्तार किया गया है और उनकी आर्थिक शक्तियां भी बढ़ाई गई है। उन्होंने कहा कि अपने क्षेत्र में सतत विकास लक्ष्य की प्राप्ति के लिए बढि?া काम करने वाली ग्राम पंचायतों को मुख्यमंत्री जागृत ग्राम पंचायत योजना के तहत सम्मानित करने की तैयारी पंचायत विभाग ने करली है।डॉ चौहान ने कहा कि पंचायती राज दिवस पर कलसी की ग्राम पंचायत हर जरूरतमंद निवासी को केंद्र और राज्य सरकार की हर उस योजना का लाभ दिलवाने का संकल्प ले जिसके वे हकदार है।

# फायरिंग केस का दूसरा आरोपी एनकाउंटर के बाद काबू

**गिरफ्तार**

**आज कोर्ट में पेश करेगी पुलिस, युवक को गोली मारकर हुए थे फरार**



**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**
**करनाल।** शहर के कर्ण विहार में उज्वल फायरिंग मामले में पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार हुए आरोपी गगन को पुलिस आज कोर्ट में पेश कर रिमांड पर ले सकती है। आरोपी को पुलिस ने मधुबन आवर्धन नहर के पास मुठभेड़ में गिरफ्तार किया था। वहीं इसी मामले में शामिल दूसरा आरोपी निसिंग पुलिस के हत्थे चढ़ चुका है और 3 दिन के रिमांड पर है। रिमांड पूरा होने के बाद पुलिस आरोपी को प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार करेगी।
पुलिस के अनुसार अब दोनों आरोपियों से पूछताछ के दौरान कई अहम खुलासे होने की उम्मीद है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि उज्वल पर फायरिंग क्यों की गई। क्या आरोपियों की उससे कोई पुरानी रंजिश थी या फिर उन्होंने किसी के कहने पर वारदात को अंजाम दिया। इसके अलावा हथियार कहां से आए और दोनों आरोपियों के बीच क्या संबंध है, इन सभी पहलुओं पर पुलिस गहनता से जांच करेगी।
गांव करसिंधू निवासी उज्वल उर्फ मोनू कर्ण विहार में अपने मामा महाबीर के पास रहकर शीशा लगाने का काम करता है। उसने पुलिस को बताया कि 19 अप्रैल की शाम वह अपनी स्कूटी पर हर्ष अस्पताल में अपनी बुआ से मिलने गया था।
अस्पताल के पास एक खोखे के पास 2 युवक बाइक पर आए और उसे घूरने लगे। जब वह वहां से निकला तो दोनों युवक उसका पीछा करते हुए सेक्टर-6 तक पहुंचे और कई बार उसे रुकने का इशारा किया। शाम करीब 7.30 से 8 बजे के बीच कर्ण विहार गोल्फ लिंक सोहना रोड पर आरोपियों ने उसकी स्कूटी के आगे बाइक लगाकर उसे रोक लिया।
एक आरोपी ने उज्वल से लाइटर मांगा। उज्वल ने कहा कि वह दुकान से लाकर दे देगा। इसके बाद एक युवक बाइक पर ही बैठा रहा, जबकि दूसरा उसे सुनसान जगह पर ले गया। वहां उसने मोबाइल में एक फोटो दिखाकर पूछा कि क्या यह वही है। उज्वल के हां कहते ही आरोपी ने पिस्टल निकालकर फायर कर दिया।
उज्वल ने हमलावर का हाथ पकड? की कोशिश की, लेकिन गोली उसकी टांग में लग गई। इसके बाद आरोपी ने लगातार 4 से 5 फायर किए, जिनमें कई गोलियां उसकी दाहिनी टांग में लगीं। शोर मचाने पर दोनों आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देते हुए बाइक पर फरार हो गए।घटना के बाद पुलिस लगातार आरोपियों की तलाश में जुटी हुई थी। इसी दौरान वीरवार को निसिंग पुलिस ने रावर गांव निवासी विशाल को गिरफ्तार किया।

# हर वर्ग की समस्याओं का होगा निदान, विकास की गति करेंगे तेज : रेणु बाला



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** महापौर रेणु बाला गुप्ता ने जिले में संगोहा मंडल अंतर्गत विभिन्न शक्ति केंद्रों पर आयोजित बैठकों के माध्यम से संगठनात्मक गतिविधियों को नई गति दी।
उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के विकास की दिशा में शासन प्रशासन पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। इससे प्रेरित होकर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं को भी जन संपर्क और जनसेवा में तेजी लाते हुए हर बूथ को मजबूत करने का संदेश चारों ओर पहुंचाना चाहिए। उन्होंने खेड़ी मानसिंह, बियाना एवं रन्दोली शक्ति केंद्रों पर आयोजित बैठकों में भाग लेते हुए कार्यकताओं में नए उत्साह का संचार किया।
खेड़ी मानसिंह शक्ति केंद्र में पहुंची महापौर रेणु बाला गुप्ता ने कार्यकताओं से क्षेत्र की स्थिति और अलग.अलग पहलुओं के बारे में विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र में घर-घर जाने और हर वर्ग के लोगों से नियमित रूप से संवाद करने की आवश्यकता पर बल दिया। क्षेत्र के बूथ नंबर 114, 115, 116 एवं 117 पर आयोजित बैठकों में उन्होंने संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनानेए बूथ स्तर पर सक्रियता बढ़ाने तथा आगामी कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संचालित करने को लेकर विस्तृत चर्चा की।
इसके अलावा इंद्री क्षेत्र के बियाना शक्ति केंद्र में बूथ नंबर 127, 128, 129 एवं 130 तथा रन्दोली शक्ति केंद्र में बूथ नंबर 132ए 133 एवं 134 पर आयोजित बैठकों में भी संगठनात्मक मजबूती, कार्यकताओं की सक्रिय भागीदारी और जनसंपर्क अभियानों को प्रभावी बनाने पर विशेष जोर दिया गया। सभी बैठकों में कार्यकताओं के सुझावों को गंभीरता से सुना गया और उन्हें संगठन के प्रति समर्पण, अनुशासन एवं सक्रियता के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया।
महापौर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि संगठन की असली ताकत बूथ स्तर का कार्यकर्ता होता है। जब हर बूथ मजबूत और सक्रिय होगा, तभी संगठन की नींव सुदृढ़ होगी और हम जन-जन तक अपनी विचारधारा को प्रभावी रूप से पहुंचा सकेंगे। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य केवल संगठनात्मक विस्तार ही नहीं, बल्कि जनसेवा के माध्यम से समाज के हर वर्ग तक विकास की रोशनी पहुंचाना है।
उन्होंने कहा कि नगर निगम द्वारा शहर और आसपास के क्षेत्रों में विकास कार्यों को निरंतर गति दी जा रही है, जिससे हर वर्ग को लाभ मिल रहा है। उन्होंने कार्यकताओं से आकान किया कि वे घर.घर जनसंपर्क बढ़ाकर लोगों की समस्याओं को समझें और उनके समाधान में सक्रिय भूमिका निभाएं, ताकि जनता का विश्वास और अधिक मजबूत हो सके। बैठकों के दौरान संगठन को और अधिक सशक्त बनाने, प्रत्येक बूथ को सक्रिय करने तथा आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने को लेकर ठोस रणनीति तैयार की गई। कार्यकताओं ने भी संगठन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताते हुए पूरी निष्ठा के साथ कार्य करने का संकल्प लिया।

# पश्चिमी यमुना नहर में मिला महिला का शव



**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**
**करनाल।**
पश्चिमी यमुना नहर में एक विवाहिता का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। महिला ने गले, कानों और हाथों में सोने की ज्वेलरी पहनी हुई थी। गोताखोर के अनुसार शव करीब 3 से 4 घंटे पुराना है। सूचना मिलते ही सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर मोच्युर्री हाउस भिजवा दिया। फिलहाल मृतका की पहचान नहीं हो पाई है और 72 घंटे तक पहचान का इंतजार किया जाएगा।
प्रत्यक्षदर्शी लाखन सिंह ने बताया कि सबसे पहले उसके भाई संदीप की नजर नहर में तैरती बॉडी पर पड़ी। इसके बाद उन्होंने तुरंत गोताखोर को कॉल किया। दोनों भाइयों ने मिलकर शव को किनारे पर लाकर रस्सी से बांध दिया, ताकि वह बह न जाए। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।
गोताखोर कर्ण ने बताया कि पुल पर काम कर रहे श्रमिकों ने उसे कॉल कर जानकारी दी थी कि एक महिला का शव नहर में बह रहा है। उसने श्रमिकों को पहले शव को रस्सी से बांधने के लिए कहा। इसके बाद मौके पर पहुंचकर उसने शव को बाहर निकाला और पुलिस को सूचित किया।
गोताखोर के अनुसार महिला ने बैंगनी रंग के कपड़े पहने हुए थे और गले, कानों व हाथों में ज्वेलरी थी। शव पर किसी प्रकार के चोट के निशान नहीं मिले हैं। महिला के बाएं हाथ पर तिल का निशान है, जिससे पहचान में मदद मिल सकती है।
सदर थाना प्रभारी तरसेम चंद ने बताया कि महिला की उम्र करीब 30 साल है और अभी तक उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है। शव को 72 घंटे के लिए मोच्युर्री हाउस में रखवाया गया है।

## संपादकीय

# कमजोर मानसून और आपदा प्रबंधन

**आगामी** मानसून को लेकर पहला पूवार्नुमान जारी करने के साथ मौसम विभाग ने आने वाले मानसून सत्र में सामान्य से कम बरसात के संकेत दिए हैं। हालांकि मानसून पूवार्नुमान अभी और जारी किये जाएंगे पर यह आरंभिक सूचना आने वाले समय के लिए गंभीर संकेत है। मौसम विभाग के पूवार्नुमान के अनुसार सामान्य से 8 फीसदी तक कम बरसात की संभावना जताई गई है। देश के कई हिस्सों में कम बरसात के संकेत हैं तो कुछ हिस्सों में सामान्य बरसात हो सकती है। माना जा रहा है कि अलनीनो इफेक्ट के चलते मानसून कमजोर रहेगा। यह सही है कि हमारे मौसम मंत्रालय द्वारा जारी पूवार्नुमान काफी हद तक आसपास रहने लगे हैं। यहां तक कि दो से तीन घंटों में बरसात होने या आंधी-तूफान या ओलावृष्टि तक के पूवार्नुमान खरे उतरने लगे हैं। ऐसे में मौसम विभाग के पूवार्नुमानों को गंभीरता से लेते हुए केन्द्र व राज्यों की सरकारों को अभी से पूर्व तैयारियां करने में जुट जाना चाहिए। खासतौर से आपदा प्रबंधन मंत्रालय को अभी से भावी रणनीति तय करनी होगी। देश में मानसून सीजन में 87 सेमी बरसात होती है जिसके अनुमानों के अनुसार 81 सेमी तक रहने की आशंका है। पूवार्नुमानों को मानें तो साल 2018 में 91 प्रतिशत बरसात हुई थी, उसके बाद के वर्षों में मानसून लगभग अच्छा ही रहा है। पिछले आठ वर्षों में मानसून की स्थिति देखें तो साल 2023 में मानसून अवश्य कमजोर रहा है अन्यथा देश में मानसूनी वर्षा 100 प्रतिशत के आसपास व इससे अधिक रही है। हमारे देश में मानसूनी बरसात पर निर्भरता अधिक है। जहां खेती में मानसूनी बरसात की निर्भरता बहुत अधिक है तो दूसरी ओर पेयजल को लेकर भी मानसून पर निर्भरता अधिक है। जलाशयों में पानी के भण्डारण और भूजल स्तर भी बरसाती पानी पर निर्भर है। हमारी खेती मुख्यतः मानसून पर निर्भर है। सिंचाई के लिए पानी की उपलब्धता में कमी के कारण मानसून पर खेती 55 से 64 प्रतिशत निर्भर है। पीने के पानी की समस्या भी कमजोर मानसून से प्रभावित होती है। हमारे यहां मानसून की अवधि जून से सितंबर तक रहती है। अब सवाल उठता है कि पिछले वर्षों में मानसून सामान्य से अच्छा रहने के बावजूद कमजोर मानसून की स्थिति से निपटने में हमारी तैयारी अच्छी नहीं मानी जा सकती। अत्यधिक भूजल दोहन और जल संचयन की दीर्घकालिक नीति के अभाव में ठोस परिणाम प्राप्त नहीं हो पाये हैं। ऐसा नहीं है कि नीति नहीं बनती हो या ऐसा भी नहीं है कि जल संचयन के प्रयास नहीं होते हों पर जो परिणाम देखने में आए हैं वह कोई आशाजनक नहीं माने जा सकते। पानी के विवेकपूर्ण उपयोग की बात हमारे यहां बेमानी है। प्राकृतिक जल स्त्रोतों के संरक्षण व संधारण में भी हम कुछ अधिक नहीं कर पाये हैं। इसके अलावा दुर्भाग्यजनक बात यह है कि तात्कालिक प्रयास होते हैं। शहरीकरण की आड़ में प्राकृतिक जल स्त्रोत या तो नष्ट हो गए हैं या उनमें बरसात के पानी जाने के रास्ते अवरुद्ध या बंद हो गए हैं। नदी नालों के रास्ते या तो बंद हो गए हैं या अवरुद्ध हो गए हैं।

**नई दिल्ली कार्यालय**
एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली- 110033

**उत्तरी दिल्ली कार्यालय**
शक्ति कॉम्पलैक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली- 110042

**चंडीगढ़ कार्यालय**
फर्स्ट फ्लोर, देश सेवक बिल्डिंग, सेक्टर- 29डी, चंडीगढ़

**पंजाब कार्यालय**
7/2, थर्ड फ्लोर, मोनिका, टावर, ईआर-146, पक्का बाग, मिलाप चौक, जालंधर

**करनाल कार्यालय**
224, सेक्टर 32पी, करनाल- 132001

**सोनीपत कार्यालय**
ऑफिस no. 11, ग्राउंड फ्लोर पवन मेगा मॉल सुभाष चौक सोनीपत

**शिमला कार्यालय**
किशोर भवन, जोधा निवास, डेजी बैंक एस्टेट, लोअर जाखू, शिमला- 171001

**ऊना कार्यालय**
कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना-174303

**देहरादून कार्यालय**
7/1, बल्लूपुर रोड़, कृष्णा नगर चौक, देहरादून

# सुरक्षित जीवन की दिशा में: मलेरिया मुक्त भविष्य का संकल्प



सुनील कुमार महला

> "वर्षा ऋतु में या वर्षा के बाद जब घरों, गलियों और आसपास के क्षेत्रों में पानी जमा हो जाता है, तब मच्छरों का प्रजनन तेजी से होता है और संक्रमण का प्रसार बढ़ जाता है। यही कारण है कि स्वच्छता और जलभराव रोकना मलेरिया नियंत्रण का अत्यंत महत्त्वपूर्ण उपाय माना जाता है। यह रोग मुख्य रूप से अफ्रीका, एशिया, अमेरिका तथा अन्य उष्णकटिबंधीय और उपोष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में अधिक पाया जाता है, क्योंकि वहाँ की जलवायु मच्छरों के पनपने के लिए अनुकूल होती है। मलेरिया गरीब क्षेत्रों में अधिक पाया जाता है, क्योंकि वहाँ स्वच्छता, स्वास्थ्य सेवाओं, दवाओं, सुरक्षित आवास और रोकथाम के संसाधनों की कमी होती है"

**प्रतिवर्ष** 25 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा विश्व मलेरिया दिवस मनाया जाता है। वास्तव में इस दिवस को मनाने के पीछे का मुख्य उद्देश्य मलेरिया जैसी जानलेवा, घातक और व्यापक संक्रामक बीमारी के प्रति आमजन में जागरूकता बढ़ाना, इसके रोकथाम के उपायों को प्रोत्साहित करना, समय पर जाँच एवं उपचार की व्यवस्था पर बल देना तथा वैश्विक स्तर पर इसके उन्मूलन के प्रयासों को गति देना है।

मलेरिया को आज भी एक सामान्य रोग समझ लिया जाता है, किंतु यह आज भी विश्व की सबसे गंभीर जनस्वास्थ्य समस्याओं में से एक है और हर वर्ष लाखों लोगों की मृत्यु का कारण बनता है। बहुत कम लोग जानते हैं कि यह वायरस से नहीं बल्कि प्लाज्मोडियम नामक परजीवी से फैलता है, जो संक्रमित मादा एनोफिलीज मच्छर के काटने से मनुष्य के शरीर में पहुँचता है।पाठक जानते होंगे कि हर मच्छर मलेरिया नहीं फैलाता।'मलेरिया' शब्द की यदि हम यहां पर बात करें तो यह शब्द इतालवी(इटली) भाषा के 'माला एरिया' से बना है, जिसका अर्थ 'खराब हवा' होता है, क्योंकि प्राचीन काल में लोग मानते थे कि यह बीमारी गंदी या दूषित हवा से फैलती है, जबकि बाद में विज्ञान ने सिद्ध किया कि इसका वास्तविक कारण मच्छर हैं।

पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि मलेरिया कोई नया नहीं बल्कि, यह एक अत्यंत प्राचीन रोग है, जिसका उल्लेख प्राचीन मिस्र, भारत तथा चीन के प्राचीन ग्रंथों में भी मिलता है। संक्रमित मच्छर के काटने पर प्लाज्मोडियम परजीवी रक्त में प्रवेश कर लाल रक्त कोशिकाओं में बहुगुणित होने लगता है, जिससे रक्तहीनता (एनीमिया), कमजोरी और अन्य जटिलताएँ उत्पन्न होती हैं। बहरहाल, इसके प्रमुख लक्षणों की यदि हम यहां पर बात करें तो इसके प्रमुख लक्षणों में क्रमशः तेज बुखार, ठंड लगना, कंपकंपी, सिरदर्द, मतली, उल्टी, अत्यधिक पसीना आना, चक्कर आना, साँस फूलना, तेज नाड़ी, थकान, कमजोरी तथा जुकाम जैसी अनुभूति शामिल हैं। गंभीर अवस्था में रोगी मूर्च्छा तक में जा सकता है और व्यक्ति की मृत्यु तक भी हो सकती है। कुछ लोगों में इसके लक्षण देर से प्रकट होते हैं, किंतु छोटे बच्चों, गर्भवती महिलाओं और कमजोर प्रतिरक्षा वाले व्यक्तियों में यह शीघ्र और अधिक घातक रूप ले सकता है। रोगी के ठीक होने के बाद भी यह रोग पुनः हो सकता है।

वर्षा ऋतु में या वर्षा के बाद जब घरों, गलियों और आसपास के क्षेत्रों में पानी जमा हो जाता है, तब मच्छरों का प्रजनन तेजी से होता है और संक्रमण का प्रसार बढ़ जाता है। यही कारण है कि स्वच्छता और जलभराव रोकना मलेरिया नियंत्रण का अत्यंत महत्त्वपूर्ण उपाय माना जाता है। यह रोग मुख्य रूप से अफ्रीका, एशिया, अमेरिका तथा अन्य उष्णकटिबंधीय और उपोष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में अधिक पाया जाता है, क्योंकि वहाँ की जलवायु मच्छरों के पनपने के लिए अनुकूल होती है। मलेरिया गरीब क्षेत्रों में अधिक पाया जाता है, क्योंकि वहाँ स्वच्छता, स्वास्थ्य सेवाओं, दवाओं, सुरक्षित आवास और रोकथाम के संसाधनों की कमी होती है। बहरहाल, यहां पाठकों को जानकारी देता चलूं कि वर्ष 2007 में विश्व स्वास्थ्य सभा के 60वें सत्र में इसे मनाने का निर्णय लिया गया था और पहला आधिकारिक विश्व मलेरिया दिवस 25 अप्रैल 2008 को मनाया गया था।हर साल इस दिवस की एक थीम रखी जाती है और वर्ष 2025 की थीम-'मलेरिया का अंत हमसे होगाः पुनर्निवेश करें, नए तरीके सोचें और प्रयासों को फिर से प्रज्वलित करें।' रखी गई थी ,जिसका मतलब है कि मलेरिया का अंत हमारे अपने प्रयासों से ही संभव है। सरल शब्दों में कहें तो मलेरिया नियंत्रण और अनुसंधान में फिर से अधिक संसाधन, धन और ध्यान लगाना होगा,इस पर नियंत्रण के लिए हमें नए सिरे से सोचना होगा। हमें पारंपरिक तरीकों के साथ-साथ नए, प्रभावी और आधुनिक उपाय अपनाने होंगे तथा मलेरिया उन्मूलन के वैश्विक प्रयासों में नई ऊर्जा और उत्साह पैदा करना होगा। वहीं इस वर्ष यानी कि वर्ष 2026 में इसकी थीम-'मलेरिया समाप्त करने के लिए प्रेरितः अब हम कर सकते हैं, अब हमें करना ही होगा।' रखी गई है। वास्तव में इसका सीधा सा संदेश यह है कि अवसर और साधन मौजूद हैं, इसलिए अब देरी नहीं, बल्कि निर्णायक कार्रवाई का समय है। हाल फिलहाल, यदि हम यहां पर आंकड़ों की बात करें तो वैश्विक स्तर पर मलेरिया के मामले लगभग 28.2 करोड़ तक पहुँच चुके हैं और लगभग 6.10 लाख लोगों की मृत्यु हुई है, जिनमें अधिकांश पाँच वर्ष से कम आयु के बच्चे हैं। पूर्व की विश्व मलेरिया रिपोर्टों में यह तथ्य भी सामने आया कि कुछ वर्षों में हर 50 सेकंड में एक व्यक्ति की मृत्यु मलेरिया के कारण हो रही थी। वर्ष 2020 में विश्व स्तर पर 6,27,000 लोगों की मृत्यु मलेरिया के कारण दर्ज की गई थी, जो पिछले वर्ष की तुलना में अधिक थी।इन सभी के बीच राहत की बात यह है कि दुनिया के 47 देश मलेरिया मुक्त घोषित किए जा चुके हैं और चीन को भी मलेरिया मुक्त देश का दर्जा प्राप्त हुआ है। वहीं पर, भारत की स्थिति पिछले वर्षों में उत्साहजनक रही है। देश ने एक दशक में मलेरिया मामलों में लगभग 80 प्रतिशत कमी दर्ज की है,यह काबिले-तारीफ है। यहां पाठकों को बताता चलूं कि भारत सरकार ने 2027 तक मलेरिया मुक्त भारत और 2030 तक पूर्ण उन्मूलन का लक्ष्य रखा है। अतीत में ओडिशा, झारखंड, छत्तीसगढ़ पश्चिम बंगाल और पंजाब जैसे राज्य मलेरिया से अधिक प्रभावित रहे, विशेषकर दूरस्थ ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि 19वीं सदी के अंत और 20वीं सदी की शुरूआत में भारत की लगभग एक चौथाई आबादी मलेरिया से प्रभावित बताई जाती है। 1935 के एक सर्वेक्षण के अनुसार भारत को मलेरिया के कारण प्रतिवर्ष भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता था। भारत सरकार ने 1953 में राष्ट्रीय मलेरिया नियंत्रण कार्यक्रम आरंभ किया, जो अत्यंत सफल रहा, और 1958 में राष्ट्रीय मलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। निरंतर सरकारी प्रयासों, चिकित्सा सेवाओं, दवाओं और जागरूकता अभियानों से रोगियों की संख्या में भारी कमी आई, किंतु अभी भी पूर्ण सफलता शेष है। मलेरिया से बचाव के लिए मच्छरदानी का उपयोग, घर के आसपास पानी जमा न होने देना, जल टंकियों को ढककर रखना, खड़े पानी को सुखाना या बहाना, पानी की सतह पर तेल डालना जिससे लार्वा साँस न ले सके, नियमित साफ-सफाई, पूरी बाँह के कपड़े पहनना, समय पर जाँच, डॉक्टर की सलाह से दवा लेना तथा कीटनाशकों का छिड़काव करना अत्यंत आवश्यक है। बहुत कम लोग ही यह बात जानते होंगे कि सेनाओं और सुरक्षा बलों में मलेरिया रोकथाम पर विशेष ध्यान दिया जाता है, क्योंकि उनकी तैनाती प्रायः जंगलों, सीमावर्ती क्षेत्रों और मच्छर-बहुल स्थानों पर होती है, इसलिए मच्छरदानी का उपयोग वहाँ अनिवार्य माना जाता है। मलेरिया का उपचार कुनैन तथा आर्टिमीसिनिन जैसी दवाओं से किया जाता है। कुनैन सिनकोना नामक वृक्ष से प्राप्त होती है।



# नकली दूध घी से कार्बाइड वाले फल तक हर जगह मिलावट

**पंकज शर्मा**

नकली दूध-घी की फैक्ट्री का पकड़ा जाना,फलों और सब्जियों में इंजेक्शन लगाना क्या हमारे विकसित होने की निशानी है? आप कहेंगे क्या पागल जैसे सवाल पूछ रहा है !सही कहा मैं तब वाकई पागल ही हो जाता हूं जब ऐसी खबरों को सुनता पढ़ता या देखता हूं। खाद्य पदार्थों में मिलावट करना कानूनन अपराध है मगर इन मिलावट खोरों की जानबूझ कर अनदेखी करना,उनसे इन संगीन जानलेवा अपराधों को पकड़े जाने पर रिश्वत लेकर छोड़ देना इस मिलावट के अपराध से भी बड़ा अपराध है।जो शासन प्रशासन में बैठे हमारे कथित भाग्य विधाता हैं ,वे अपनी जेबें, तिजोरियां भरने में लिप्त हैं। यदि हम इस पर यह तर्क सुनें कि जनसंख्या बढ़ने के कारण यह स्थिति निर्मित हुई है तो प्रथम तो यह कुतर्क ही माना जाएगा।यह नेताओं ,अधिकारियों का नैतिक दायित्व है कि वे समाज को खाद्य पदार्थों के नाम पर विष देने वालों के विरुद्ध उचित कानूनी कार्यवाही क्यों नहीं करते? देश की भोली भाली जनता की आज यह स्थिति है कि वह खामोशी से इस अत्याचार को सह रही है। लगता है, उसने इस स्थिति को अपनी नियति ही मान लिया है। देश के नेताओं के एक सूत्रीय कार्यक्रम कि देश में केवल उन्हीं का राज कायम रहे और इस लक्ष्य की प्राप्ति में वे किसी को भी बाधक नहीं बनने देना चाहते !चाहे वे मिलावट खोर ही क्यों न हों। केवल औपचारिकता के नाम पर खाद्य अधिकारियों द्वारा खानापूर्ति करने के नाम पर सैंपल लेने की प्रक्रिया की जाती है, उसके पश्चात जनता भी खुश और अधिकारी भी सुखी। उन्हें उनकी जेबों की गर्मी खामोश कर देती हैं।परिणाम जनता लाइलाज रोगों से ग्रसित पीड़ा भोग रही होती है।

देश में खाद्य विभाग तो बना है लेकिन इस विभाग में कर्मचारियों ,अधिकारियों की संख्या देखेंगे तो हैरान रह जाएंगे।एक अधिकारी के पास तीन तीन जिलों का प्रभार है! अब आप सोचिए कि एक चना भाड़ फोड़ सकता है? इतने अहम विषय पर सरकार का इस तरह उदासीन होना क्या दशार्ता है?

बाजार में नई अबोध पीढ़ी के लिए निर्माण किए जा रहे रंगीन वेफर्स में कितनी घटिया खाद्य सामग्री पैक की जा रही है, इस पर कोई जिम्मेदार ध्यान नहीं देता। स्थानीय लालची वेफर्स निमार्ता विख्यात कंपनियों के नाम के रंगीन पाउच धड़ल्ले से बेचने में सफल हैं ,और अकूत मुनाफा अर्जित कर रहे हैं मगर कोई देखने वाला नहीं! ऐसा प्रतीत होता है जैसे इस गोरख धंधे को सरकार का मूक समर्थन है।यदि ऐसा नहीं है तो इन लालची निमार्ताओं को विषैली खाद्य सामग्री के निर्माण से रोका क्यों नहीं जाता? बच्चों का मानो विज्ञान यह है कि वे रंग बिरंगे पाउच की ओर आकर्षित होते हैं और वे इन्हें पाने के लिए हठ करते हैं। बाल हठ के समक्ष अच्छे अच्छों को झुकना पड़ता है नतीजा गंभीर रोग, लिवर फेल और असामयिक मृत्यु! मौसमी फलों के नाम पर भी आज जो फल बेचे जा रहे हैं उनकी कहानी भी आपको पता ही होगी,नहीं है तो जान लीजिए।

## विचार

# विश्व मलेरिया दिवसः एक रोग मुक्त भविष्य का संकल्प

**महेन्द्र तिवारी**

**प्रतिवर्ष** 25 अप्रैल को संपूर्ण विश्व में मलेरिया दिवस मनाया जाता है। यह दिन केवल एक औपचारिकता नहीं है, बल्कि उस वैश्विक संकल्प को दोहराने का अवसर है जो मानवता को इस घातक बीमारी से मुक्त कराने के लिए लिया गया है। मलेरिया सदियों से मानव सभ्यता के लिए एक गंभीर चुनौती बना हुआ है। यदि हम इतिहास के पन्नों को पलटें तो पता चलता है कि विश्व स्वास्थ्य सभा ने 2007 में अपने 60 वें सत्र के दौरान अफ्रीका मलेरिया दिवस को विश्व मलेरिया दिवस में बदलने का निर्णय लिया था। इसका मुख्य उद्देश्य दुनिया भर के देशों को इस बीमारी के प्रति जागरूक करना और इसके रोकथाम के लिए संसाधन जुटाना था। मलेरिया एक ऐसी बीमारी है जो मादा एनोफिलीज मच्छर के काटने से फैलती है। यह मच्छर प्लाज्मोडियम नामक परजीवी को मनुष्य के रक्त में छोड़ देता है। यद्यपि यह बीमारी निवारणीय और उपचार योग्य है, फिर भी यह हर साल लाखों लोगों की जान ले लेती है। ताजा आंकड़ों पर दृष्टि डालें तो विश्व स्वास्थ्य संगठन की 2023 की रिपोर्ट के अनुसार, 2022 में विश्व स्तर पर मलेरिया के लगभग 249 मिलियन मामले सामने आए थे। यह संख्या चिंताजनक है क्योंकि यह 2021 की तुलना में लगभग 5 मिलियन अधिक थी। इन मामलों में होने वाली मौतों का आंकड़ा भी डरावना है, जहाँ 2022 में लगभग 608000 लोगों ने अपनी जान गँवाई।

मलेरिया का सबसे गहरा प्रभाव अफ्रीकी देशों में देखा जाता है। वैश्विक स्तर पर मलेरिया के कुल मामलों का लगभग 94 प्रतिशत और होने वाली मौतों का 95 प्रतिशत हिस्सा केवल अफ्रीका से आता है। इसमें भी विडंबना यह है कि मरने वालों में 80 प्रतिशत से अधिक संख्या 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों की होती है। यह आंकड़ा हमें सोचने पर विवश करता है कि विज्ञान की इतनी प्रगति के बावजूद हम अपने भविष्य को इस छोटे से मच्छर से बचाने में पूरी तरह सफल क्यों नहीं हो पा रहे हैं। भारत के संदर्भ में यदि बात करें तो स्थिति में काफी सुधार देखने को मिला है। भारत ने पिछले कुछ वर्षों में मलेरिया के मामलों में उल्लेखनीय कमी दर्ज की है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, भारत में 2015 से 2022 के बीच मलेरिया के मामलों में लगभग 85 प्रतिशत की गिरावट आई है। भारत का लक्ष्य है कि वह 2027 तक मलेरिया मुक्त हो जाए और 2030 तक इस बीमारी का पूरी तरह से उन्मूलन कर दे। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए राष्ट्रीय मलेरिया उन्मूलन ढांचा 2016-2030 कार्यरत है। इसके तहत देश के विभिन्न राज्यों को उनकी गंभीरता के आधार पर अलग-अलग श्रेणियों में बांटा गया है और सूक्ष्म स्तर पर योजनाएं बनाई जा रही हैं।

मलेरिया केवल एक स्वास्थ्य समस्या नहीं है, बल्कि यह आर्थिक विकास में भी एक बड़ी बाधा है। यह बीमारी अक्सर उन क्षेत्रों में अधिक फैलती है जहाँ गरीबी, जलभराव और स्वच्छता का अभाव होता है। जब परिवार का कोई सदस्य बीमार होता है, तो न केवल उसकी कार्यक्षमता प्रभावित होती है, बल्कि परिवार की संचित पूंजी भी इलाज में खर्च हो जाती है। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में यह कृषि उत्पादकता को भी प्रभावित करता है। वैज्ञानिकों का मानना है कि जलवायु परिवर्तन भी मलेरिया के प्रसार में एक बड़ी भूमिका निभा रहा है। बढ़ते तापमान और अनिश्चित वर्षा के कारण मच्छरों को पनपने के लिए नए क्षेत्र मिल रहे हैं। ऐसे क्षेत्रों में जहाँ पहले मलेरिया नहीं था, अब वहाँ भी इसके मामले देखे जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त, कीटनाशकों के प्रति मच्छरों की बढ़ती प्रतिरोधक क्षमता एक नई चुनौती बनकर उभरी है। कई क्षेत्रों में देखा गया है कि मच्छर उन रसायनों से नहीं मर रहे हैं जिनका उपयोग लंबे समय से किया जा रहा था। साथ ही, परजीवी ने भी दवाओं के प्रति अपनी प्रतिरोधक क्षमता विकसित कर ली है, जिससे उपचार की प्रक्रिया जटिल होती जा रही है।

चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में मलेरिया की वैक्सीन का आगमन एक क्रांतिकारी कदम है। 2021 में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने आरटीएस,एस नामक पहली वैक्सीन को मंजूरी दी थी और उसके बाद आर21 नामक दूसरी वैक्सीन ने भी आशा की नई किरण जगाई है। परीक्षणों में यह पाया गया है कि ये वैक्सीन बच्चों में गंभीर मलेरिया के मामलों को कम करने में अत्यधिक प्रभावी हैं। भारत में भी इन टीकों के वितरण और उपयोग को लेकर व्यापक योजनाएं बनाई जा रही हैं। हालांकि, केवल टीकों पर निर्भर रहना पर्याप्त नहीं होगा।

# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

एक्शन इंडिया मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रवि भारद्वाज द्वारा 224, सेक्टर - 32 पी, यूई, ज़िला करनाल, हरियाणा से प्रकाशित एवं मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से मुद्रित।
संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी
समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)
स्थानीय संपादक : राजकुमार शर्मा ( 9671890000)
'एक्शन इंडिया' में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## आलेख

# जनभागीदारी से जनविजय – मलेरिया उन्मूलन का मार्ग

**जब** दुनिया स्वास्थ्य के एक अहम मोड़ पर खड़ी है, तब 25 अप्रैल–विश्व मलेरिया दिवस चेतावनी और संकल्प दोनों का संदेश देता है। इस वर्ष का थीम मलेरिया को समाप्त करने के लिए प्रतिबद्धः अब हम कर सकते हैं, अब हमें करना ही होगा। स्पष्ट चुनौती है। एनोफिलीज मच्छर अब भी हर साल लाखों परिवारों को प्रभावित करता है। डब्ल्यूएचओ वर्ल्ड मलेरिया रिपोर्ट 2025 के अनुसार, 2024 में वैश्विक स्तर पर अनुमानित 28.2 करोड़ मामले और 6.10 लाख मौतें दर्ज हुईं, जिनमें 94-95 प्रतिशत बोझ अफ्रीकी क्षेत्र पर है। फिर भी प्रगति उल्लेखनीय हैः 2000 के बाद से अब तक 230 करोड़ मामले और 1.4 करोड़ मौतें टलीं। 2024 में अकेले 1 मिलियन जीवन बचे और 47 देश तथा एक क्षेत्र मलेरिया-मुक्त घोषित हो चुके हैं। ये आंकड़े केवल संख्या नहीं, बल्कि मानवीय साहस और सामूहिक प्रयासों का प्रमाण हैं। जलवायु परिवर्तन और दवा-प्रतिरोध के बावजूद विज्ञान उम्मीद जगा रहा है–यह लड़ाई जीती जा सकती है, यदि संकल्प दृढ़ और प्रयास सतत रहें। विश्व पटल पर मलेरिया आज भी गरीबी और असमानता का सबसे कड़ा सच है। 2024 में उप-सहारा अफ्रीका में 26.5 करोड़ मामले और लगभग 5.79 लाख मौतें हुईं। एथियोपिया, मेडागास्कर और यमन जैसे देशों में मामलों में उछाल देखा गया। फिर भी दक्षिण-पूर्व एशिया में सुधार जारी है। भारत ने 2017झ2023 में मामले 69 प्रतिशत घटाकर 20 लाख किए, मौतें 68 प्रतिशत कम कीं (2015 से कुल लगभग 80 प्रतिशत कमी)। 2024 में भारत हाई बर्डन हाई इम्पैक्ट समूह से बाहर निकलकर लक्ष्य-सिद्धि का उदाहरण बना। ग्रामीण स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आशा दीदियां और नेशनल वेक्टर बोर्न डिजीज कंट्रोल प्रोग्राम जैसे प्रयासों ने यह बदलाव रचा। जलवायु परिवर्तन, दवा-प्रतिरोध, बढ़ता शहरी जलजमाव और फंडिंग की कमी चुनौतियां बनी हुई हैं। अब समय है पुरानी रणनीतियों को नई तकनीक से जोड़ने का। भारत की सफलता–प्रेरणा का सशक्त स्त्रोत। आदिवासी अंचलों से महानगरों तक मच्छरदानी वितरण, लावीसाईडिंग और त्वरित निदान ने ठोस प्रभाव डाला।

# क्यों बीमा से दूर है आम भारतीय?

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

भारत आज दुनिया की सबसे तेजी से उभरती अर्थव्यवस्थाओं में शुमार है। ऊंची विकास दर, डिजिटल क्रांति, बढ़ती आय और वैश्विक मंच पर मजबूत होती स्थिति–ये सब संकेत देते हैं कि देश आर्थिक रूप से आगे बढ़ रहा है। लेकिन इस चमकदार तस्वीर के पीछे एक सच्चाई ऐसी भी है, जो अक्सर नजरों से ओझल रह जाती है–भारत का आम नागरिक अब भी आर्थिक सुरक्षा के सबसे बुनियादी साधन, यानी बीमा, से दूर है। विडंबना यह है कि जिस देश में अनिश्चितताओं की भरमार है–बीमारी, दुर्घटना, प्राकृतिक आपदाएं, रोजगार की अस्थिरता–वहीं बीमा को अब भी अतिरिक्त खर्च समझा जाता है, न कि जरूरी सुरक्षा कवच। भारत में बीमा कवरेज की स्थिति संतोषजनक नहीं है। बीमा घनत्व और पैठ दोनों ही वैश्विक औसत से नीचे हैं। ग्रामीण भारत, जो देश की बड़ी आबादी का प्रतिनिधित्व करता है, वहां बीमा की पहुंच बेहद सीमित है। जीवन बीमा के कुछ प्रसार के बावजूद स्वास्थ्य, फसल और संपत्ति बीमा की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। सवाल यह उठता है कि आखिर ऐसा क्यों है कि विकास की रफ्तार के साथ बीमा का दायरा नहीं बढ़ पा रहा? इसका पहला और सबसे बड़ा कारण है–जागरूकता की कमी। देश के एक बड़े हिस्से को आज भी यह समझ नहीं है कि बीमा आखिर है क्या, और यह उनके जीवन में किस तरह सुरक्षा प्रदान कर सकता है।

गांवों में तो बीमा को अक्सर ठगी या धोखे के रूप में देखा जाता है। एजेंटों द्वारा गलत जानकारी देना, पॉलिसी की शर्तों को स्पष्ट न करना और क्लेम के समय होने वाली परेशानियां लोगों के मन में अविश्वास पैदा करती हैं। परिणामस्वरूप, लोग बीमा से दूरी बनाए रखना ही बेहतर समझते हैं। दूसरा बड़ा कारण है–आर्थिक प्राथमिकताएं। जब किसी परिवार की आय सीमित हो और रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करना ही चुनौती हो, तब बीमा जैसी चीज उनके लिए प्राथमिकता में नहीं आती। आम भारतीय के लिए पहले भोजन, शिक्षा, स्वास्थ्य और आवास की जरूरतें हैं; बीमा उसके बाद आता है।

## न्यूज फ्लैश

### तीसरे दिन भी नही मिला आरोपियों का कोई सुराग

लाड़वा 24 अप्रैल (विजय कौशिक) : लाडवा खण्ड के गांव हलालपुर में लाभ सिंह सुसाइड के मामले में डीएसपी के लिखित में दिए भरोसे व ग्रामीणों के समझाने के बाद बुधवार को सांय 6 बजे संस्कार कर दिया गया था। लाभ सिंह की मौत चंडीगढ़ पीजीआई में मंगलवार तड़के करीब 12 बजे हुई थी। शव दोपहर बाद गांव पहुंचा था। परिजनों का कहना हैं कि लाडवा हल्का मुख्यमंत्री नायब सैनी जी का विधानसभा क्षेत्र हैं हमें पूर्ण विश्वास हैं कि हमें न्याय जल्द ही मिलेगा। जब इस बारे में लाडवा थाना प्रभारी गुरनाम सिंह से बातचीत गई तो उन्होंने बताया कि केस सीआई की टीमों को सौंप दिया गया हैं जल्दी ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा।
लेकिन अभी तक आरोपियों का कोई सुराग नही लग पाया।
परिवारजन, रिश्तेदार व ग्रामीणों ने इमिग्रेशन सेंटर संचालकों की गिरफ्तारी पर अड़े हुए हैं।
लाड़वा डीएसपी निर्मल कुमार ने बताया कि चार टीमें सेंटर संचालकों की दबिश करने में जुटी हुई है आरोपियों की तलाश जारी है।
जानकारी में सामने आया कि उक्त आरोपी परिवार संग फरार हैं। 4 टीमें उनकी तलाश में लगी हैं।
लाभ सिंह के साले संदीप ने बताया कि उनके पास मोबाइल फोन की कई रिकॉर्डिंग मौजूद हैं, जिनमें आरोपी लाभ सिंह पर पैसे या जमीन को लेकर दबाव बनाते हुए सुनाई दे रहे हैं। लाभ सिंह की पत्नी सविता ने डीएसपी निर्मल कुमार को दी शिकायत में संदीप कड़ामी, मेघराज सैनी, नसीब मेहरा और रुपेंद्र कड़ामी को पति की मौत के लिए जिम्मेदार ठहराया है।
लाभ सिंह के भतीजे सुखविंद्र ने बताया कि उनके चाचा ने अक्टूबर 2025 को अपनी पत्नी व अपनी 13 वर्षीय लड़की को विदेश भेजने को अपने रिश्तेदार और इमिग्रेशन सेंटर संचालक संदीप कड़ामी व पार्टनर मार्केट कमेटी के पूर्व चेयरमैन मेघराज सैनी से मुलाकात हुई थी।फंड दिखाने पर दोनों ने लाभ सिंह से 2 एकड़ जमीन का बयाना कराया। करोड़ों की जमीन का महज 45 लाख में सौदा दिखाया। परिजनों का कहना है यह बयाना सिर्फ दिखावे के लिए था। हकीकत में जमीन नहीं बेचनी थी। आरोप है कि कुछ दिन बाद इनकी नीयत बदल गई। लाभ सिंह पर दबाव डाला कि वह 2 एकड़ जमीन की रजिस्ट्री करे या 45 लाख रुपए दे। नहीं देगा तो एसपी को कंप्लेंट देंगे और समाज में बदनाम करेंगे। जबकि लाभ को कोई पैसा नहीं देना था। दबाव और मानसिक तौर पर परेशान लाभ ने 5 अप्रैल को जहरीला पदार्थ निगल लिया।
लाभ सिंह का बेटा पहले से ऑस्ट्रेलिया गया है। इसे लेकर पैसों का लेन देन हुआ। विदेश भेजने के लिए खाते में फंड दिखाने को संदीप कड़ामी ने खुद अपने खाते से लाभ सिंह के खाते में 40 लाख रुपए डाले। यह पैसा नकदी में वापस ले लिया।

**लाभ सिंह ने पीजीआई में दिया ब्यानः**
उपचार के दौरान 10 अप्रैल को खुद लाभ सिंह ने पुलिस को बयानों मे कहा कि मुझे 2 एकड़ की रजिस्ट्री या 45 लाख देने के लिए दबाव बनाया जा रहा था।

**डीएसपी का ब्यानः**
लाड़वा डीएसपी निर्मल कुमार ने बताया कि चार टीमें सेंटर संचालकों की दबिश करने में जुटी हुई है आरोपियों की तलाश जारी है।जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा। पुलिस लाभ सिंह के परिजन के साथ खड़ी है।

### स्वास्थ्य विभाग ने टीबी जागरूकता के लिए भांडोर नीची में लगाया निक्षय शिविर

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत हरियाणा सरकार के दिशाझ्रनिर्देश पर उपमंडल के गांव भांडोर नीची में निक्षय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में चिकित्सा अधिकारी डॉ. रामनिवास डहीनवाल, सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर सुरजीत सिवाच, डॉ. चंद्रपाल व स्वास्थ्य कर्मी अनूप रिवासा ने सभी जांच सुविधाओं से युक्त एक मोबाइल एम्बुलेंस में 132 मरीजों की जांच करके 21 मरीजों के बलगम के नमूने लिए। शिविर मे ह्यूमन सपुटम करियर जयप्रकाश नें मरीजों के बलगम के नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला में भेजे। शिविर में मुख्य रूप से साठ साल से अधिक बुजुर्गों, टीबी मरीजों के संपर्क में आए व्यक्तियों, शुगर व बीपी के मरीज आदि की जांच करके मौके पर ही उनकों दवाई दी गई।

# ग्रीवेंस कमेटी में 17 शिकायतें पहुंचीं, 12 का मौके पर समाधान: राव नरबीर

**मासिक बैठक**

▢ एचएसआई आईडीसी के माध्यम से जमीन चिन्हित करने की प्रक्रिया जारी है,



**टीम एक्शन इंडिया**
**नूंह मेवात (लियाकत अली ):** नूंह जिला मुख्यालय पर आयोजित ग्रीवेंस कमेटी की मासिक बैठक में हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री राव नरबीर ने जनसमस्याओं की सुनवाई करते हुए अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। बैठक में कुल 17 शिकायतें रखी गईं, जिनमें से 12 का मौके पर ही समाधान कर दिया गया, जबकि शेष 5 शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश जारी किए गए। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में कैबिनेट मंत्री राव नरबीर ने कहा कि सरकार आमजन की समस्याओं के समाधान और योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को सरकार की योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिए। मेवात क्षेत्र में बिजली और पानी की समस्या को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने स्वीकार किया कि क्षेत्र में चुनौतियां हैं, लेकिन सरकार इनके समाधान की दिशा में लगातार काम कर रही है और जल आपूर्ति को बेहतर बनाने के प्रयास जारी हैं। उन्होंने बताया कि मेवात में बरसाती पानी के बेहतर उपयोग और गुरुग्राम क्षेत्र में जलभराव की समस्या के समाधान के लिए एक विशेष योजना तैयार की जा रही है। इस योजना के तहत बरसात के पानी को सिंचाई के लिए उपयोग में लाने, नहरों के जरिए पानी निकासी व्यवस्था विकसित करने और जरूरत पड़ने पर यमुना से जोड़ने जैसी संभावनाओं पर काम किया जा रहा है, जिससे गुरुग्राम की जलभराव समस्या कम हो और मेवात को सिंचाई का लाभ मिल सके। कैबिनेट मंत्री ने केएमपी एक्सप्रेसवे को लेकर कहा कि इसके आसपास पांच नए शहर बसाने की योजना पर तेजी से काम चल रहा है। हाल ही में इस संबंध में उच्चस्तरीय बैठक हुई है और जल्द नई इंडस्ट्रियल पॉलिसी लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि केएमपी एक्सप्रेसवे की बेहतर कनेक्टिविटी और मेवात से इसके गुजरने के कारण निवेशकों की रुचि बढ़ी है। एचएसआईआईडीसी के माध्यम से जमीन चिन्हित करने की प्रक्रिया जारी है, ताकि निवेशकों को भूमि उपलब्ध कराई जा सके।

## सचिन गुप्ता ने आज अपना नामांकन पत्र किया दाखिल



**२पंचकूला, 24 अप्रैल मैनपाल**
पंचकूला नगर निगम चुनाव को लेकर वार्ड नंबर 20 से आजाद प्रत्याशी सचिन गुप्ता ने आज अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन के बाद उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि वे जनता के आग्रह और समर्थन पर चुनाव मैदान में उतरे हैं। उन्होंने बताया कि वार्ड के लोगों ने एकजुट होकर उन्हें आजाद उम्मीदवार के रूप में खड़ा किया है, जिसके लिए वे सभी का आभार व्यक्त करते हैं। सचिन गुप्ता ने कहा कि वार्ड नंबर 20 में कई मूलभूत समस्याएं लंबे समय से बनी हुई हैं। इनमें प्रमुख रूप से सफाई व्यवस्था, बिजली आपूर्ति और पानी की कमी शामिल है। उन्होंने आश्वासन दिया कि यदि जनता उन्हें सेवा का मौका देती है, तो वे इन समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता देंगे और वार्ड के समग्र विकास के लिए निरंतर प्रयास करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि उनका उद्देश्य राजनीति नहीं बल्कि जनसेवा है। वे बिना किसी भेदभाव के हर वर्ग के लोगों के लिए काम करेंगे और पारदर्शिता के साथ विकास कार्यों को आगे बढ़ाएंगे। इस अवसर पर योगेश कुमार सहित सैकड़ों समर्थक उनके साथ मौजूद रहे और उन्होंने सचिन गुप्ता के समर्थन में जोरदार नारेबाजी भी की।

### मिंदरजीत सिंह यादव चुने जाने पर अधिवक्ताओं ने जताई खुशी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** पंजाब एंड हरियाणा बार काउंसिल के चुनाव के परिणाम में मिंदरजीत सिंह यादव एडवोकेट के चुने जाने पर महेंद्रगढ़ के अधिवक्ताओं में खुशी का माहौल देखने को मिला।
इस दौरान अधिवक्ताओं ने कहा कि मिंदरजीत सिंह यादव के बार काउंसिल में सदस्य चुने जाने से अधिवक्ता वर्ग की आवाज और अधिक मजबूती से उठेगी तथा न्यायिक व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने में सहयोग मिलेगा। इस अवसर पर अधिवक्ताओं ने लड्डू बांटकर अपनी खुशी का इजहार किया।

## अंतरराष्ट्रीय गोल्फ टूर्नामेंट का समापन, अक्षय बने चैंपियन

**प्रतियोगिता**

▢ एक करोड़ की इनामी प्रतियोगिता में देश-विदेश के खिलाड़ियों ने दिखाया दम




**टीम एक्शन इंडिया**
**नूंह मेवात (लियाकत अली ):** जिला के तावडू उपमंडल के सराय-कोटा गांव स्थित क्लासिक गोल्फ एंड कंट्री क्लब में 21 अप्रैल से शुरू हुई प्रतिष्ठित डीपी वर्ल्ड प्लेयर्स चैंपियनशिप का 24 अप्रैल को शानदार समापन हो गया। चार दिनों तक चले इस अंतरराष्ट्रीय गोल्फ महाकुंभ में देश-विदेश के करीब 130 पेशेवर खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। करीब एक करोड़ रुपये की इनामी राशि वाले इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में भारतीय गोल्फर अक्षय शर्मा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया और 15 लाख रुपये की इनामी राशि व ट्रॉफी से सम्मानित किए गए। फाइनल राउंड में अक्षय शर्मा ने बेहतरीन खेल और धैर्य का परिचय देते हुए अंडर-19 स्कोर के साथ पहला स्थान हासिल किया।
उन्होंने जीत के बाद कहा कि क्लासिक गोल्फ एंड कंट्री क्लब का कोर्स अंतरराष्ट्रीय स्तर का है और यहां खेलना किसी चुनौती से कम नहीं था, लेकिन संयम और रणनीति के दम पर उन्होंने यह उपलब्धि हासिल की। उन्होंने अपनी जीत का श्रेय पीजीटीआई टीम, आयोजकों और अपने परिवार को दिया।
प्रतियोगिता में गुरुग्राम के ध्रुव श्योराण उपविजेता रहे, जिन्हें 10 लाख रुपये की इनामी राशि और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया, जबकि बांग्लादेश के जमाल हसन तीसरे स्थान पर रहे और उन्होंने भी अपने शानदार प्रदर्शन से सबका ध्यान आकर्षित किया।
समापन समारोह में विजेताओं को ट्रॉफी और इनामी राशि देकर सम्मानित किया गया।
पीजीटीआई सीईओ अमनदीप चौहान ने बताया कि इस प्रतिष्ठित चैंपियनशिप का आयोजन प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया और डीपी वर्ल्ड के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

### महेंद्रगढ़ में जनगणना को लेकर जागरूकता अभियान

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** लघु सचिवालय स्थित एसडीएम कार्यालय में आमजन को आगामी जनगणना के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एक विशेष जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। इस अभियान के तहत एसडीएम महेंद्रगढ़ योगेश सैनी आईएएस ने परिसर में एक आकर्षक एवं विस्तृत जानकारी से युक्त विज्ञापन स्थापित किया जिसके माध्यम से नागरिकों को जनगणना के महत्व, प्रक्रिया तथा उसमें सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित किया गया। एसडीएम महेंद्रगढ़ योगेश सैनी ने बताया कि जनगणना देश के समग्र विकास की आधारशिला है। इसके माध्यम से सरकार को जनसंख्या, सामाजिक-आर्थिक स्थिति, शिक्षा, रोजगार, आवास, स्वास्थ्य एवं अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं से संबंधित सटीक आंकड़े प्राप्त होते हैं। ये आंकड़े ही सरकार की नीतियों एवं योजनाओं के निर्माण, संसाधनों के समुचित वितरण तथा विकास कार्यों की प्राथमिकता तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वे जनगणना कार्य को एक राष्ट्रीय कर्तव्य के रूप में समझें और इसमें पूर्ण सहयोग प्रदान करें। साथ ही उन्होंने बताया कि इस बार जनगणना प्रक्रिया को और अधिक सरल एवं पारदर्शी बनाने के लिए ऑनलाइन स्व-गणना की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है।

## सूरज हत्याकांड में दोनों पक्षों की महापंचायत, आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिला के गोंदर गांव में सूरज हत्याकांड के बाद दो समाजों के बीच विवाद लगातार बढ़ता जा रहा है और अब यह मामला थमने का नाम नहीं ले रहा। वीरवार को जहां राजपूत समाज ने महापंचायत कर एससी एसटी एक्ट के तहत दर्ज मुकदमे को रद्द करने की मांग उठाई थी। वहीं शुक्रवार को एससी समाज ने महापंचायत कर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर जिला उपायुक्त के नाम ज्ञापन सौंपा।



एससी समाज के लोगों ने जिला उपायुक्त को दिए ज्ञापन में बताया कि निसिंग थाना में दर्ज एफआईआर में रानी देवी सहित कुछ अन्य लोगों ने समाज की महिलाओं के प्रति अभद्र टिप्पणी की थी। मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है और संबंधित सबूत भी पुलिस को सौंपे जा चुके हैं, लेकिन अभी तक किसी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। समाज के लोगों ने मांग की कि सभी आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाए।
ज्ञापन में यह भी कहा गया कि 23 अप्रैल को राजपूत धर्मशाला में हुई पंचायत के दौरान एससी एसटी एक्ट को लेकर गलत बयानबाजी की गई। पंचायत में कुछ लोगों द्वारा दी गई धमकियों पर भी कड़ी कार्रवाई की मांग उठाई गई। समाज ने कहा कि पंचायत के माध्यम से लगाए गए बेबुनियाद आरोपों को खारिज किया जाए और जिन लोगों ने गाली-गलौज व धमकी दी है, उनके खिलाफ भी मुकदमे दर्ज किए जाए।
मामले की शुरूआत 18 अप्रैल की शाम करीब साढ़े 6 बजे हुई, जब बाइक सवार तीन युवकों ने गोंदर चौक से गांव की तरफ जाने वाली गली में लाला सुमेर चंद की दुकान के पास सूरज को गोली मार दी थी। गोली लगने से सूरज की मौके पर ही मौत हो गई थी। जांच में सामने आया कि यह हत्या वर्ष 2019 में हुई कपिल की हत्या की रंजिश के चलते की गई। उस मामले में सूरज को 8 अन्य लोगों के साथ गिरफ्तार किया गया था और वह करीब 8 महीने पहले ही जमानत पर बाहर आया था।
घटना के बाद 19 अप्रैल को परिजनों ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर निसिंग में कैथल रोड पर गुरुद्वारा चौक के पास जाम लगा दिया था। मौके पर पहुंचे डीएसपी गोरखपाल राणा ने परिवार को जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया था और उनकी मांगों पर सहमति जताई थी।

## प्रताप नगर मंडी में बाहरी राज्यों के अनाज की अवैध खरीद का खेल, नियमों की उड़ रहीं धज्जियां

**टीम एक्शन इंडिया**
**नितिन सिंगला जगाधरी**
जगाधरी/प्रताप नगर। प्रताप नगर अनाज मंडी में बनाए गए अस्थाई परचेज सेंटरों पर बाहरी राज्यों से आने वाले अनाज की धड़ल्ले से खरीद का मामला सामने आया है। आरोप है कि यहां सरकारी नियमों को ताक पर रखकर मनमर्जी से गेहूं खरीदा जा रहा है और संबंधित एजेंसियों की निगरानी भी नदारद है।
सूत्रों के अनुसार, प्रताप नगर और छछरौली क्षेत्र में संचालित अस्थाई परचेज सेंटरों पर किसी भी सरकारी निरीक्षक की मौजूदगी नहीं रहती, जिससे आढ़ती अपनी



मर्जी से खरीद कर रहे हैं।
किसानों ने आरोप लगाया कि मंडी में अनाज लेकर पहुंचने पर उन्हें बिलासपुर रोड स्थित एक सेलर में भेजा गया, जहां न तो फसल की फोटो ली गई और न ही कोई रजिस्ट्रेशन जांचा गया। अनाज को खुले में ही डाल दिया गया। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि हर रोज तड़के 4 से 5 बजे के बीच उत्तर प्रदेश की ओर से यमुना नदी के रास्ते दर्जनों ट्रैक्टर-ट्रॉलियां हरियाणा में प्रवेश करती हैं। ये ट्रॉलियां सीधे प्रताप नगर के बाहरी परचेज सेंटरों पर पहुंचती हैं, जहां बिना किसी दस्तावेजी एंट्री के अनाज उतार दिया जाता है।
विभागीय सूत्रों के मुताबिक, आढ़ती बाहरी राज्यों से सस्ते दामों में अनाज खरीदकर उसे हरियाणा के किसानों के नाम पर पोर्टल में दर्ज कर देते हैं और सरकार को समर्थन मूल्य पर बेच देते हैं।

### एक किलो 483 ग्राम अफीम सहित आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** एंटी नारकोटिक्स सेल द्वारा नशा तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत प्रभावी कार्रवाई करते हुए आरोपी रणजीत सिंह उर्फ राणा पुत्र अजमेर सिंह निवासी रणजीत नगर गोंदर, थाना निसंग, जिला करनाल को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से एक किलो 483 ग्राम अफीम बरामद की गई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी जल्दी अमीर बनने तथा अपने शौक पूरे करने के उद्देश्य से अफीम की तस्करी करता था।

## गुरु कृपा से एक जीवात्मा का मिलन परमात्मा से होता है : साध्वी दिवेशा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर से सेक्टर 13 के पार्ट-2 एन्कलेव श्री राधा कृष्ण वाटिका में चार दीवसीय श्री कृष्ण कथा के द्वितीय दिवस में परम वंदनीय सर्वश्री आशुतोष महाराज जी की शिष्या साध्वी सुश्री दिवेशा भारती जी ने भगवान कृष्ण के अनन्य भक्त नरसी मेहता के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जब वो केदार राग में भगवान कृष्ण का गुनगान करते हैं, तब भगवान उनके सामने प्रगट हो जाते थे। भगवान कृष्ण उनकी दयोती के विवाह पर मायरा लेकर आते हैं और नानीबाई का भाई बनकर विवाह की सारी रस्में पूरी



करते हैं।
इस प्रसंग में साध्वी जी ने बताया कि परमात्मा को यदि पाना है तो जीवन में एक गुरु का होना बहुत जरूरी है। क्योंकि गुरु की ही कृपा से एक जीव आत्मा का मिलन परमात्मा से होता है। गुरु एक जिज्ञासु की बांह थामकर अध्यात्म के राजमार्ग पर खड़ा कर देता है। इसके बाद ही शाश्वत भक्ति शुरू होती है।
साध्वी जी ने बताया कि एक पूर्ण गुरु की पहचान यह होती है, गुरु जब हमारे जीवन में आते हैं तो सबसे पहले वह हमें भगवान का सत्संग सुनाएंगे। इसके पश्चात हमारे मस्तक पर हाथ रखकर दोनों भृकुटियों के मध्य स्थित तीसरी आंख को खोलकर हमें हमारे घट से परमात्मा का दर्शन करवायेंगे। ऐसी गुरु की शरण को प्राप्त करें। इसी में जीवन का कल्याण है।
साध्वी बहनों ने प्रभु भजनों का गायन कर संगत को मंत्रमुग्ध किया। कथा में विधायक जगमोहन आनंद, पूर्व पार्षद गिन्नी विर्क, वीर विक्रम, समाजसेवी विकास निज्यावन, पूर्व डिप्टी मेयर मनोज वधवा भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कथा का समापन प्रभु की पावन आरती के साथ हुआ।

## करुणा, प्रेम और सह-अस्तित्व का सजीव उत्सव-मानव

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जब हृदय में करुणा, प्रेम और एकत्व की दिव्य चेतना जागृत होती है,तब मानव अपने सीमित स्वार्थों से ऊपर उठकर सम्पूर्ण सृष्टि के कल्याण का सशक्त माध्यम बन जाता है। परोपकार, करुणा और परमार्थ जैसे अलौकिक मूल्यों से प्रकाशमान यह पावन अवसर उस दिव्य अनुभूति का प्रतीक बनाएं, जहां मानव को मानव हो प्यारा, एक-दूजे का बने सहारा का संदेश केवल शब्दों तक सीमित न रहकर हृदयों में जीवंत हुआ।
सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता जी की असीम आशिर्वाद से मानव एकता दिवस 24 अप्रैल को बाबा



गुरबचन सिंह जी की दिव्य स्मृति में, के सान्निध्य में इसके साथ ही समूचे करनाल जोन की संगत के समर्पण भाव से सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।
इसी कड़ी में रेलवे रोड करनाल स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन में आध्यात्मिक विशाल सत्संग एवम रक्तदान शिविर आयोजित हुआ। रक्तदान शिविर का उद्घाटन दिल्ली से पधारे ज्ञान प्रचारक ओपी निरंकारी ने किया व शिविर में करनाल के एमएलए जगमोहन आनंद और मेयर रेणु बाला गुप्ता भी हाजिर हुई।
संत निरंकारी मण्डल करनाल के जोनल इंचार्ज आदरणीय श्री सतीश हंस जी ने जानकारी देते हुए बताया कि समूचे भारतवर्ष के लगभग 200 स्थानों पर रक्तदान शिविरों का सफल आयोजन किया गया, जिससे लगभग 40 हजार यूनिट रक्त संकलित किया गया, जो निष्काम सेवा, परोपकार और मानवता के प्रति समर्पण की जीवंत अभिव्यक्ति बनकर उभरा। युगप्रवर्तक बाबा गुरबचन सिंह जी की स्मृति में यह दिवस वर्षभर चलने वाली सेवा-सरिता का शुभारंभ है, जिसके अंतर्गत पिछले साल देशभर में लगभग 705 स्थानों पर रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगे, जो करुणा और एकत्व की भावना को निरंतर सुदृढ़ करेंगे।
उल्लेखनीय है कि रक्तदान की यह पावन परंपरा पिछले चार दशकों से निरंतर जारी है। अब तक 9,174 रक्तदान शिविरों के माध्यम से लगभग 15,00,230 यूनिट रक्त संकलित किया जा चुका है, जो मानव सेवा के प्रति निरंकारी मिशन की अटूट प्रतिबद्धता का जीवंत प्रमाण है। इस रक्तदान शिविर में कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज डॉक्टर सचिन की टीम व सिविल हॉस्पिटल की योग्य डॉक्टर टीम अनुभवी चिकित्सक एवं उनकी टीम ने रक्तदाताओं की समुचित स्वास्थ्य जांच के उपरांत सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं प्रभावी ढंग से रक्तदान की प्रक्रिया सम्पन्न कराई, जिसमें लगभग 520 रक्त युनिट संकलित की गई। संपूर्ण आयोजन के दौरान स्वच्छता, सतर्कता एवं सेवा भाव का विशेष ध्यान रखा गया, जिससे यह पहल केवल जीवनदायिनी सेवा तक सीमित न रहकर मानवता, करुणा और उत्तरदायित्व के उच्चतम आदर्श का प्रतीक बनकर उभरी।

## निशुल्क जांच एवं उपचार हेतु मेडिकल कैंप आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** करनाल मानव सेवा संघ के पवित्र प्रांगण में अर्पणा ट्रस्ट मधुबन के अनुभवी डॉक्टरों द्वारा सभी रोगों के इलाज के लिए मेडिकल चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। इसमें अर्पणा ट्रस्ट मधुबन के विभिन्न विभागों जैसे हड्डी रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ, सर्जन तथा नेत्र विशेषज्ञ सभी प्रकार के रोगियों की निशुल्क जांच की तथा मुफ्त दवाइयां भी वितरित की गई। शिविर में लगभग 63 रोगियों जांच की गई तथा मुफ्त दवाइयां वितरित की गई। नेत्र चिकित्सा विभाग के डॉक्टरों



ने सात व्यक्तियों जांच उपरान्त मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए उपयुक्त पाया तथा उन्हें उपचार हेतु मुफ्त लेंस लगाए जाने के लिए अर्पणा ट्रस्ट मधुबन ले जाया गया, जहां पर उनका निरूशुल्क आंखों का ऑपरेशन किया जाएगा और मुफ्त लेंस डालकर वापिस उनके घर तक पहुंचाया जाएगा। स्वामी प्रेममूर्ति ने सभी डॉक्टरों की टीम तथा उपचार हेतु आए रोगियों को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर डॉ. भगत राम खण्डवाल एडवोकेट नागेश गुप्ता सीए, दुलीचंद शर्मा, सुमेरचंद, डा. विपिन, रामपाल, संजीव, वीरभान सोलंकी तथा अन्य महानुभाव मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत द्वारा रखे जाने वाली आधारशिला समारोह की सभी तैयारिया की पूरी: एसडीएम संदीप



**तोशाम, 24 अप्रैल।** एसडीएम संदीप कुमार ने बताया कि भारत के सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत के 25 अप्रैल शुक्रवार को भिवानी आगमन को लेकर तोशाम में न्यायिक परिसर के जजों के लिए मकानों का डिजिटल तरीके से शिलान्यास समारोह आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि वर्चुअल होने वाले शिलान्यास समारोह की सभी तैयारिया पूरी कर ली गई हैं। वहीं दूसरी ओर एसडीएम ने अधिकारियों को कहा कि किसी भी प्रकार की कोताही ना बरते, जिन विभागों जो भी जिम्मेदारी मिली है, उसे पूरी निष्ठा से निभाए। उन्होंने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत के भिवानी में आगमन पर तोशाम न्यायिक परिसर में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत वर्चुअल तोशाम के न्यायिक अधिकारियों के निवास स्थानों की आधारशिला रखेंगे।

### स्वर्गीय श्री ओमप्रकाश गोयल की याद में भाविप शाखा रतिया द्वारा रक्तदान शिविर 3 मई को



**टीम एक्शन इंडिया**
**डॉ नैब सिंह मंडेर**
**रतिया,24 अप्रैल** भारत विकास परिषद् शाखा रतिया द्वारा पत्रकार नीटू गोयल के सहयोग से उनके पिता स्वर्गीय श्री ओम प्रकाश गोयल जी धारसूल वाले की पूण्य तिथि के उपलक्ष्य में 3 मई दिन रविवार को गोगामेडी प्रांगण नजदीक अग्रवाल धर्मशाला में 18वां रक्तदान शिविर सुबह 8.30 बजे से आयोजित किया जाएगा।
उक्त जानकारी देते हुए भाविप के गतिविधि संयोजिक सेवा जनक राज गोयल ने बताया कि इस शिविर में रक्तदानी वीर 3 मई दिन रविवार को सुबह 8.30 बजे से गोगामेड़ी प्रांगण में पहुँचकर रक्त दान करके पूण्य के भागीदार बने। उन्होंने बताया कि बिना स्क्रीनिंग टेस्ट के रक्त वीर सीधा रक्तदान कर सकेगा। गोयल ने जानकारी देते हुए कहा कि जिस रक्त वीर को पहले कभी काला पीलिया (हैपेटाईट सी-बी) हुआ हो तो वह रक्त वीर इस शिविर में रक्तदान ना करें।रक्त दान करने के लिए रक्त वीर भारत विकास परिषद के किसी भी सदस्यों से या इन नम्बरों पर 7015465631, 81094 16432, संपर्क कर सकता है।

# 'आप' में लक्ष्मी देवी शामिल, अंबाला में संगठन को मिली नई मजबूती: डॉ. सुशील

## नगर निगम चुनावों को लेकर उम्मीदवारों की सूची जारी करने की प्रक्रिया जारी

**सूची जारी**

▢ डॉ. सुशील गुप्ता ने पार्टी की आगामी रणनीतियों और संगठन विस्तार पर विस्तार से जानकारी दी



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बालाः** आम आदमी पार्टी की ओर से अंबाला में एक महत्वपूर्ण पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने पार्टी की आगामी रणनीतियों और संगठन विस्तार पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पार्टी लगातार जमीनी स्तर पर अपनी पकड़ मजबूत कर रही है और समाज के विभिन्न वर्गों को साथ जोड़ते हुए आगे बढ़ रही है। इस दौरान कई प्रमुख सामाजिक चेहरों को पार्टी से जोड़ा गया और महिला सशक्तिकरण को भी विशेष प्राथमिकता दी गई। साथ ही नगर निगम चुनावों को लेकर उम्मीदवारों की सूची जारी करने की प्रक्रिया जारी है, जिसमें पहली सूची घोषित की जा चुकी है। आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ सुशील गुप्ता ने पत्रकार वार्ता में लक्ष्मी देवी का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि लक्ष्मीदेवी हमारे साथ में बैठे हैं भारत महिला कांग्रेस हरियाणा समाज के राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष है बहुत से सामाजिक और धार्मिक संगठनों से भी आप जुड़ी हुई है समाज सेवा में विशेषण समाज के लिए आज अभिनंदन करता हूं स्वागत करता हूं और विश्वास दिलाता हूं पार्टी किया गया है हरियाणा के अलग-अलग वार्ड के अलग-अलग ऑपरेशन के अपनी पहली सूची को जारी कर चुकी है और दूसरी सूची आज रात तक जारी करेंगे वार्ड नंबर 4 से सुखविंदर सिंह जी वार्ड नंबर 13 से अंशिका यादव जी और वार्ड नंबर 16 से हरनीत सिंह जी हमारे यहां के उम्मीदवार लक्ष्मी देवी कांग्रेस की बड़ी नेता थी दलित महिला हरियाणा के स्टेट कोऑर्डिनेटर रही हैं भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज की राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष हैं बहुत से सामाजिक व धार्मिक संगठनों से भी जुड़ी हुई है समाज सेवा में भी वह अपने समाज के स्थान के लिए भी पूरी जिंदगी संघर्ष किया है आज उन्होंने आम आदमी पार्टी को ज्वाइन किया जिससे उनका पार्टी के कार्यकताओं ने जोर-शोर से अभिनंदन किया स्वागत किया उन्होंने विश्वास दिलाया कि उनका पार्टी में पूरा ख्याल रखा जाएगा। प्रेस वार्ता में पार्टी के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। बैठक में जिला अध्यक्ष रजनीश शर्मा, महिला विंग की जिला अध्यक्ष नीतू सिंह, लोकसभा जॉइंट सेक्रेटरी राजेश सहोता, स्टेट जॉइंट सेक्रेटरी चंद्रशेखर, ओबीसी जिला अध्यक्ष शमी, सुखविंदर सिंह हैप्पी (सीनियर वाइस प्रेसिडेंट), एडवोकेट हरनीत सिंह, संजय मौर्य, सतीश, सुधीर राणा, गुरचरण सिंह, दिलबाग सिंह, गुरदेव सिंह, सनी, कुलबीर सिंह, निशा, मनजीत सरपंच, विवेक सागर और बबनित शर्मा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## गुरप्रीत और सिमरन विश्वविद्यालय परिणाम में छाई



**टीम एक्शन इंडिया**
**डॉ नैब सिंह मंडेर**
**रतिया, 24 अप्रैल :** खालसा त्रिशताब्दी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रतिया के एम.ए. अंग्रेजी के प्रथम सेमेस्टर के विश्वविद्यालय परिणाम में विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए एक नई मिसाल कायम की है। महाविद्यालय की छात्रा गुरप्रीत कौर ने विश्वविद्यालय स्तर पर तृतीय स्थान तथा सिमरन ने नवम स्थान प्राप्त कर संस्था का नाम रोशन किया। इसके अतिरिक्त अन्य अनेक विद्यार्थियों ने भी प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण कर अपनी प्रतिभा और परिश्रम का परिचय दिया।
महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सुमित्रा सांगवान ने इस शानदार उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह परिणाम न केवल विद्यार्थियों की मेहनत का प्रतिफल है, बल्कि पूरे शिक्षण स्टाफ की प्रतिबद्धता और समर्पण का भी प्रमाण है। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नियमित मार्गदर्शन और अनुशासित वातावरण ही ऐसे उत्कृष्ट परिणामों की आधारशिला होते हैं। इस अवसर पर डॉ. अजीत कुमार ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि एम.ए. अंग्रेजी जैसे विषय में विश्वविद्यालय स्तर पर स्थान प्राप्त करना अत्यंत चुनौतीपूर्ण होता है। गुरप्रीत और सिमरन की यह सफलता उनकी निरंतर अध्ययनशीलता, गहन समझ और दृढ़ संकल्प का परिणाम है। उन्होंने अन्य विद्यार्थियों को भी इस उपलब्धि से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। प्रो. प्रदीप सिंह ने विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि टीमवर्क का परिणाम है। उन्होंने बताया कि विभाग में विद्यार्थियों को विषय की गहराई से समझ विकसित करने के लिए नियमित चर्चाएँ, सेमिनार और लेखन अभ्यास कराए जाते हैं।

## राज्य स्तरीय महाराणा प्रताप जयंती समारोह को लेकर जनसंपर्क तेज

**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौर, 24 अप्रैल (कुलदीप सैनी) :** 9 मई को अंबाला के शहजादपुर में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयंती समारोह को लेकर भाजपा नाहरपुर मंडल मंडल अध्यक्ष आदेश राणा व मोहित राणा उन्हेड़ी ने कई गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने गांव नाचरौन, पालेवाला, मॉडल टाउन करहेड़ा, गुमथला सहित विभिन्न गांवों में पहुंचकर सर्व समाज को इस कार्यक्रम में पंहुचने का निमंत्रण दिया। उन्होंने बताया कि समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शिरकत करेंगे, जबकि



अध्यक्षता कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा करेंगे। उन्होंने कहा कि वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप का जीवन त्याग, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक है, जिससे प्रत्येक व्यक्ति को प्रेरणा लेनी चाहिए।

## नियमितीकरण व टेट छूट को लेकर शिक्षकों ने सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन



**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौर, 24 अप्रैल (कुलदीप सैनी) :** हरियाणा अतिथि अध्यापक संघ, ब्लॉक रादौर के गेस्ट टीचर्स ने मुख्यमंत्री के नाम कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा के माध्यम से उनके प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में सुप्रीम कोर्ट के 16 अप्रैल के आदेश का हवाला देते हुए अतिथि अध्यापकों को नियमित करने की मांग उठाई गई। संघ के प्रवक्ता सतीश वशिष्ठ ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के केस मदन सिंह बनाम हरियाणा सरकार में दिए गए फैसले के अनुसार, 2014 की नियमितीकरण नीति की शर्तें पूरी करने वाले सभी

**मांग**

▢ सुप्रीम कोर्ट के 16 अप्रैल के आदेश का हवाला देते हुए अतिथि अध्यापकों को नियमित करने की मांग उठाई

गेस्ट टीचर्स नियमित होने के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कई अतिथि अध्यापक 2006 से सेवाएं दे रहे हैं। संघ ने सरकार से आगामी 27 अप्रैल को होने वाले विधानसभा सत्र में इस आदेश को लागू कर सभी अतिथि अध्यापकों को राहत देने की मांग की। वहीं हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के राज्य उपप्रधान राकेश धनखड़ ने टेट अनिवार्यता में छूट देकर शिक्षकों की सेवाएं सुरक्षित करने की मांग उठाई। उन्होंने शिक्षा सेवा नियमावली 2012 में संशोधन, लंबित मामलों के समाधान व अतिथि अध्यापकों को नियमित करने की भी मांग की। इस मौके पर जितेंद्र कुमार, विकास पंवार, सुरेंद्र शर्मा, अनीता झांब, रितु गुप्ता, जसविंदर सिंह, यशवंत राणा, मनीष तंवर, प्यारेलाल तंवर, महिपाल कंबोज, यशपाल कंबोज, सुरेंद्र सैनी, अनिल कुमार सहित अनेक कर्मचारी व पदाधिकारी उपस्थित थे।

## पंचायत भवन में मास्टर ट्रेनरों को चुनाव प्रक्रिया से सम्बन्धित दिया जाएगा प्रशिक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बालाः** नगर निगम चुनाव के सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर एसडीएम अम्बाला छावनी कनिका गोयल व एसडीएम अम्बाला शहर दर्शन कुमार की अध्यक्षता में पंचायत भवन अम्बाला शहर के सभागार में मास्टर ट्रेनरों को चुनाव प्रक्रिया से सम्बन्धित प्रशिक्षण देने का काम किया गया। यह मास्टर ट्रेनर यहां से प्रशिक्षण लेने के बाद पोलिंग पार्टियों को प्रशिक्षण देने का काम करेंगे



ताकि चुनाव का सफलतापूर्वक आयोजन हो सके।
एसडीएम अम्बाला छावनी कनिका गोयल व एसडीएम दर्शन कुमार ने मास्टर ट्रेनरों को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रशिक्षण के दौरान उन्हें चुनाव से जुड़ी जो भी सामग्री होती है तथा चुनाव के दौरान उन्हे ईवीएम

**प्रशिक्षण**

▢ यह मास्टर ट्रेनर यहां से प्रशिक्षण लेने के बाद पोलिंग पार्टियों को प्रशिक्षण देने का काम करेंगे

मशीन बारे, ईवीएम दस्तावेज के साथ-साथ अन्य जो भी कार्य होते हैं उनका यहां पर प्रशिक्षण दिलाने का मुख्य उद्देश्य यही है कि चुनाव के दौरान उन्हे किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।
इसलिए सभी मास्टर ट्रेनर इस प्रशिक्षण का बारीकी से अध्ययन करें और उनकी जो भी क्यूरी है उसे बारे समाधान करने बारे अवगत करवाया जा सके। इस मौके पर पीपीटी के माध्यम से भी मास्टर ट्रेनरों को महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। साथ ही चुनाव से जुड़े जो दस्तावेज होते हैं उन्हे कैसे भरना है, उसे भी सैंपल के माध्यम से भरकर दिखाया गया।

## जन शिकायतों को लंबित न रखें: डीसी साहिल गुप्ता

**टीम एक्शन इंडिया**
**भिवानी, 24 अप्रैल।** डीसी साहिल गुप्ता ने लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हॉल में समाधान शिविर की साप्ताहिक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि वे शिविर में प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता से समाधान करना सुनिश्चित करें। डीसी ने समाधान शिविर में लंबित मामलों का निपटारा समय पर करने के निर्देश दिए। वहीं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरूण कुमार गुप्ता ने विभिन्न विभागों में लंबित शिकायतों और मामलों की



गहन समीक्षा की और अधिकारियों को समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डीसी साहिल गुप्ता ने निर्देश दिए कि विभागाध्यक्ष समाधान शिविर में आने वाली जन शिकायतों को लंबित न रखें। उन्होंने कहा कि मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निपटान करें। उन्होंने निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री कार्यालय उन विभागों पर कड़ी नजर रखे हुए हैं, जिनकी शिकायतें काफी समय से लंबित हैं।
डीसी श्री गुप्ता ने अधिकारियों को आपसी समन्वय से काम करने के निर्देश दिए ताकि शिकायतों का सही और समय पर निपटारा हो सके। शिकायत के समाधान की अपडेट रिपोर्ट समाधान प्रकोष्ठ के पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।

## पुलिस ने गांजा पत्ती के साथ दो नशा तस्करों को किया गिरफ्तार

**यमुनानगर।** यमुनानगर पुलिस की एंटी नारकोटिक्स सेल ने नशा तस्करी के खिलाफ अभियान के तहत महत्वपूर्ण कार्रवाई करते हुए आठ किलोग्राम गांजा बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए दोनों आरोपी आपस में रिश्तेदार बताए जा रहे हैं। इंचार्ज अनिल कुमार के अनुसार, टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि गांव महमूदपुर स्थित एक प्लाईवुड इकाई के बाहर कुछ व्यक्ति अवैध नशीले पदार्थ की सप्लाई की तैयारी में हैं। सूचना के आधार पर टीम गठित कर मौके पर दबिश दी गई। कार्रवाई के दौरान एक संदिग्ध को मौके पर काबू किया गया।

## एग्जामिनेशन सेमिनार में 30 रेफरी, जज लेंगे हिस्सा

**एग्जामिनेशन**

▢ कराटे खेल के रेफरी और जज एवं कोच एग्जामिनेशन सेमिनार का होगा आयोजन




**लाड़वा 24 अप्रैल (विजय कौशिक):** हरियाणा में पहली बार लाडवा की धरती पर लगाया जाएगा कराटे खेल के रेफरी और जज एवं कोच एग्जामिनेशन सेमिनार यह सेमिनार यूथ स्पोर्ट्स एसोसिएशन लाडवा के सहयोग से लगवाया जा रहा है कोच एवं महासचिव चमन लाल ने जानकारी देते हुए बताया है कि इस सेमिनार में हरियाणा भर से लगभग 30 रेफरी ,जज हिस्सा लेने के लिए आएंगे । इस सेमिनार में भरत शर्मा कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन के प्रधान और संजीव जांगड़ा महासचिव मुख्य तौर पर पहली बार हरियाणा की धरती पर सभी रेफरी और जज को प्रोत्साहित करने के लिए आ रहे हैं इस सेमिनार में जयप्रकाश राणा उप प्रधान भी उपस्थित रहेंगे और सभी रेफरी और जजों को नए रूल सीखने के लिए जगमोहन विज बतौर मुख्य निरीक्षक उपस्थित होंगे। यह सेमिनार 1 मई को लाडवा की यूथ स्पोर्ट्स अकैडमी में होगा संगठन के चेयरमैन चौधरी जोग ध्यान ने इस कैंप के लिए आने वाले सभी रेफरी और जजों को लाडवा में होने वाले इस कैंप के लिए हर प्रकार की सुविधा उपलब्ध करवाने की बात कही है उन्होंने बताया कि कराटे इंडिया ऑर्गेनाईजेशन एकमात्र भारत देश की ऐसी संस्था है जो खिलाड़ियों को कॉमनवेल्थ, साउथ एशिया और एशियाई गेम्स एवं अन्य अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में प्रतिभागिता दिलवाने में सक्षम है तथा इंटरनेशनल ओलंपिक कमेटी के द्वारा भी मान्यता प्राप्त संस्था के साथ सहभागी संस्था है।

## एमएलएन स्कूल में डिबेट प्रतियोगिता के साथ मनाया गया पंचायत दिवस

**रादौर, 24 अप्रैल (कुलदीप सैनी) :** एमएलएन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में इंटर हाउस अंग्रेजी डिबेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा छठी से बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता को तीन समूहों में बांटा गया। जूनियर वर्ग (6-8) में अराव प्रथम, कृतिका शर्मा द्वितीय व कृतिका तृतीय रही। मिडिल वर्ग (9-10) में तृष्ठा ने प्रथम, हर्ष ने द्वितीय व इशांत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सीनियर वर्ग (11-12) में यशवी प्रथम, तानिया द्वितीय व सुहानी तृतीय रही। विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों




पर पक्ष-विपक्ष में अपने विचार प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता का आयोजन मैडम डोली कांबोज, शिल्पी गुप्ता व सलोनी के निर्देशन में हुआ। प्रधानाचार्य प्रमोद ग्रोवर ने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए इसे उनकी अभिव्यक्ति व सोच को विकसित करने का बेहतर मंच बताया। इसी अवसर पर पंचायत दिवस भी उत्साह पूर्वक मनाया गया। प्रातःकालीन सभा में विद्यार्थियों ने ग्राम पंचायत की भूमिका और महत्व विषय पर नाटक प्रस्तुत किया। प्रधानाचार्य ने पंचायतों को लोकतंत्र की नींव बताते हुए विद्यार्थियों को सामाजिक विषयों के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया।

## गर्मी का बढ़ता प्रकोप, दोपहर की तपिश में झुलस रहे नौनिहाल, स्कूलों का समय बदलने की मांग

**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** इस बार गर्मी समय से पहले आ गई है नतीजतन अप्रैल के महीने में ही सूर्य देव के तीखे तेवरों ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। आलम यह है कि सुबह 10 बजते ही आसमान से बरसती आग और गर्म हवाओं (लू) ने लोगों के लिए सड़कों पर निकलना दूभर कर दिया है। पड़ रही चिलचिलाती गर्मी में यदि बच्चों की बात की जाए, तो भीषण गर्मी का सबसे घातक असर स्कूली बच्चों पर ही पड़ रहा है, जिसके चलते अभिभावकों ने प्रशासन से स्कूलों के समय में तत्काल बदलाव की पुरजोर मांग की है। रास्ते में गिर रहे बच्चे, अभिभावक चिंतितः संजय कुमार, राजेश कुमार, हरदीप, रतनपाल, सुमित शर्मा व संजीव कुमार आदि कुछ अभिभावकों ने उनके बच्चों का छुट्टी के बाद दोपहर को



सड़कों पर चलकर अपने घर जाना, एक डरावनी घटना सांझा करते हुए बताया कि उनके बच्चे दोपहर की छुट्टी के बाद जब घर लौट रहे थे, तो रास्ते में तेज धूप के कारण उन्हें चक्कर आ गए और वह सड़क पर ही गिर पड़े। गनीमत यह रही कि राहगीरों ने उन्हें संभाला और सुरक्षित घर पहुंचाया।

## मंडल जगाधरी के शक्ति केंद्र प्रमुखों की बैठक की अध्यक्षता की

**नितिन सिंगला जगाधरी**
**भाजपा** जिलाध्यक्ष राजेश सपरा ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला कार्यालय यमुना कमल में मंडल जगाधरी के शक्ति केंद्र प्रमुखों की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में आदमी 26 अप्रैल को माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को बूथ स्तर पर सुनने व पार्टी के आगामी कार्यक्रमों के बारे में चर्चा हुई।भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश सपरा ने कहा कि वर्तमान केन्द्र व राज्य सरकार सबका साथ-सबका विकास के मूलमंत्र के तहत शिक्षा, स्वास्थ्य सुरक्षा, स्वाभिमान और स्वावलंबन, हर वर्ग के हित को ध्यान में रखकर कार्य कर रही है और इस मूल मंत्र के माध्यम से सुशासन पर



जोर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार गांव, गरीब, किसान, महिला तथा समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। भाजयुमो जिलाध्यक्ष निश्चल चौधरी ने कहा कि हमारा देश युवाओं का देश है, युवा शक्ति विकसित देश की अग्रणी पहचान है, किसी भी देश की उन्नति में युवाओं का महत्वपूर्ण योगदान होता है।
इस दौरान भाजयुमो जिलाध्यक्ष निश्चल चौधरी, मंडल अध्यक्ष प्रियंक शर्मा,मंडल प्रभारी जिला कोषाध्यक्ष जगदीश विधार्थी, मंडल महामंत्री संदीप राय,भाजपा नेता रिंकू धीमान,पार्षद अंकित गोयल, पार्षद भानू प्रताप सिंह, भाजपा जिला मीडिया प्रमुख कपिल मनीष गर्ग , गुरमीत सिंह , खैराती लाल बतरा , पंकज विग, पंकज मंगला, संजय राणा , जतींदर कुमार सहित शक्ति केंद्र प्रमुख उपस्थित रहे

# एक महीने में टूटी सीमेंटिड गली, नपा के खिलाफ लोगों ने किया रोष प्रदर्शन

**रोष प्रदर्शन**

**गली का निर्माण करीब एक माह पहले ही कराया गया था, लेकिन ही दरारें पडने लगीं।**

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर।** नगरपालिका द्वारा बनाई गई सीमेंटिड गली एक महीने के भीतर ही टूटने पर स्थानीय लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। वार्ड 15 में इंद्रा क्लिनिक वाली गली के क्षतिग्रस्त होने से नाराज लोगों ने



नगरपालिका व प्रशासन के खिलाफ रोष प्रदर्शन किया और कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठाए। भाकियू चढूनी के कार्यकारी जिलाध्यक्ष वीरेंद्र पहल ने आरोप लगाया कि गली का निर्माण करीब एक माह पहले ही कराया गया था, लेकिन निर्माण के तुरंत बाद ही इसमें दरारें पड? लगीं। उनका कहना है कि निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग किया गया है, जिसके कारण गली टिक नहीं पाई। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि गली का लेवल सही नहीं है, जिससे नालियों में पानी जमा रहता है और बारिश के समय पानी सड़क पर ही खड़ा हो जाता है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन और ठेकेदार के बीच मिलीभगत का आरोप लगाते हुए कहा कि बिना गुणवत्ता जांच के ही ठेकेदार को भुगतान कर दिया गया। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है और चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे धरना देने को मजबूर होंगे।

# पंचायती राज दिवस पर विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

**कार्यक्रम**

**हैप्पी चाइल्ड इंटरनेशनल स्कूल में शुक्रवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया**

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर।** राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर हैप्पी चाइल्ड इंटरनेशनल स्कूल में शुक्रवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों के प्रभावशाली भाषण से हुई,
जिसमें पंचायती राज की संरचना, उसके महत्व और ग्रामीण विकास में उसकी भूमिका को सरल शब्दों में प्रस्तुत किया गया। इसके बाद विद्यार्थियों ने कविताओं के माध्यम




से गांवों की एकता, आत्मनिर्भरता और स्वशासन की भावना को जीवंत किया। विद्यालय के प्रबंधक सुनील नागपाल , प्रधानाचार्या उषा मलिक ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पंचायती राज ग्रामीण प्रशासन की महत्वपूर्ण कड़ी है, जो आम लोगों को विकास कार्यों में सीधे भागीदारी का अवसर देती है। उन्होंने बताया कि यह व्यवस्था लोकतंत्र को मजबूत बनाने के साथ-साथ शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य मूलभूत सुविधाओं के विकास में भी सहायक सिद्ध होती है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी ने सभी का मन मोह लिया।

## न्यूज फ्लैश

### पहलगाम आतंकी हमले की पैरवी के लिए केंद्र सरकार ने वरिष्ठ अधिवक्ता कर्मबीर सिंह नलवा को किया एसपीपी नियुक्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल।** जिलावासियों के लिए यह बेहद गर्व और सम्मान का क्षण है कि भारत सरकार ने 22 अप्रैल की अधिसूचना के माध्यम से सुप्रीम कोर्ट और पंजाब एंव हरियाणा हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता कर्मबीर सिंह नलवा को पहलगाम आतंकी हमले से जुड़े मामले (ह्ल्ल ष्ट्ठ्ठह्यद्ग ह्ल. क्रष्ट-०२/२०२५/ह्ल्ल/छ्वरू) की सुनवाई एवं संबंधित कार्यवाहियों के लिए स्पेशल पब्लिक प्रॉसिक्यूटर (एसपीपी) नियुक्त किया है। कर्मबीर सिंह नलवा इस महत्वपूर्ण मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) की ओर से एनआइए विशेष न्यायालय, जम्मू के साथ-साथ जम्मू-कश्मीर और लद्दाख उच्च न्यायालय में पैरवी करेंगे। नलवा का पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय, चंडीगढ़, भारत के सुप्रीम कोर्ट एवं अन्य न्यायालयों में एक समृद्ध और प्रतिष्ठित कानूनी अनुभव रहा है।
कर्मबीर सिंह नलवा का करनाल से गहरा पारिवारिक और सांस्कृतिक जुड़ाव इस उपलब्धि को हमारे क्षेत्र के लिए और भी विशेष बना देता है। साथ ही, इस हमले में शहीद हुए लेफ्टिनेंट विनय नरवाल का भी करनाल से संबंध होना इस जिम्मेदारी को भावनात्मक रूप से और अधिक महत्वपूर्ण बना देता है। यह प्रतिष्ठित नियुक्ति उनके उत्कृष्ट कानूनी ज्ञान, ईमानदारी और न्याय के प्रति अटूट समर्पण का प्रतीक है, जो पूरे करनाल और विधि जगत के लिए गर्व का विषय है। वरिष्ठ अधिवक्ता कर्मबीर सिंह नलवा को इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय दायित्व के लिए हार्दिक बधाई एवं सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं।

### समाधान शिविर की लंबित शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर करें समाधान: डीसी राहुल नरवाल

**हांसी( दिनकर गावड़ी):झजिला** में आयोजित समाधान शिविरों में प्राप्त लंबित शिकायतों के शीघ्र समाधान को लेकर उपायुक्त राहुल नरवाल ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का समयबद्ध समाधान प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है, इसलिए किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।
उपायुक्त ने बताया कि समीक्षा के दौरान यह सामने आया है कि राजस्व, पंचायत तथा स्थानीय शहरी निकाय विभागों से संबंधित शिकायतें सबसे अधिक लंबित हैं। इस पर गंभीरता दिखाते हुए उन्होंने पंचायत एवं राजस्व विभाग से संबंधित शिकायतों के समाधान की जिम्मेदारी दोनों उपमंडलों के एसडीएम को सौंपी है। उन्होंने निर्देश दिए कि एसडीएम स्वयं निगरानी रखते हुए इन शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निपटान सुनिश्चित करें।वहीं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरूण कुमार गुप्ता ने विभिन्न विभागों में लंबित शिकायतों और मामलों की गहन समीक्षा की और अधिकारियों को समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।
एडीसी लक्षित सरीन ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि समाधान शिविरों का उद्देश्य आमजन को राहत प्रदान करना है, इसलिए प्रत्येक शिकायत का निष्पक्ष और प्रभावी समाधान किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी शिकायतों को केवल औपचारिकता के रूप में न लें, बल्कि संवेदनशीलता के साथ उनका निपटारा करें।
बैठक के दौरान एडीसी लक्षित सरीन ने विभागवार लंबित शिकायतों की विस्तार से समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों से प्रगति रिपोर्ट भी ली। उन्होंने कहा कि जिन मामलों में देरी हो रही है, उनके कारणों की पहचान कर तुरंत समाधान किया जाए, ताकि नागरिकों को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े।

# टिकट कटने पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष पर लगाए परिवारवाद के आरोप

**गन्नौर।** नगर निगम पार्षद पुनीत त्यागी की टिकट कटने के बाद त्यागी समाज में नाराजगी को लेकर शुक्रवार को गढ़ी केसरी स्थित परशुराम भवन में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता गन्नौर बार एसोसिएशन प्रधान गौरव त्यागी ने की, जिसमें समाज के अनेक लोगों ने भाग लिया।
बैठक में वक्ताओं ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के रिश्तेदार को टिकट देने पर परिवारवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए कहा कि पुनीत त्यागी लंबे समय से पार्टी के प्रति निष्ठावान रहे हैं, इसके बावजूद उनका टिकट काटा जाना अनुचित है। आरोप लगाया गया कि उनका टिकट काटकर



एक रिश्तेदार को दिया गया, जिसने पूर्व में निर्दलीय चुनाव लड़ा था और पुनीत त्यागी से ही वे हार गए थे। बैठक में पार्षद अंकित त्यागी व अमित त्यागी ने कहा कि समाज के साथ मिलकर जल्द ही आगे की रणनीति तय की जाएगी।
अमित त्यागी ने मुख्यमंत्री नायब सैनी से इस मामले में पुनर्विचार करने की मांग भी की। इस अवसर पर सरपंच महेश त्यागी, बड़ी गांव के सरपंच अरुण त्यागी, सुनील पटवारी गढ़केसरी, अशोक त्यागी, नवीन त्यागी, बिजेंद्र त्यागी, हरविंदर त्यागी, प्रमोद त्यागी, नीटू त्यागी, सुरेश त्यागी आदि मौजूद रहे।

# कालूपुर स्थित क्लिनिक में शॉर्ट सर्किट से लगी आग, राजीव जैन ने जताई संवेदना




**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत, 24 अप्रैल ।** कालूपुर चुंगी स्थित डॉक्टर अनिल क्लिनिक में शॉर्ट सर्किट के कारण मशीनों में आग लग गई। बताया गया कि क्लिनिक में आज ही नई लेजर मशीन लगाकर नई शुरूआत की गई थी, लेकिन अचानक हुए हादसे से नुकसान हुआ। सूचना मिलने पर राजीव जैन, सोनीपत नगर निगम के भाजपा मेयर प्रत्याशी, क्लिनिक पहुंचे और डॉक्टर देवयानी से मुलाकात कर सांत्वना व्यक्त की। उन्होंने घटना पर दुख जताते हुए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

# पंचकूला नगर निगम चुनाव को लेकर भाजपा ने तैयारियां कर दी हैं तेज

**टीम एक्शन इंडिया**

**पंचकूला, 24 अप्रैल मैनपाल –** पंचकूला नगर निगम चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में भाजपा के मेयर पद के प्रत्याशी श्यामलाल बंसल ने आज एसडीएम कार्यालय पंचकूला में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और वरिष्ठ नेता कवरपाल गुर्जर भी उनके साथ मौजूद रहे। नामांकन के बाद आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने श्यामलाल बंसल की सराहना करते हुए कहा कि वे पार्टी के पुराने और समर्पित कार्यकर्ता हैं। उन्होंने बताया कि बंसल तीन बार चुनाव लड़ चुके हैं और समाज के हर वर्ग के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाते रहे हैं। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि पार्टी हाईकमान ने उन्हें मेयर पद का उम्मीदवार बनाकर सही निर्णय लिया है।
उन्होंने कहा कि भाजपा पंचकूला में एक बार फिर ह्लकमल खिलानेह्व के लिए पूरी तरह तैयार है और इस बार भारी मतों से जीत हासिल करेगी।
मुख्यमंत्री ने कार्यकताओं से एकजुट होकर चुनाव में जुटने का आह्वान भी किया।
इस दौरान मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर भी निशाना साधते हुए कहा कि आज कांग्रेस पार्टी पूरी तरह कमजोर हो चुकी है।

# एडीसी ने लघु सचिवालय भवन में किया वाटर कूलर का लोकार्पण

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** गर्मी के मौसम को मध्यनजर रखते हुए पंजाब नेशनल बैंक द्वारा नागरिक सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत लघु सचिवालय भवन की प्रथम मंजिल पर आम जनता एवं आगंतुक नागरिकों की सुविधा के लिए 2 आधुनिक वाटर कूलर भेंट किए गए। इस पहल का उद्देश्य गर्मी के मौसम में लोगों को स्वच्छ एवं ठंडा पेयजल उपलब्ध कराना तथा जनसेवा में योगदान देना है। अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. राहुल रईया ने पंजाब नेशनल बैंक के मंडल प्रमुख त्रिमूर्ति शिव पांडे



(डीजीएम) एवं अग्रणी जिला प्रबंधक सुशील कुमार हंदुजा की उपस्थिति में रिबन काटकर वाटर कूलरों का विधिवत रूप से लोकार्पण किया। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि इस प्रकार के कार्य न केवल जन सुविधा को बढ़ाते हैं, बल्कि समाज में सकारात्मक संदेश भी देते हैं। मंडल प्रमुख ने बताया कि पंजाब नेशनल बैंक हमेशा से सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति सजग रहा है। बैंक द्वारा समय-समय पर जनहित में विभिन्न कल्याणकारी कार्य किए जाते रहे हैं और भविष्य में भी इस प्रकार की पहल निरंतर जारी रहेगी, ताकि अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिल सके।
कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आम नागरिकों ने इस सराहनीय पहल के लिए पंजाब नेशनल बैंक का धन्यवाद एवं स्वागत किया और कहा कि गर्मी के दिनों में यह सुविधा लोगों के लिए काफी राहत प्रदान करेगी।

# विश्व पुस्तक एवं कॉपीराइट दिवस पर हकेवि में पुस्तक प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** विश्व पुस्तक एवं कॉपीराइट दिवस के अवसर पर हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के विधि विभाग द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय केंद्रीय पुस्तकालय के सहयोग से विधि पुस्तकालय में एक दिवसीय पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं शिक्षकों में पठन-पाठन की आदत को प्रोत्साहित करना तथा कॉपीराइट एवं बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।

# लहरी सिंह पार्क के सौंदर्यीकरण का काम शुरू, ढाई करोड़ से होगा विकास

**निर्देश**

**नपाध्यक्ष ने पार्क का निरीक्षण कर ठेकेदार को गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए**

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर**

नगरपालिका के साथ लगते लहरी सिंह पार्क के सौंदर्यीकरण व विकास कार्य की शुरूआत कर दी गई है। करीब ढाई करोड़ रुपये की लागत से पार्क को आधुनिक स्वरूप में विकसित किया जाएगा। इस परियोजना को एक वर्ष में पूरा करने का लक्ष्य




निर्धारित किया गया है, जिससे शहरवासियों को एक बेहतर और सुविधाजनक सार्वजनिक स्थल मिल सके। ठेकेदार द्वारा मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। नपाध्यक्ष अरुण त्यागी ने पार्क का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों व ठेकेदार को गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और समय-समय पर निरीक्षण किया जाएगा। विकास कार्य के तहत पार्क में ओपन जिम, वाकिंग ट्रैक और बच्चों के लिए आकर्षक प्ले एरिया बनाया जाएगा। इसके अलावा सोलर ट्री, डिजाइनर लाइटें, बैठने के लिए बेंच, आधुनिक शौचालय, गार्ड रूम और पार्किंग की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। पार्क के मुख्य द्वार को सुंदर और आकर्षक बनाया जाएगा तथा बीच में फ्लैग पोस्ट भी स्थापित किया जाएगा। पार्क के विकसित होने से न केवल शहर की सुंदरता में वृद्धि होगी, बल्कि लोगों को सैर-सपाटे और स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियों के लिए बेहतर स्थान मिलेगा।

# पर्यावरण को समर्पित एचईएस के पौधारोपण शिविर का हुआ समापन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** हरियाणा एनवायरमेंटल सोसायटी कुरुक्षेत्र तथा हरियाणा के विभिन्न क्षेत्रों को हरा भरा बनाने के लिए पिछले कई वर्षों से प्रयासरत है। पर्यावरण को समर्पित संस्था एचईएस ने कुरुक्षेत्र शहर के विभिन्न जगहों पर एक सात दिवसीय पौधा रोपण शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में देश विदेश से आए 15 से अधिक परिवारों ने स्थानीय लोगों ,खासकर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के प्रोफेसरों के साथ मिलकर संस्था के तत्वाधान में पौधे लगाए। एचईएस के कुरुक्षेत्र और ओवरसीज चैप्टरों के कोऑर्डिनेटरों प्रोफेसर अमेरिटस डा. हरिसिंह व अमेरिका निवासी राजेश सिंह सैनी की देखरेख में अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया तथा भारत के दिल्ली, जयपुर, अजमेर, कोटा, उज्जैन, पंचकूला तथा कुरुक्षेत्र में रह रहे 20 से अधिक परिवारों के परिजनों के नाम से पौधा रोपण किया गया। इस मौके पर संस्था के संरक्षक प्रोफेसर अमेरिटस डा. एसपी सिंह व कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से डा. कंवल गर्ग, डा. अश्वनी मित्तल, एलएनजेपी हॉस्पिटल की पूर्व पीएमओ डा. अनुपमा, लीला देवी , मियां सिंह तथा श्री निवास धीमान व अन्य ने अपने व अपने परिवारजनों के नाम से पौधे लगाए।

# बस स्टैंड पर 15 बदमाशों ने एक युवक पर चाकू से किए कई वॉर

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**

**करनाल।** कस्बा घरौंडा के नए बस स्टैंड पर दिनदहाड़े एक छात्र पर 12 से 15 युवकों ने मिलकर जानलेवा हमला कर दिया। हमलावरों ने चाकू और अन्य अवैध हथियारों से युवक के सिर, पेट और बाजू पर कई वार किए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वारदात के दौरान आरोपी युवक की सोने की चेन भी लूटकर फरार हो गए। घायल की हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने तीन नामजद सहित अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।
गांव बस्सी अकबरपुर निवासी विजय कुमार ने पुलिस को दी



शिकायत में बताया कि उसका बेटा आज दोपहर करीब 12.30 बजे करनाल के सरकारी कॉलेज से घर लौट रहा था। जैसे ही वह घरौंडा के नए बस स्टैंड पर पहुंचा, वहां पहले से मौजूद 12 से 15 युवकों ने उस पर हमला कर दिया।
हमलावरों ने युवक पर चार से पांच बार चाकू से सिर पर वार किए। इसके अलावा पेट और बाजू पर भी चाकू से हमले किए गए। मौके पर मौजूद लोगों के अनुसार आरोपियों के पास अन्य अवैध हथियार भी थे और उन्होंने पहले से युवक की रेकी कर रखी थी। शिकायतकर्ता ने आशंका जताई कि उसके बेटे को जान से मारने की साजिश रची गई थी। घटना के दौरान आरोपियों ने घायल युवक की सोने की चेन भी छीन ली। हमले के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए, जबकि आसपास के लोगों ने घायल को अस्पताल पहुंचाया।
घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों के आधार पर पुलिस ने आरोपियों की पहचान की है। शिकायत में सायन निवासी गांव अंधेड़ा, हिमांशु और दीपक को मुख्य आरोपी बताया गया है। पुलिस को दी गई मेडिकल रिपोर्ट के अनुसार घायल युवक देव के शरीर पर कुल 6 चोटें पाई गई हैं। इनमें पेट, कोहनी और सिर के अलग-अलग हिस्सों पर गहरे जख्म शामिल हैं। सिर पर 4 से 5 जगह कट के निशान हैं, जिनमें कुछ घाव 4 सेमी तक बड़े हैं। थाना घरौंडा में आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने सायन निवासी अंधेड़ा व अन्य आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरोपी पर मारपीट, जान से मारने की धमकी और अन्य गंभीर आरोप लगाए गए हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# योग का नियमित और लगातार अभ्यास करना जरूरी : शिवानी कंबोज

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** मेरा मिशन स्वस्थ भारत द्वारा योग साधकों के वृंदावन पर्यटन के दौरान महिला शिक्षिकाओं द्वारा करवाया गया योग। मिशन प्रमुख दिनेश गुलाटी ने बताया कि मिशन के अंतर्गत दो दिवसीय वृंदावन यात्रा का कार्यक्रम रखा गया, जिसमें साधकों ने भक्ति के साथ-साथ योग की शक्ति का भी प्रदर्शन किया।
योग शिक्षिकाओं शिवानी कंबोज,बरखा जिंदल, वीणा सेठ और राधिका भाटिया के नेतृत्व में योग की सभी क्रियाओं आसन,



प्राणायाम, एरोबिक्स का अभ्यास हुआ। भक्तिमय गीतों के साथ सभी ने योग का लाभ और आनंद लिया। उन्होंने बताया कि योग की निरंतरता का अत्यधिक महत्व है। हर दिन हर पल अपने अभ्यास को ईश्वर के चरणों में समर्पित करें तो फिर न कोई विघ्न टिकता है और ना ही निरंतता टूटती है योग एक पथ है और हर पथिक की पूंजी है, उसकी निरंतता।नियमित योग अभ्यास सहनशक्ति लचीलापन और तंत्रिका तंत्र को बेहतर बनाने में मदद करता है और समग्र रूप से अच्छे स्वास्थ्य की अनुभूति को बढ़ावा देता है।
उन्होंने कहा कि योग का नियमित और लगातार अभ्यास करना जरूरी है, ताकि इसका संपूर्ण लाभ मिल सके इसके लिए एक नियमित दिनचर्या बनाएं। शरीर में लचीलापन, गतिशीलता, एकाग्रता जैसे लाभ निरंतर और दीर्घकालिक प्रशिक्षण से प्राप्त होते हैं। हर दिन सुबह उठकर अपने लिए कम से कम एक घंटा निकले और योग अभ्यास करें।

## न्यूज फ्लैश

### खेलों से निखरेगा बच्चों का भविष्य, मोबाइल से दूरी जरूरी : अंकुश मिगलानी

**टीम एक्शन इंडिया**
**संतोष गर्ग**

चंडीगढ़। हरियाणा रेडक्रॉस सोसायटी के वाइस चेयरमैन अंकुश मिगलानी ने कहा कि खेल बच्चों के समग्र विकास का आधार हैं। जीत और हार खेल का स्वाभाविक हिस्सा हैं, लेकिन प्रतियोगिता में भाग लेना ही असली सफलता है। उन्होंने बच्चों को मोबाइल के बढ़ते उपयोग से दूर रहकर मैदान में समय बिताने का संदेश दिया और कहा कि खेल न केवल शारीरिक फिटनेस बढ़ाते हैं, बल्कि मानसिक मजबूती और आत्मविश्वास भी विकसित करते हैं।

रेडक्रॉस वाइस चेयरमैन आरके मंगलम वर्ल्ड स्कूल विकासपुरी नई दिल्ली में खेल दिवस समारोह में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। स्कूल में पहुंचने पर आरके मंगलम ग्रुप ऑफ वर्ल्ड स्कूल के चेयरमैन केआर मंगलम ने उनका पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। खेल दिवस समारोह का शुभारंभ खिलाड़ियों द्वारा मशाल प्रज्वलित करके साथ हुआ। इसके साथ ही, रंग-बिरगें गुब्बारे छोडे गए जिसके साथ ही खेल उत्सव के उद्घाटन की घोषणा की गई। खेल उत्सव कार्यक्रम में परेड, लेजियम ड्रिल और डम्बल ड्रिल ने अपने तालमेल से दर्शकों को मुग्ध कर दिया जबकि योग प्रदर्शन ने लचीलापन, सन्तुलन और एकाग्रता को प्रदर्शित किया। मुख्यातिथि अंकुश मिगलानी ने कहा कि जो बच्चे खेल में भाग नहीं लेते हैं उन्हें भी खेल के महत्व के बारे में जागरूक किया जाए। जीत व हार एक सामान्य प्रक्रिया है सभी प्रतिभागी नहीं जीत सकते परंतु प्रतियोगिता में भाग लेना ही सराहनीय है।

अंकुश मिगलानी ने बच्चों को केवल जागरूक ही नहीं किया अपुति उन्होंने बच्चों को शपथ दिलवाई कि वे खेल प्रतियोंगिता में हमेशा भाग लेगे व प्रतिदिन भी अपने मनोरंजन के लिए मोबाइल का इस्तेमाल न कर-के बाहरी खेलों में भाग लेगें।

वाइस चेयरमैन ने स्कूल का दौरा भी किया तथा बच्चों के द्वारा शिक्षा प्रतियोगिता, खेल प्रतियोगिता एंव अन्य प्रतियोगिताए, स्कूल डिस्पिलिन इत्यादि के बारे में किए जा रहे कार्यो की समीक्षा कर बहुत सरहाना की तथा बच्चों का मनोबल बढ़ाते हुए उन्हें पुरस्कृत भी किया। इस अवसर पर जिला विधि सेवा प्राधिकरण दक्षिण-पश्चिम दिल्ली सचिव शुभम देवडिया, ओलंपिक खिलाड़ी रवि दहिया, शिव लोचन, विनोद नागर, रितेश चावला, प्रधानाचार्या प्रिया अरोडा, दिशा स्कूल आर्फ आटिस्टिक चिल्ड्रन की कार्यकर्ता बीनू सहानी प्रमुख रूप से मौजूद रहीं।

### हांसी जिला में हर सरकारी तथा गैर सरकारी विद्यालय में मनाया जाएगा मदर- डॉटर डे : डीसी राहुल नरवाल*

**हांसी( दिनकर गावड़ी):झ** डीसी राहुल नरवाल की अध्यक्षता में स्थानीय लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में एक बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में एसडीएम राजेश खोथ, नारनौंद के एसडीएम विकास यादव, शिक्षा, स्वास्थ्य, विकास एवं पंचायत तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में गर्भाशय कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी को जड़ से खत्म करने के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान के तहत हो रहे कार्यों की गहनता से समीक्षा की गई।

डीसी राहुल नरवाल ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिला में 14 और 15 वर्ष आयु की 3699 लड़कियां है। इन सभी लड़कियों को गर्भाशय कैंसर जैसी बीमारी से बचाव के लिए माता-पिता की सहमति से टीकाकरण करवाना करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने स्वास्थ्य, शिक्षा, राजस्व तथा पंचायत विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट कहा कि वे टीकाकरण करवाने के फायदे तथा नहीं करवाने के नुकसान के बारे में नागरिकों को जागरूक करें।

डीसी राहुल नरवाल ने कहा कि जिला की प्रत्येक सरकारी तथा गैर सरकारी विद्यालय में माता पुत्री दिवस भी मनाया जाएगा। बहुत ही जल्द इस दिवस की तिथि काफी निर्धारण कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस दिवस को मनाने के पीछे एकमात्र उद्देश्य लड़कियों को गर्भाशय कैंसर जैसी बीमारी से सदैव के लिए मुक्ति दिलवाने है। उन्होंने विशेषज्ञ डॉक्टरों की राय को सांझा करते हुए कहा कि यह टीकाकरण करवाने से शरीर पर किसी प्रकार का कोई प्रतिकूल असर नहीं पड़ता है। उन्होंने हांसी तथा नारनौंद उपमंडल के एसडीएम को नोडल अधिकारी नियुक्त किया। उन्होंने कहा कि माता- पुत्री दिवस कार्यक्रम में 14 और 15 वर्ष आयु की लड़कियों की माता को अवश्य शामिल करें।

*वैक्सीनेशन कैंप लगाए जाए : डीसी राहुल नरवाल* डीसी राहुल नरवाल ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए की वे ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्र में टीकाकरण कैंप लगाने के लिए विस्तृत शेड्यूल तैयार करें

# राष्ट्रीय पंचायत दिवस पर डी.डी.पी.ओ. का संदेश: जनभागीदारी से ही तय होगी विकास की दिशा

**चर्चा**

रेडियो निदेशक दीप्ति शाह, योगिता शर्मा, जितेश पोसवाल और भारत कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।



**टीम एक्शन इंडिया**
**संतोष गर्ग**

**पलवल**। राष्ट्रीय पंचायत दिवस के अवसर पर जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी उपमा अरोड़ा ने सामुदायिक रेडियो केंद्र रेडियो एनजीएफ 90.4 पर पंचायत व्यवस्था, सरकारी योजनाओं और ग्रामीण विकास से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी साझा की। कार्यक्रम के दौरान दिए गए साक्षात्कार में उन्होंने पंचायतों की कार्यप्रणाली, पारदर्शिता और जवाबदेही को लेकर विस्तार से चर्चा की। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल सशक्तिकरण को बढ़ावा देने वाले ह्ाई-ग्राम स्वराजह्न मंच की उपयोगिता पर भी प्रकाश डाला।

उन्होंने पलवल जिले की ततारपुर पंचायत का उल्लेख करते हुए बताया कि यह देश की पहली पंचायत है, जहां ई-ग्राम सभा का सफल आयोजन किया गया। इसे डिजिटल पहल की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया गया। उपमा अरोड़ा ने हरियाणा में पंचायतों में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण को देश की विकास यात्रा में एक अहम उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि इससे महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है और स्थानीय स्तर पर निर्णय प्रक्रिया अधिक सशक्त हुई है।

इस अवसर पर उन्होंने जिले में प्रत्येक सोमवार और वीरवार को आयोजित होने वाले समाधान शिविरों की जानकारी देते हुए आमजन से इनका लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास, देश के समग्र विकास की मजबूत कड़ी है और इसमें जनभागीदारी की अहम भूमिका होती है।

कार्यक्रम के अंत में उन्होंने कहा कि जब तक आमजन सक्रिय रूप से विकास कार्यों में भागीदारी नहीं निभाएंगे, तब तक योजनाओं का पूर्ण लाभ नहीं मिल पाएगा।

इस अवसर पर रेडियो निदेशक दीप्ति शाह, योगिता शर्मा, जितेश पोसवाल और भारत कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### एबीवीटी स्टाफ सिरसा पुलिस ने 32 बोर के अवैध पिस्तौल सहित युवक को दबोचा

**टीम एक्शन इंडिया**
**सिरसा(शुभम.खटक).पुलिस** अधीक्षक दीपक सहारन के निर्देशानुसार अवैध हथियार रखने वाले अपराधियों के खिलाफ चला जा रहे विशेष अभियान के तहत जिला की एबीवीटी स्टाफ सिरसा पुलिस टीम ने गश्त व चेकिंग के दौरान महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते शहर के बाजेकां चौक से एक युवक को 32 बोर के अवैध पिस्तौल सहित काबू करने में सफलता हासिल की है । इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए एबीवीटी स्टाफ सिरसा पुलिस टीम के प्रभारी ने बताया कि स्टाफ की एक पुलिस टीम गश्त व चेकिंग के दौरान बस स्टैंड से होते हुए मोरीवाला की तरफ जा रहे थे । इस दौरान पुलिस पार्टी जब बाजेकां चौक सिरसा के नजदीक पंहची तो वेदवाला रोड़ की तरफ से बाजेंका चौक की तरफ एक नौजवान युवक आता दिखाई दिया । उक्त युवक ने सामने पुलिस की गाड़ी को देखकर अचानक वापस मुड़कर तेज-तेज कदमों से खिसकने का प्रयास करने लगा तो पुलिस पार्टी ने आरोपी कमल सिंह पुत्र महेंद्र सिंह निवासी गुरू तेग बहादुर नगर सिरसा को काबू कर नियमानुसार तलाशी ली तो उसके कब्जा से 32 बोर का अवैध पिस्तौल बरामद हुआ । उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए युवक के खिलाफ थाना सदर सिरसा में शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच सदर थाना पुलिस को सौंपी गई है । उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए युवक को अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा और रिमांड अवधि के दौरान अवैध हथियारों के इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के बारे में नाम पते मालूम कर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## विश्व पशु चिकित्सा दिवस पर कार्यशाला का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**



**महेंद्रगढ़।** लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, हिसार के कुलपति महोदय प्रो० (डॉ) विनोद कुमार वर्मा के दिशा-निर्देशन में, हरियाणा पशु विज्ञान केंद्र, महेंद्रगढ़ द्वारा दिनांक 24 अप्रैल को विश्व पशु चिकित्सा दिवस पर पशु ज्ञान दिवस का आयोजन का आयोजन किसान कांफ्रेंस हाल, उपनिदेशक कार्यालय, नारनौल में किया गयो कार्यशाला का आयोजन डॉ. देवेन्द्र सिंह, वैज्ञानिक, व डॉ. ज्योति शुन्थवाल, वैज्ञानिक द्वारा किया गया` कार्यशाला के मुख्य अतिथि डॉ. नसीब सिंह, उपनिदेशक, पशुपालन विभाग रहें` कार्यक्रम में डॉ बलजीत एवं डॉ रोहताश उपमंडल अधिकारी, वशिष्ठ अतिथि रहें

गौतलब हैं की हरियाणा पशु विज्ञान केंद्र, महेंद्रगढ़ द्वारा विश्व पशु चिकित्सा दिवस ( 25 अप्रैल) के रूप में कार्यशाला के साथ साथ कल ग्राम मंडलाना व कनिना में भी कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे`

इस वर्ष विश्व पशु चिकित्सा दिवस की थीम पर आधारित कार्यक्रम में पशु चिकित्सकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर पशुपालकों को पशु स्वास्थ्य, रोग नियंत्रण, पोषण एवं आधुनिक पशुपालन तकनीकों की जानकारी दी गई। पशु चिकित्सकों के लिए आयोजित कार्यशाला में उभरती बीमारियों, टीकाकरण रणनीतियों तथा एक स्वास्थ्य अवधारणा पर विस्तार से चर्चा की गई।

### नीमका गांव में भीषण आग से किराना स्टोर राख

**नूंह मेवात (लियाकत अली ):** क्षेत्र के गांव नीमका में एक गरीब परिवार की बड़ी किराना एवं परचून की दुकान में अज्ञात कारणों से भीषण आग लग गई, जिससे लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। हादसा बीती रात हुआ, जिसके बाद शुक्रवार को ग्रामीण पीड़ित परिवार के समर्थन में पुनहाना लघु सचिवालय पहुंचे और एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर आर्थिक सहायता की मांग की।जानकारी के अनुसार, होडल-पुन्हाना रोड पर स्थित यह दुकान इरसाद पुत्र जुहरू निवासी नीमका की थी। दुकान में परचून का भारी मात्रा में सामान, बच्चों के कपड़े, चप्पलें, कोल्ड ड्रिंक का होलसेल स्टॉक, चार फ्रिज और कूलर रखे हुए थे। आग इतनी तेजी से फैली कि दुकान मालिक और लोग सामान तक बाहर नहीं निकाल सके।

## जेसीबी के कर्मचारियों के प्रशिक्षण देगा एसवीएसयू

**टीम एक्शन इंडिया**
**संतोष गर्ग**



**पलवल।** श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय जेसीबी के कर्मचारियों को मेक्ट्रोनिक्स एवं इंडस्ट्रियल ऑटोमेशन पर प्रशिक्षण देगा। अकादमिक अधिष्ठाता प्रोफेसर विक्रम सिंह ने शुक्रवार को इस प्रोग्राम की शुरूआत की। जेसीबी के कर्मचारी विश्वविद्यालय के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में प्रशिक्षण हासिल करेंगे। प्रोफेसर विक्रम सिंह ने इस मौके पर उद्योग आधारित कौशल विकास के बढ़ते महत्व और ऑटोमेशन व मेक्ट्रॉनिक्स जैसे नए क्षेत्रों में लगातार कौशल बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने ऐसे संयुक्त प्रयासों को तकनीकी शिक्षा को उद्योग की जरूरतों से जोड़ने के लिए महत्वपूर्ण बताया। स्किल डिपॉर्टमेंट ऑफ ऑटोमेटिव स्टडीज के चेयरपर्सन डॉ. संजय सिंह राठौर ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया और कार्यक्रम की पूरी जानकारी दी। उन्होंने इसके उद्देश्य, संरचना और अपेक्षित परिणामों को सरल तरीके से समझाया तथा प्रायोगिक सीखने पर जोर दिया।

सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के निदेशक डॉ. मनी कंवर सिंह ने तकनीकी कौशल बढ़ाने में प्रायोगिक प्रशिक्षण और आधुनिक सुविधाओं के महत्व को बताया। उन्होंने कहा कि सेंटर ऑफ एक्सीलेंस प्रतिभागियों को सीखने और कौशल सुधारने का अच्छा मंच प्रदान करता है। जेसीबी इंडिया लिमिटेड के अधिकारी प्रेम नंदन यादव और समीर जाखड़ ने भी अपने विचार साझा किए। उन्होंने विश्वविद्यालय की इस पहल की सराहना की और विश्वास जताया कि यह प्रशिक्षण जेसीबी कर्मचारियों की तकनीकी क्षमता को मजबूत करेगा।

# दयालु-2 योजना के लाभार्थियों को तय समय में दिया जाए मुआवजा: एडीसी

**समीक्षा बैठक**

दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना-2 के तहत प्राप्त आवेदनों की समीक्षा



**सिरसा, (रणबीर खटक)** अतिरिक्त उपायुक्त अर्पित संगल की अध्यक्षता में शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना-2 के तहत समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में योजना के तहत आए आवेदनों की समीक्षा करते हुए उनके जल्द निपटान करने के निर्देश दिए गए। बैठक में पोर्टल अनुसार नौ आवेदनों की समीक्षा की गई जिसमें से छह को स्वीकृति प्रदान करते हुए लाभार्थियों को जल्द सहायता राशि जारी करने के निर्देश दिए गए। बैठक में जिला स्तरीय समिति के सदस्य व लाभार्थी भी मौजूद रहे। एडीसी अर्पित संगल ने कहा कि इस योजना के तहत आवारा पशुओं जैसे कि गाय, सांड, बेल, भैंस, नीलगाय तथा कुत्तों के हमले या अथवा या उनसे हुई दुर्घटनाओं में मृत्यु चोट अथवा दिव्यांगता की स्थिति में प्रभावित परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। योजना के अंतर्गत मृत्यु अथवा 70 प्रतिशत या उससे अधिक स्थायी पूर्ण दिव्यांगता की स्थिति में पात्र परिवार को अधिकतम 5 लाख तक की सहायता राशि दी जाती है जबकि 70 प्रतिशत से कम आंशिक दिव्यांगता के मामले में दिव्यांगता के प्रतिशत के अनुसार मुआवजा प्रदान किया जाता है और कुत्ते के काटने से हुई चोट के मामलों में भी निर्धारित नियमों के अनुसार आर्थिक सहायता का प्रावधान है। कुत्ते के काटने की स्थिति में, डॉक्टरों के लिए उपचार पर्ची पर दांतों की संख्या और घाव की गंभीरता का उल्लेख करना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि इस स्कीम के तहत एफआईआर में घटना का पूरा विवरण कब, कहां, कैसे घटना हुई पुलिस द्वारा दर्ज किया जाए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं बोर्ड द्वारा जारी रिपोर्ट का होना अत्यंत आवश्यक है स्कीम से संबंधित किसी भी जानकारी के लिए आप किसी भी कार्यदिवस को लघु सचिवालय स्थित जिला सांख्यिकी कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि योजना का लाभ उन्हीं परिवारों को मिलेगा जो परिवार पहचान पत्र में पंजीकृत हो, जिनके साथ घटना हरियाणा राज्य की सीमा में घटित हुई हो तथा दुर्घटना या हमला आवारा पशु या जानवर के कारण हुआ हो। इसके साथ ही दावा घटना की तिथि से 90 दिनों के भीतर करना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि प्राप्त दावों की जांच एवं स्वीकृति जिला स्तरीय समिति द्वारा की जाती है, ताकि सभी मामलों का निपटान और पारदर्शी ढंग से किया जा सके।

### मेवाती सिंगर असलम को जमानत, 6 दिन बाद मिली राहत

**नूंह मेवात (लियाकत अली ):** आपत्तिजनक गाने के मामले में गिरफ्तार किए गए मेवाती सिंगर असलम को करीब छह दिन न्यायिक हिरासत में रहने के बाद अदालत से जमानत मिल गई। जमानत मिलने की खबर सामने आते ही उनके फैंस और समर्थकों में खुशी का माहौल है। 17 अप्रैल को साइबर थाना पुलिस ने असलम को उस मामले में गिरफ्तार किया था, जिसमें उन पर एक गाने के जरिए अवैध हथियारों, रंगदारी और एक बदमाश की महिमा मंडन जैसे कंटेंट को बढ़ावा देने के आरोप लगे थे। मामले को गंभीर मानते हुए पुलिस ने कार्रवाई की थी।

जमानत सुनवाई के दौरान असलम की ओर से एडवोकेट ताहिर हुसैन रूपड़िया और एडवोकेट ताहिर हुसैन देवला ने पक्ष रखते हुए अदालत में दलील दी कि असलम पर लगी धाराओं में अधिकतम तीन साल तक की सजा का प्रावधान है, ऐसे में उन्हें लंबे समय तक न्यायिक हिरासत में रखना उचित नहीं है। बचाव पक्ष की प्रभावी बहस और कानूनी आधारों को सुनने के बाद अदालत ने असलम को राहत देते हुए जमानत मंजूर कर ली। करीब छह दिन बाद मिली इस राहत को उनके समर्थक बड़ी राहत के तौर पर देख रहे हैं। वहीं जेल से रिहा होने के बाद असलम को सीधे साइबर थाना पुलिस और नूंह सीआईए की एक टीम ने हिरासत में लेकर पुलिस मुख्यालय पहुंचाया, जहां उन्हें एडिशनल एसपी के सामने पेश किया गया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने उन्हें दोबारा सख्त चेतावनी दी कि यदि भविष्य में जेल से रिहाई के बाद किसी तरह का जुलूस निकाला गया या जश्न मनाया गया, तो उनके खिलाफ फिर से कार्रवाई की जा सकती है।

### सेशन जज फरीदाबाद का ड्राइवर बताकर ठगी/दलाली करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**नूंह मेवात (लियाकत अली ):** सदर थाना पुलिस ने एक ऐसे अपराधी को दबोचा है जो खुद को सेशन जज फरीदाबाद का ड्राइवर बताकर लोगों को झांसे में लेकर ठगी/दलाली करता था। आरोपी पर मुकदमे में धारा हटवाने, गिरफ्तारी से राहत दिलाने और प्रभाव का डर दिखाकर 1 लाख 80 हजार रुपये लेने का आरोप है। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच तेज कर दी है। शशि शेखर एडिशनल एसपी के मुताबिक गांव धांधुका निवासी इकबाल पुत्र सम्मन द्वारा पुलिस अधीक्षक नूंह को दी गई शिकायत में बताया गया कि गांव बाबूपुर निवासी न्याज मोहम्मद और उसके साथ इमरान नामक व्यक्ति, जो खुद को सेशन जज फरीदाबाद का ड्राइवर बताता था, ने उसके खिलाफ दर्ज मुकदमे में धारा 307 नहीं लगने देने और परिजनों को राहत दिलाने का झांसा देकर 1 लाख 80 हजार रुपये ले लिए।

## हकेवि ने टाइम्स हॉयर रैंकिंग एशिया विविद्य रैंकिंग में बनाई पहचान

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** हकेवि ने 501-600 बैंड में पाया स्थान टाइम्स हायर एजुकेशन (टीएचई) एशिया विश्वविद्यालय रैंकिंग 2026 की घोषणा कर दी गई है, जिसमें हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ ने 501-600 बैंड में स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि विश्वविद्यालय की शैक्षणिक प्रगति की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।



विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि टाइम्स हायर एजुकेशन एशिया रैंकिंग में स्थान प्राप्त करना हमारे लिए गर्व का विषय है। यह उपलब्धि विश्वविद्यालय परिवार के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। हम गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, उत्कृष्ट शोध एवं वैश्विक मानकों के अनुरूप शैक्षणिक वातावरण के निर्माण के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। हमारा उद्देश्य विद्यार्थियों में नवाचार, चिंतन एवं नैतिक मूल्यों का विकास करना है। कुलपति ने इस उपलब्धि के लिए सभी शिक्षकों, शोधार्थियों, विद्यार्थियों, कर्मचारियों व सहभागियों को बधाई दी। कुलपति ने कहा कि मैं आशा करता हूं कि हम भविष्य में और ऊंचाइयों को प्राप्त करेंगे।

विश्वविद्यालय के समकुलपति प्रो. पवन कुमार शर्मा ने कहा कि यह उपलब्धि विश्वविद्यालय के शिक्षण, शोध एवं समग्र शैक्षणिक वातावरण को सुदृढ़ करने के निरंतर प्रयासों का परिणाम है। यह रैंकिंग उत्कृष्टता, नवाचार और वैश्विक शैक्षणिक सहभागिता के प्रति विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को भी रेखांकित करती है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने कहा कि टाइम्स हायर एजुकेशन एशिया शिविद्यालय रैंकिंग 2026 में विश्वविद्यालय की उपलब्धि पूरे विश्वविद्यालय परिवार के समन्वित एवं समर्पित प्रयासों का परिणाम है।

# पुलिस की बड़ी कामयाबी: करोड़ों के इलेक्ट्रॉनिक सामान की चोरी का भंडाफोड़

**टीम एक्शन इंडिया**
**संतोष गर्ग**

**पलवल**। जिला पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए करोड़ों रुपये के इलेक्ट्रॉनिक सामान की चोरी और गबन के मामले का पदार्फाश किया है। पुलिस ने इस मामले में अंतर्राज्यीय गिरोह के मास्टरमाइंड सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है तथा उनके कब्जे से करीब 1.35 करोड़ रुपये से अधिक कीमत का सामान और वारदात में प्रयुक्त वाहन बरामद किया है।



पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल के कुशल नेतृत्व में कार्य करते हुए हथीन अपराध जांच इकाई की टीम ने मात्र सात दिन में इस पूरे मामले का खुलासा कर दिया। इस संबंध में जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक ने बताया कि 23 अप्रैल की रात प्रभारी उप निरीक्षक दीपक गुलिया अपनी टीम के साथ मिंडकौला बस अड्डा पर मौजूद थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि केएमपी मार्ग पर एक लाल रंग का कैंटर खड़ा है, जिसमें कुछ व्यक्ति चोरी का सामान लेकर ग्राहक का इंतजार कर रहे हैं।

सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और तीनों आरोपियों को मौके से पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान अतुल निवासी अकराबाद जिला अलीगढ़ (उत्तर प्रदेश), विपिन उर्फ योगेंद्र निवासी अकराबाद तथा रिंकू निवासी नांगलोई (दिल्ली) के रूप में हुई है।

जांच में सामने आया कि आरोपियों ने कुछ दिन पहले गुरुग्राम क्षेत्र में एक परिवहन कंपनी के वाहन से लगभग 1.59 करोड़ रुपये का सामान गबन किया था। इस संबंध में थाना पटौदी में मामला दर्ज किया गया था। आरोपियों ने चालक की मिलीभगत से वाहन को रास्ते में रोककर माल को गायब कर दिया था।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 148 लैपटॉप, 140 की-बोर्ड, 4 प्रिंटर, 30 एडाप्टर, एक टोनर कार्ट्रिज, एक डिस्प्ले, एक राउटर तथा अन्य सामान बरामद किया है। इसके साथ ही वारदात में इस्तेमाल किया गया कैंटर भी जब्त किया गया है।

पूछताछ में खुलासा हुआ कि मास्टरमाइंड अतुल एक शातिर अपराधी है, जो महंगे इलेक्ट्रॉनिक सामान को निशाना बनाता था और गिरोह के लिए लोगों की व्यवस्था करता था। उसके खिलाफ पहले भी उत्तर प्रदेश और गुरुग्राम में कई मामले दर्ज हैं।

पुलिस अधीक्षक ने शुक्रवार को जानकारी देते हुए बताया कि इस मामले में अन्य आरोपियों की तलाश जारी है और गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर पूरे गिरोह का पता लगाया जा रहा है।

# हांसी जिला से होती हुई सिवानी से जींद तक बिछेगी हाई वोल्टेज बिजली लाइन

**हांसी( दिनकर गावड़ी):** झहांसी जिला से होकर सिवानी से जींद तक बिछाई जाने वाली हाई वोल्टेज बिजली लाइन के भूमि अधिग्रहण को लेकर शुक्रवार को जिला सचिवालय परिसर में एसडीएम राजेश खोथ की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी तथा किसानों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। पावर ग्रिड सिवानी ट्रांसमिशन लिमिटेड के अधिकारियों ने इस दौरान बताया कि सिवानी से जींद पावर ग्रिड स्टेशन तक बिजली की लाइन बिछाई जानी है। इस



परियोजना के अंतर्गत 270 बिजली के टावर सिवानी से जींद तक स्थापित करवाए जाएंगे। प्रत्येक टावर करीब 20 वर्ग मीटर भूखंड में बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि भूमि अधिग्रहण को लेकर कार्यवाही शुरू कर दी गई है। रेट कमेटी गठित की जा रही है जिसमें किसान प्रतिनिधियों को भी शामिल किया जाएगा।

आयोजित बैठक में सीसाय बोलान, धमाणा, सालाडेरी गांव के किसान प्रतिनिधि मौजूद रहे। किसान प्रतिनिधियों की सहमति से भूमि मूल्यकर्ता का चयन किया गया। एसडीएम राजेश खोथ ने कहा कि यह बिजली लाइन जिला के 12 गांव से होकर गुजरेगी। कवारी गांव से हांसी जिला में प्रवेश करेगी।

उन्होंने बताया कि छह गांव के किसान प्रतिनिधियों के साथ पहले ही बैठक का आयोजन किया जा चुका है

## न्यूज फ्लैश

### लगातार दूसरे महीने वी के साथ जुड़े नए सब्सक्राइबर: टीआरएआई

**गुरुग्राम।** टीआरएआई द्वारा जारी टेलीकॉम सब्सक्रिप्शन के नए आंकड़ों के मुताबिक, वी ने लगातार दूसरे महीने अपने सब्सक्राइबर बेस में बढ़ोतरी दर्ज की है । मार्च 2026 की रिपोर्ट के अनुसार, इस महीने में वी के साथ 1,02,899 नए सब्सक्राइबर जुड़े हैं, इससे पहले फरवरी 2026 में भी वी के साथ 21,927 नए सब्सक्राइबर जुड़े थे। लगातार बढ़ते ये आंकड़े इसके सब्सक्राइबर बेस में स्टेबिलिटी का संकेत दे रहे हैं। मार्च के महीने में, कंपनी के साथ 1,92,211 ग्रामीण सब्सक्राइबर जुड़े।

इस महीने के दौरान 15 सर्कल्स में वी के साथ जुड़ने वाले सब्सक्राइबरों की संख्या इस प्रकार है:

असम (14,496), बिहार (57,452), गुजरात (1,01,748), हरियाणा (23,725), हिमाचल प्रदेश (4,112), जम्मू-कश्मीर (7,875), कर्नाटक (1,00,701), केरल (27,082), कोलकाता (4,219), महाराष्ट्र (19,272), मुंबई (14,702), ओडिशा (17,717), पंजाब (17,097), तमिलनाडु (42,455), और यूपी-ईस्ट (47,869)।,

यह विकास वी द्वारा नेटवर्क में किए जा रहे निवेश और बदलती प्रोडक्ट स्ट्रैटेजी का परिणाम हैं। कंपनी की खास पेशकश जैसे- नॉनस्टॉप हीरो (अनलिमिटेड 4 जी डेटा) और सुपर हीरो (हाफ-डे अनलिमिटेड 4 जी ) और साथ ही 5 जी का लगातार विस्तार-ये सभी उपभोक्ताओं को खूब लुभा रहे हैं।

वी ने हाल ही में 90 और शहरों में 5 जी विस्तार की घोषणा की है, जिससे मई 2026 तक 5 जी कवरेज 133 शहरों तक पहुँच जाएगा; साथ ही, कंपनी ने अपनी प्रतिबद्धता के अनुसार 5 जी सेवाओं का विस्तार भी शुरू कर दिया है।

इसी तरह वी ने फरवरी माह में भी 15 सर्कल्स में अपने सब्सक्राइबरां की संख्या में बढ़ोतरी दर्ज की थी, यानि पिछले दो महीनों से बढ़ोतरी के यही रूझान देखने को मिल रही हैं।

### भारत के म्यूजिक लाइसेंसिंग क्षेत्र में बड़ा बदलाव: 'लोकधुन' अब पीपीएल इंडिया के साथ

**गुड़गांव:** भारत के पब्लिक परफॉर्मेंस लाइसेंसिंग परिदृश्य में एक बड़ा बदलाव देखने को मिला है। "लॉलीपॉप लागेलु" जैसे आइकॉनिक हिट्स देने वाली कंपनी लोकधुन टेलीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड ने 1 अप्रैल 2026 से पीपीएल इंडिया के साथ हाथ मिला लिया है। इसी के साथ कंपनी ने रिकॉर्डेड म्यूजिक परफॉर्मेंस लिमिटेड के साथ अपनी पुरानी संबद्धता समाप्त कर दी है। यह रणनीतिक फैसला न केवल इन दोनों कंपनियों के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि इसे भारत के म्यूजिक लाइसेंसिंग इकोसिस्टम में शक्ति के पुनर्गठन के तौर पर देखा जा रहा है। 2016 में स्थापित और नई दिल्ली मुख्यालय वाली लोकधुन टेलीमीडिया के पास आज 80,000 से अधिक गानों की एक बहुत बड़ी लाइब्रेरी है। "लॉलीपॉप लागेलु" जैसे गानों ने सीमाओं को पार करते हुए करोड़ों की संख्या में स्ट्रीम्स हासिल किए हैं, जिसने लोकधुन को क्षेत्रीय म्यूजिक पावरहाउस के रूप में स्थापित किया है। यह बदलाव लोकधुन को देश के सबसे प्रमुख लाइसेंसिंग निकाय, पीपीएल इंडिया के साथ खड़ा करता है। 500 से अधिक म्यूजिक लेबल्स का प्रतिनिधित्व करने वाला पीपीएल इंडिया अब अपने क्षेत्रीय पोर्टफोलियो को और भी मजबूत कर रहा है।

# पुस्तकालय: ज्ञान, नवाचार व अनुसंधान के सशक्त केंद्र: प्रो. कृष्ण गोपाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग द्वारा आधुनिक युग में पुस्तकालय सेवाएंह्व विषय पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान कुरुक्षेत्र के सेवानिवृत्त पुस्तकालय अध्यक्ष प्रो. कृष्ण गोपाल ने अपने व्याख्यान में पारंपरिक पुस्तकालयों से डिजिटल एवं वर्चुअल लाइब्रेरी की ओर हो रहे परिवर्तन, ई-संसाधनों के बढ़ते उपयोग, सूचना प्रौद्योगिकी की भूमिका तथा ज्ञान समाज में पुस्तकालयों के महत्व पर विस्तार से चर्चा की।



उन्होंने कहा कि आज के समय में पुस्तकालय केवल पुस्तकों का संग्रह केंद्र न होकर ज्ञान, नवाचार और अनुसंधान के सशक्त माध्यम बन चुके हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को नवीन तकनीकों को अपनाने, शोध उन्मुख दृष्टिकोण विकसित करने तथा सूचना के प्रभावी प्रबंधन के लिए प्रेरित किया। इस सत्र में एम.लिब. एवं सूचना विज्ञान (प्रथम व द्वितीय वर्ष) के विद्यार्थियों तथा पीएच.डी. शोधार्थियों ने सक्रिय सहभागिता करते हुए अपने ज्ञान में उल्लेखनीय वृद्धि की।

इसके उपरांत विभाग द्वारा कैश पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें ह्लप्रो. जे.के. खन्ना कैश प्राइजह्व एवं ह्लप्रो. जी.सी. बंसल कैश प्राइजह्व प्रदान किए गए। इस अवसर पर एम.लिब. एवं सूचना विज्ञान प्रथम वर्ष की छात्रा दीक्षा (रोल नंबर 6) तथा द्वितीय वर्ष की छात्रा खुशबू (रोल नंबर 14) को उनके उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए ?5,100/- की नकद राशि देकर सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार डॉ. कृष्ण गोपाल के योगदान से स्थापित किए गए हैं, जो उनके शिक्षकों एवं विभाग के पूर्व अध्यक्षों प्रो. जे.के. खन्ना एवं प्रो. जी.सी. बंसल की स्मृति को समर्पित हैं।

इस अवसर पर विभागाध्यक्ष प्रो. संजीव शर्मा ने अपने वक्तव्य में कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक आयोजन विद्यार्थियों के बौद्धिक एवं व्यावसायिक विकास में अत्यंत सहायक सिद्ध होते हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में पुस्तकालयों की भूमिका निरंतर विकसित हो रही है और ऐसे व्याख्यान विद्यार्थियों को नवीन प्रवृत्तियों से अवगत कराते हैं। उन्होंने पुरस्कार विजेता छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा विभाग की ओर से भविष्य में भी ऐसे प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित करते रहने का आश्वासन दिया।

## एसपी ने स्व-गणना अभियान के तहत स्वयं पंजीकरण कर पुलिस कर्मियों को किया प्रेरित

**सिरसा, शुभम खटक)** पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने शुक्रवार को स्व-गणना के लिए अपना पंजीकरण किया। इस मौके पर उन्होंने पुलिस कर्मचारियों व आमजन से अपील की कि वे भी पहली बार डिजिटल माध्यम से हो रही जनगणना में भाग लें। इस बार स्व-गणना का विकल्प दिया गया है। परिवार का कोई भी सदस्य अपने मोबाइल से भी स्व-गणना में भाग ले सकता है। पोर्टल पर जाकर आमजन अपने मकान व खुद के बारे में जानकारी दर्ज कर सकता है। यह केंद्र सरकार की अच्छी पहल है, इससे प्रगणक को गणना करने में लाभ होगा। साथ ही स्वयं द्वारा डाटा भरने के कारण सटीकता और पारदर्शिता आएगी।



**योजना**

जनगणना से ही देश की भावी योजनाओं की प्लानिंग तैयार की जाती है। इसलिए गणना कार्य में खुद की सहभागिता दिखाएं

उन्होंने कहा कि जनगणना से ही देश की भावी योजनाओं की प्लानिंग तैयार की जाती है। इसलिए गणना कार्य में खुद की सहभागिता दिखाएं और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि जनगणना का डाटा पूरी तरह से सुरक्षित और गोपनीय होता है, इसलिए बेहिचक इसमें अपना पंजीकरण कर सकते हैं।

### हकेवि में सामाजिक विज्ञान पर दस दिवसीय शोध प्रविधि पाठ्यक्रम का हुआ समापन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् (आईसीएसएसआर), नई दिल्ली के सहयोग से 14 अप्रैल से 23 अप्रैल 2026 तक सामाजिक विज्ञान पर केंद्रित दस दिवसीय शोध प्रविधि पाठ्यक्रम (आरएमसी) का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के लिए देशभर से कुल 223 आवेदन प्राप्त हुए, इनमें से 30 प्रतिभागियों का चयन किया गया।

## लोकतांत्रिक तरीके से हासिल करेंगे न्याय: अजय चौटाला

**चंडीगढ़/सिरसा (रणबीर खटक)** जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला ने कहा है कि 27 अप्रैल को हिसार के क्रांतिमान पार्क में प्रस्तावित छात्र महापंचायत में केवल इनसो ही नहीं बल्कि प्रदेशभर के अनेक छात्र संगठनों के साथ-साथ विभिन्न खाप पंचायतों के प्रतिनिधि व राजनीतिक पार्टियों के नेता भी शामिल होंगे और छात्र हितों से जुड़े इस गंभीर मसले पर आगामी रणनीति में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे। डॉ चौटाला शुक्रवार को सिरसा में आयोजित जेजेपी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित कर रहे थे। डॉ अजय सिंह चौटाला ने हिसार घटनाक्रम का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार की ओर से छात्रों और उनके हित में आवाज



उठाने वाले नेताओं को बदनाम करने के उद्देश्य से षड्यंत्र रचा गया और स्पष्ट रूप से सरकार हर कदम पर इस षड्यंत्र में शामिल है। उन्होंने कहा कि छात्र हित में आवाज बुलंद करने पर बौखलाकर सरकार ने ऐसे षड्यंत्र की रचना की है, मगर हम किसी भी अन्याय के आगे नहीं झुकेंगे और लोकतांत्रिक तरीके व न्यायालय के माध्यम से न्याय हासिल करेंगे। डॉ चौटाला ने कहा कि छात्र महापंचायत में एकजुट होकर अन्याय के खिलाफ आवाज बुलंद की जाएगी।

### हकेवि में प्यासे पंक्षियों के संरक्षण पंखों का जीवनक अभियान शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया**

**महेंद्रगढ़।** परिसर में 70 पानी के बर्तन लगाए गए हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) ने विश्वविद्यालय परिसर में पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु एक मुहिम का शुभारंभ किया।

इसके अंतर्गत लगभग 70 पानी के

पूर्वोत्तर आयुर्वेद और लोक चिकित्सा अनुसंधान संस्थान
(आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संस्थान)
NORTH EASTERN INSTITUTE OF AYURVEDA & FOLK MEDICINE RESEARCH
(An Autonomous Institute under the Ministry of Ayush, Government of India)

File No.: Admin-16011/1/2025-NEIAFMR-ADMIN Date: 06.04.2026

RECRUITMENT
(Advertisement No. 02/2026)

The North Eastern Institute of Ayurveda & Folk Medicine Research (NEIAFMR), Pasighat, Arunachal Pradesh, an Autonomous Institute under the Ministry of Ayush, Government of India, invites applications from eligible Indian Citizens and regular employees of Central Government/State Government/Autonomous Organizations for filling up the following Teaching and Non-Teaching posts on Direct Recruitment/Deputation (including Short-Term Contract) basis.

| S. No. | Name of Post | No. of Posts |
|---|---|---|
| 1 | **Professor (Ayurveda)** | 1 (One) UR |
| 2 | **Associate Professor (Ayurveda)** [Agada Tantra; Dravyaguna; Kaumarabhritya; Kriya Sharira; Samhita & Siddhanta; Roganidan; Swasthavritta & Yoga] | 7 (Seven) |
| 3 | **Associate Professor (Ayurveda)** [Kayachikitsa-UR; Panchakarma-UR; Prasuti Tantra Stri Roga-UR; Rachna Sharir-OBC; Rasa Shastra-UR; Shalakya-UR; Shalya-SC] | 7 (Seven) [Gen-5; OBC-1; SC-1] |
| 4 | **Assistant Professor (Ayurveda)** Kayachikitsa-EWS; Roganidan-SC | 2 (Two) [1-SC; 1-EWS] |
| 5 | **Pathologist** | 1 (One) UR |
| 6 | **Pediatrician** | 1 (One) UR |
| 7 | **Obstetrician & Gynecologist** | 1 (One) UR |
| 8 | **Anesthesiologist** | 1 (One) UR |
| 9 | **Ophthalmologist** | 1 (One) UR |
| 10 | **Radiologist** | 1 (One) UR |
| 11 | **Pharmacognosist** | 1 (One) UR |
| 12 | **Ethnobotanist** | 1 (One) UR |
| 13 | **Herbarium Curator/Museum Curator** | 1 (One) UR |
| 14 | **Resident Medical Officer** | 3 (Three) UR |
| 15 | **Senior Assistant** | 2 (Two) UR |
| 16 | **Panchakarma Assistant (Male)** | 2 (Two) UR |
| 17 | **Panchakarma Assistant (Female)** | 2 (Two) UR |

**How to Apply**: Application in the prescribed format (available on the website: www.neiafmr.org.in) along with self-attested copies of required documents and Demand Draft, should be sent through proper channel to **the Director, North Easter Institute of Ayurveda and Folk Medicine Research, Pasighat – 791102, Arunachal Pradesh** within **45 days** from the date of publication of this advertisement in ***Employment News***.

**Note:** Detailed eligibility criteria, qualifications, experience, and application format are available on the Institute's website www.neiafmr.org.in.

cbc17218/12/0001/2627

-Sd-
Director,
NEIAFMR, Pasighat

## देश का भविष्य युवाओं के हाथ, उनका जागरूक एवं शिक्षित होना आवश्यक :

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के युवाओं में संवैधानिक जागरूकता और शैक्षणिक दृष्टिकोण को सुदृढ़ करने की दिशा में निरंतर प्रयासरत सांसद नवीन जिन्दल ने आज पार्लियामेंट भ्रमण पर आए विद्यार्थियों एवं शिक्षकों से संवाद किया। यह भ्रमण सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर आयोजित शैक्षणिक अभियान का हिस्सा था, जिसके अंतर्गत छात्रों को संसद और देश के लोकतांत्रिक ढांचे की कार्यप्रणाली से अवगत कराया जा रहा है।



इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, मारकंडेय नेशनल कॉलेज शाहबाद के छात्र एवं इंदिरा गांधी नेशनल कॉलेज लाडवा की मैनेजमेंट के सदस्य दिल्ली पहुंचे और उन्होंने संसद के नए-पुराने दोनों भवनों का भ्रमण किया। इसके उपरांत सभी प्रतिभागी सांसद नवीन जिन्दल के मोती बाग स्थित आवास पर पहुंचे, जहां सांसद नवीन जिन्दल की टीम द्वारा उनका आत्मीय स्वागत किया गया।

सांसद नवीन जिन्दल ने विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं प्रबंधन सदस्यों से संवाद करते हुए कहा कि देश का भविष्य युवाओं के हाथ में है और उनका जागरूक, शिक्षित एवं अनुशासित होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज के विद्यार्थी ही कल के नेतृत्वकर्ता हैं, इसलिए उन्हें न केवल अकादमिक शिक्षा बल्कि संवैधानिक मूल्यों की भी गहन समझ होनी चाहिए।

सांसद नवीन जिन्दल ने शिक्षकों से भी छात्रों की पढ़ाई, कौशल विकास और उनके सर्वांगीण विकास के विषय में चर्चा की। छात्रों को संबोधित करते हुए सांसद नवीन जिन्दल ने उन्हें नशे से दूर रहने की प्रेरणा दी और

## डी पी एस पानीपत सिटी में अंतर्सदनीय हिंदी कविता प्रतियोगिता का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**

**समालखा (संजय नरवाल)** डी पी एस पानीपत सिटी में कक्षा छठी से दसवीं तक के विद्यार्थियों के लिए अंतर्सदनीय हिंदी कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इसमें प्रत्येक सदन के कनिष्ठ वर्ग एवं वरिष्ठ वर्ग के एक एक छात्र ने भाग लिया । प्रतियोगिता का विषय था - नैतिक मूल्यों पर आधारित कविता अथवा प्रेरणादायक कविता । इस प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में आभा विषाद , हरनीत शर्मा एवं कविता मिश्रा थे । प्रतिभागियों ने पूरे जोश और उत्साह पूर्वक कविताओं को प्रस्तुत किया और सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया ।

इस प्रतियोगिता में कनिष्ठ वर्ग के झेलम सदन की




यशिका ने प्रथम स्थान एवं गंगा सदन की काशवी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया । इसके साथ साथ वरिष्ठ वर्ग में झेलम सदन की सिद्धि ने प्रथम स्थान एवं यमुना सदन की सिमर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया । प्रतियोगिता के अंत में उपप्रधानाचार्या आभा विषाद ने सभी विजेता प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी । उन्होंने सभी छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं छात्रों में आत्मविश्वास और प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ाती है।

### बीजेपी सरकार ने किसानों को नीचा दिखाने के लिए थंब इंप्रेशन शुरू किया : अदित्य देवीलाल

**चंडीगढ़, सिरसा (रणबीर खटक)** डबवाली से इनेलो विधायक अदित्य देवीलाल ने शुक्रवार को चंडीगढ़ स्थित इनेलो मुख्यालय पर प्रेस वार्ता कर मीडिया को बताया कि हरियाणा के किसान की फसल खरीद को लेकर आज सिर्फ इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी अभय सिंह चौटाला और तमाम पार्टी पदाधिकारी सभी मंडियों में जाकर किसानों की मदद कर रहे हैं। इसके लिए इनेलो पार्टी की तरफ से मंडियों में किसान कष्ट निवारण खोले गए हैं जो किसानों की मदद कर रहे हैं। उन्होंने स्वयं प्रदेश की कई मंडियों का दौरा किया है। उन्होंने बताया कि वे डबवाली मंडी में अपनी फसल लेकर ऊंट गाड़ी पर गए थे। वहां मौजूद अधिकारियों को कहा कि इसकी नंबर प्लेट नहीं है, फसल बेचनी है कोई औपचारिकता है तो पूरी कर लो। फिर उन्होंने गेट पास दिया। मैंने पूछा कि मैं विधायक हूं तो जाने दे रहे हो या किसान हूं इसलिए।

उत्तर रेलवे
ई–नीलामी सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला छावनी भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए उत्तर रेलवे के अंबाला मंडल के रेलवे स्टेशनों पर अनुबंधों के आवंटन के लिए IREPS वेबसाइट पर ई–नीलामी के माध्यम से बोलियां आमंत्रित करते हैं।

**रेट यूनिट: वार्षिक लाइसेंस फीस**

| S. N. | Lot No. | Auction Catalogue No. | Details | Auction start date & time | Auction close date & time |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Catg-UMB-RAA-GMU-181-26-1 | UMB-Ctg-03-2026 | (जनरल माइनर यूनिट–खानपान) (जीएमयू) (आकार–10' X 6') स्टॉल नंबर–1, सर्कुलेटिंग एरिया में सामान्य श्रेणी के लिए बराड़ा रेलवे स्टेशन पर। | 08.05.2026 at 15:00 hrs. | 08.05.2026 at 15:30 hrs. |
| 2. | Catg-UMB-MET-GMU-177-26-1 | UMB-Ctg-03-2026 | (जनरल माइनर यूनिट–खानपान) (जीएमयू) (आकार–10' X 6') स्टॉल नंबर–2, प्लेटफॉर्म संख्या–1,सामान्य श्रेणी के लिए मालेरकोटला रेलवे स्टेशन पर। | 08.05.2026 at 15:00 hrs. | 08.05.2026 at 15:40 hrs. |

**नोट:** ई–नीलामी की अधिक जानकारी हेतु सभी भावी निविदाकर्ता रेलवे वेबसाईट **www.ireps.gov.in** को देखें।
**1360/2026**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

जना स्मॉल फाइनेंस बैंक
अनुसूचि कॉमर्शियल बैंक

रजिस्टर्ड ऑफिस: द फेयरवे, ग्राउंड और फर्स्ट फ्लोर, सर्वे नंबर 10/1, 11/2 और 12/2इ, डोम्लूर के पास, कोरमंगला इनर रिंग रोड, ईजीएल बिजनेस पार्क के पास, चैलाघट्टा, बेंगलुरु-560071.
ब्रांच ऑफिस: 16/12, दूसरी मंजिल, डब्ल्यू.ई.ए. आर्य समाज मार्ग, करोल बाग, दिल्ली-110005.

ई-नीलामी सूचना

फाइनेंशियल एसेट्स के सिक्योरिटाइजेशन और रीकंस्ट्रक्शन और सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट (सरफेसी एक्ट) 2002 के तहत ई-ऑक्शन के जरिए बिक्री के लिए पब्लिक नोटिस, सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एनफोर्समेंट) रूल्स 2002 के प्रोविजो रूल 8(6) और 9 के साथ पढ़ें।

जन स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के ऑथराइज्ड ऑफिसर के तौर पर, मैंने सरफेसी एक्ट एटीसी के सेक्शन 13(4) के तहत मिली शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए, नीचे दी गई प्रॉपर्टी पर कब्जा कर लिया है। खास तौर पर, बॉरोअर और आम लोगों को बताया जाता है कि बैंक का बकाया चुकाने के लिए नीचे दिए गए अकाउंट में मॉर्गेज प्रॉपर्टी का जैसा है जहाँ है आधार' और 'जैसा है जो आधार है के आधार पर' नीचे बताई गई तारीख को होगा।

| क्रमांक सं. | ऋण खाता | ओरिजिनल बॉरोअर/ को-बॉरोअर/ गारंटर का नाम | दिनांक 13-2 नोटिस | कब्जे की तिथि | 22.04.2026 के अनुसार वर्तमान बकाया शेष राशि | प्रॉपर्टी के इंस्पेक्शन की तारीख और समय | रिजर्व प्राइस रूपए में | अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट रूपए में | ई-नीलामी की तिथि और समय | बिड जमा करने की आखिरी तारीख, समय और जगह |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 45128640004330 | 1) श्री सुरिंदर कुमार, पुत्र झ फकीर चंद (आवेदक) 2) श्रीमती राजरानी, पत्नी झ श्री सुरिंदर कुमार (सह-आवेदक) | 25-08-2025 | 17-12-2025 | 15,84,633/- (रुपये पंद्रह लाख चौरासी हजार छह सौ तैंतीस मात्र) | 15.05.2026 प्रातः 09:30 बजे से सायं 05:00 बजे तक | 26,52,938.00 (रुपये छब्बीस लाख बावन हजार नौ सौ अड़तीस मात्र) | 2,65,293.80 (रुपये दो लाख पैंसठ हजार दो सौ तिरानवे रुपये और अस्सी पैसे मात्र) | 29.05.2026 समयः प्रातः 11:00 बजे | 28.05.2026, शाम 5:00 बजे से पूर्व जना स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड, शाखा कार्यालयः 16/12, द्वितीय तल, डब्ल्यू.ई.ए. आर्य समाज मार्ग, करोल बाग, दिल्ली-110005 |

सिक्योर्ड एसेट्स की डिटेल्स: संपत्ति: अचल संपत्ति का पूर्ण विवरण:संपूर्ण अचल संपत्ति जिसमें 1 कनाल 0 मरला (कुल भूमि में से 20/523 भाग) शामिल है, जो कुल भूमि माप किटे 5, रकबा तदादी 26 कनाल 03 मरला में से है। यह संपत्ति खेवत संख्या 167/203, खसरा संख्या 11//17/1, 24/2, 25, 12//23, 15//9 में सम्मिलित है, जो हाउस नंबर 287, वाका रकबा दलौर, तहसील बिलासपुर, जिला यमुनानगर, हरियाणा-133206 में स्थित है। यह संपत्ति हस्तांतरण विलेख संख्या 74, दिनांक 07-04-2022 के अंतर्गत है। यह संपत्ति श्रीमती राजरानी, पत्नी श्री सुरिंदर कुमार के स्वामित्व में है। सीमाएं इस प्रकार हैं: पूर्व: भूआ 49, सुनील कुमार की भूमि पश्चिम: 56 फीट पबानी रोडउत्तर: भूआ 120 फीट, ओम प्रकाश की दुकान एवं मकान दक्षिण: भूआ 93 फीट, गुरजीत सिंह की भूमि

प्रॉपर्टीज 'जैसी हैं जहाँ हैं' और 'जैसी हैं जैसी हैं' के आधार पर रखी जा रही हैं और ई-ऑक्शन 'ऑन लाइन' होगा। ऑक्शन बैंक के अप्रूव्ड सर्विस प्रोवाइडर M/s. 4 Closure के जरिए वेब पोर्टल https://bankauctioners.in www.foreclosureindia.com पर होगा। ज्यादा जानकारी और डिटेल्स, मदद, प्रोसेस और ई-ऑक्शन पर ऑनलाइन ट्रेनिंग के लिए, होने वाले बिडर्स M/s. 4 Closure से कॉन्टैक्ट कर सकते हैं; मिस्टर उत्कर्ष आदेश से कॉन्टैक्ट करें, कॉन्टैक्ट नंबर: 9515160064। ईमेल आईडी:: info@bankauctions.in/ adesh@bankauctions.in.

ई-ऑक्शन की कार्रवाई में हिस्सा लेने के लिए टर्म्स एंड कंडीशंस की ज्यादा जानकारी और प्रॉपर्टी से जुड़े किसी भी सवाल के लिए, कृपया जना स्मॉल फाइनेंस बैंक के ऑथराइज्ड ऑफिसर्स मिस्टर रंजन नाइक (मोबाइल नंबर 6362951653) से कॉन्टैक्ट करें। ऑथराइज्ड ऑफिसर की जानकारी और जानकारी के मुताबिक, प्रॉपर्टीज पर कोई बोझ नहीं है। हालांकि, बोली लगाने वालों को अपनी बोली जमा करने से पहले, बोझ, प्रॉपर्टी के टाइटल के बारे में खुद से पूछताछ करनी चाहिए। कोई भी कंडीशनल बोली स्वीकार नहीं की जाएगी। यह ऊपर बताए गए बॉरोअर्स/गारंटर/मॉर्गेजर्स को मॉर्गेज की गई प्रॉपर्टीज के लिए होने वाले ई-ऑक्शन के बारे में भी एक नोटिस है। बॉरोअर/गारंटर/मॉर्गेजर को यह बताया जाता है कि वे ऑक्शन की तारीख से पहले ऊपर बताई गई रकम, लेटेस्ट इंटरेस्ट और दूसरे खर्चों के साथ चुका दें, ऐसा न करने पर प्रॉपर्टी बेच दी जाएगी और बाकी बकाया रकम, अगर कोई है तो, इंटरेस्ट और कॉस्ट के साथ वसूल की जाएगी।

तारीख: 24.04.2026, जगह: यमुनानगर
हस्ता/- अधिकृत अधिकारी, जना स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के लिए

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 25 अप्रैल 2026 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

# कृषि का रोडमैप बनाकर कार्य करें प्रत्येक राज्यः शिवराज सिंह चौहान






**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को सेन्ट्रम होटल में आयोजित क्षेत्रीय कृषि सम्मेलन का दीप जलाकर शुभारम्भ किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि लक्ष्य की पूर्ति के लिए प्रत्येक राज्य कृषि का रोडमैप बनाकर कार्य करें। इसके अलावा नकली खाद व नकली पेस्टीसाइज के खिलाफ प्रभावी अभियान लेकर राज्य कठोर कार्रवायी कराएं। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि उत्तर प्रदेश देश में खाद्यान्न उत्पादन में नंबर एक है। यहाँ की मिट्टी, यहाँ की जलवायु, यहाँ के मेहनती किसान उसके साथ हिमाचल, उत्तराखण्ड, जम्मू काश्मीर, वहां के फल, फूल, सब्जियां विशेष हैं। केन्द्रीय मंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश में इंटरनेशनल पोटैटो सेंटर की स्थापना करने का निर्णय भारत सरकार ने लिया है।

केन्द्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि कृषि के मामले में हमारे तीन बड़े लक्ष्य हैं। पहला देश की खाद्य सुरक्षा को सुनिश्चित करना। दूसरा किसान की आय बढ़ाना और तीसरा पोषण युक्त आहार उपलब्ध कराना। इसको लेकर हम उत्पादन बढ़ाने, उत्पादन की लागत कम करने, किसान को उचित कीमत दिलाने, नुकसान हो जाय तो उसकी भरपाई हो जाय, इसके साथ कृषि का विविधीकरण जरूरी है। शिवराज सिंह चौहान ने खेती में अंधाधुंध उर्वरकों के उपयोग पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि इससे मिट्टी का स्वास्थ्य खराब हो रहा है। इसके लिए हमको प्राकृतिक व जैविक खेती की ओर भी बढ़ना चाहिए। किसानों को फल, सब्ज व औषधीय खेती भी करनी चाहिए। कहा कि बीज हमारा आधार है। जलवायु के अनुकूल हमें बीज चाहिए। इसके लिए देश के अलग-अलग स्थानों पर सीड सेन्टर स्थापित किये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि देश के अन्न के भण्डार हमने भरकर रखे हैं। दुनिया में कहीं से मंगाने की आवश्यकता नहीं है। कहा कि हम चावल उत्पादन में नंबर एक हैं। चीन को हमने पीछे छोड़ दिया है। कभी हम लाल गेहूं अमेरिका से मंगाते थे। आज हमारे बासमती की महक कनाडा से लेकर अमेरिका तक लोगों को लुभा रही है। हमारा लगातार उत्पादन बढ़ रहा है। लेकिन 140 करोड़ से ज्यादा आबादी हमारी है।

इसके लिए रोडमैप बनाकर आगे बढ़ें। हम अपने देश की कृषि को कैसे उन्नत स्थिति में ले जाएं। हम छोटी जोत के आधार पर अनाज के साथ पशुपालन, बकरीपालन, मछलीपालन कर सकते हैं। वृक्ष आधारित खेती करें।

केन्द्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि सभी राज्य अपने यहाँ विकसित कृषि संकल्प अभियान चलाएं। लैब को लैंड तक पहुंचाएं। नए रिसर्च को किसान तक पहुंचाएं। ज्ञान को किसानों तक पहुंचाएं। हमारे वैज्ञानिक उसमें सहयोग देने के लिए तैयार हैं।

## उत्तर प्रदेश में 'लैब टू लैंड' की अवधारणा धरातल पर: मुख्यमंत्री




**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को लखनऊ में क्षेत्रीय कृषि सम्मेलन (उत्तर क्षेत्र) के शुभारंभ कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश कृषि उत्पादन के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है। यह बदलाव वैज्ञानिक तकनीकों, एग्रो-क्लाइमेटिक जोन आधारित रणनीति तथा केंद्र-राज्य सरकारों के समन्वित प्रयासों का परिणाम है। यूपी में लैब टू लैंड की अवधारणा धरातल पर उतर चुकी है, जिससे किसानों को सीधे लाभ मिल रहा है। होटल सेंट्रम में आयोजित सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में कृषि विकास दर में उल्लेखनीय वृद्धि, प्रति हेक्टेयर उत्पादन में रिकॉर्ड सुधार, बहुफसली खेती का विस्तार और वैल्यू एडिशन पर बढ़ता फोकस इस परिवर्तन के स्पष्ट संकेत हैं। मुख्यमंत्री ने क्षेत्रीय कृषि सम्मेलनों, अंतरराष्ट्रीय कृषि केंद्रों की स्थापना, कृषि विज्ञान केंद्रों के सशक्तीकरण और प्रगतिशील किसानों की भूमिका को इस बदलाव का प्रमुख आधार बताते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश आज देश की कृषि अर्थव्यवस्था को नई दिशा देने की क्षमता रखता है।

**भिन्न-भिन्न एग्रो-क्लाइमेटिक जोन के अनुरूप बनें नीतियां**

अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि अलग-अलग देशों और क्षेत्रों में भिन्न-भिन्न एग्रो-क्लाइमेटिक जोन होने के कारण नीतियां भी उसी अनुरूप तय की जानी चाहिए। यदि अलग-अलग जोन में इस प्रकार की गोष्ठियां आयोजित की जाएं तो उसके सकारात्मक परिणाम सामने आते हैं। मुख्यमंत्री ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि गत वर्ष ह्यविकसित कृषि अभियानह्न और ह्यखेती की बात, खेत मेंह्न कार्यक्रम के दौरान उन्हें कई जनपदों में जाने का अवसर मिला, जहां किसानों, कृषि वैज्ञानिकों और कृषि शिक्षा से जुड़े प्रशिक्षुओं में अभूतपूर्व उत्साह व जिज्ञासा देखने को मिली। पहली बार इनोवेशन को सीधे व्यावहारिक धरातल पर उतारने का अवसर मिला है। पहले लैब में होने वाले अनुसंधान को लैंड तक पहुंचने में काफी समय लगता था लेकिन अब ह्नलैब टू लैंडह्न की अवधारणा साकार हो चुकी है और तकनीक सीधे खेत तक पहुंच रही है। इस अभिनव पहल के लिए मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में मौजूद केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने इस अवधारणा को व्यवहारिक रूप से देशभर में लागू करने का महत्वपूर्ण कार्य किया है। मुख्यमंत्री ने वर्ष 2017 की स्थिति का जिक्र करते हुए बताया कि उस समय प्रदेश में मात्र 69 कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) थे, जो लगभग निष्क्रिय अवस्था में थे और उनके वैज्ञानिक भी अन्य संस्थानों में अटैच थे। इसके बाद केंद्र सरकार द्वारा 20 नए केवीके की पहल के साथ-साथ मौजूदा केंद्रों को सशक्त बनाने की कार्ययोजना पर काम हुआ। आज स्थिति यह है कि सभी केवीके सक्रिय होकर नवाचारों को बढ़ावा दे रहे हैं और प्रदेश के सभी नौ एग्रो-क्लाइमेटिक जोन में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के माध्यम से कृषि विकास को नई दिशा दे रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज ये वैज्ञानिक स्थानीय स्तर पर डेमोस्ट्रेशन करते हैं और फिर किसानों के खेत में जाकर उसे लागू करते हैं, लगातार दौरे करते हैं, निरंतर गोष्ठियां चलती हैं और विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। साथ ही भारत सरकार के साथ उनका सतत संवाद बना रहता है। इसी का परिणाम है कि उत्तर प्रदेश की कृषि विकास दर आठ से बढ़कर लगभग 18 प्रतिशत तक पहुंच गई है। परिणाम बताते हैं कि हम इससे भी बेहतर उपलब्धियां हासिल कर सकते हैं।

# महिला अधिकारों पर विपक्ष की राजनीति 'महापाप' : सीएम धामी



**हमला बोला**

**आधी आबादी को उनका अधिकार दिलाने के प्रयासों को विफल करना महापाप' के समान**

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को एक महिला जन आक्रोश रैली को संबोधित करते हुए कहा कि देश की आधी आबादी को उनका अधिकार दिलाने के प्रयासों को लोकसभा में विफल करना 'देश के साथ महापाप' के समान है। यहां परेड ग्राउंड पर आयोजित महिला जन आक्रोश रैली में मुख्यमंत्री ने बड़ी संख्या में महिलाओं के साथ परेड ग्राउंड से घंटाघर देहरादून तक पदयात्रा की। मुख्यमंत्री धामी ने आरोप लगाया कि महिलाओं के सशक्तिकरण से जुड़े महत्वपूर्ण कदमों को राजनीतिक कारणों से बाधित किया गया। इस तरह के मुद्दों पर दलगत राजनीति से ऊपर उठकर निर्णय लिए जाने चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल एक सामाजिक आवश्यकता नहीं, बल्कि देश के समग्र विकास की अनिवार्य शर्त है। ऐसे में इस दिशा में होने वाले प्रयासों को रोकना या कमजोर करना राष्ट्रहित के खिलाफ है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मातृशक्ति को लोकतांत्रिक व्यवस्था में उनका अधिकार दिलाने के उद्देश्य से नारी शक्ति वंदन अधिनियम लाया गया, लेकिन लोकसभा में संख्या बल के अभाव में यह पारित नहीं हो सका। उन्होंने विपक्ष पर आरोप लगाते हुए कहा कि महिलाओं के अधिकारों को बाधित करने का प्रयास किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं चलाई गई हैं, जिनमें बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान, उज्ज्वला योजना, जन धन योजना, स्टार्टअप योजना और लखपति दीदी योजना शामिल हैं। उन्होंने तीन तलाक की प्रथा समाप्त करने को भी महिला सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा कदम बताया।

# स्वर्णिम भारत के लिए सब मिलकर प्रयास करें: राज्यपाल हरिभाऊ बागडे




**सार्थकता**

**शिक्षा और उपाधियों की सार्थकता यही है कि हम राष्ट्र को सर्वोच्च रखते हुए अपने सभी कार्य करें: हरिभाऊ**

**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि स्वर्णिम भारत के लिए सबको मिलकर प्रयास करने की आवश्यकता है। उन्होंने अच्छी मनःस्थिति के साथ देश और समाज के समग्र विकास का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा और उपाधियों की सार्थकता यही है कि हम राष्ट्र को सर्वोच्च रखते हुए अपने सभी कार्य करें। राज्यपाल ने कहा कि दीक्षांत विद्यार्थी जीवन का नया आरम्भ है। प्राचीनकाल में गुरुकुल में गुरु शिष्य को आदर्श आचरण के लिए प्रेरित करने हेतु अंतिम शिक्षा देते थे, इसे समावर्तन संस्कार कहते थे। यही आज का दीक्षांत समारोह है। उन्होंने मैकाले द्वारा देश पर लादी गई अंग्रेजी शिक्षा पद्धति की चर्चा करते हुए कहा कि इसने हमें अपने इतिहास से विलग कर दिया। नई शिक्षा नीति 2020 भारत के महान गौरव से हमें जोड़ने वाली है। राज्यपाल बागडे शुक्रवार को राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के ग्यारहवें दीक्षांत समारोह में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय द्वारा समस्त अभ्यर्थियों के शैक्षणिक रिकॉर्ड को डिजिटलाइज करने के प्रयासों के अंतर्गत पोर्टल पर डिग्रियों को अपलोड करने की प्रक्रिया का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि यह महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने इसके लिए केंद्र और राज्य सरकार के डिजिटल अभियान की सराहना की। बागडे ने देश की नई शिक्षा नीति को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि यह भारतीयता के गौरव से जुड़ी है। उन्होंने कहा कि भारत ने विश्व को शून्य का ज्ञान दिया। शून्य के ज्ञान से ही विश्व को गिनती आई। उन्होंने खगोल विज्ञान में भारत की देन की चर्चा करते हुए कहा कि भास्कराचार्य ने 1150 में बताया था कि पृथ्वी गोल है। गुरुत्वाकर्षण के सिद्धांत को उन्होंने ही प्रतिपादित किया, जिसे बाद में न्यूटन का बताया गया। उन्होंने कहा कि बप्पा रावल ने सातवीं शताब्दी में अरबों को खदेड़ा था। उन्हीं के नाम से पाकिस्तान का रावलपिंडी शहर बसा हुआ है। राज्यपाल ने कहा कि आजादी से पहले देश में आठ लाख गुरुकुल थे। अंग्रेजों ने इन्हें नष्ट करने का काम किया। वह नहीं चाहते थे कि भारतीय दृष्टिकोण की शिक्षा विकसित हो, इसलिए देश में गुलाम मानसिकता देने वाली शिक्षा पद्धति विकसित की। अंग्रेजों ने देश के घरेलू उद्योग बंद कर दिए ताकि देश के नागरिकों को भूखा मरने दिया जाए।

# ममता के समर्थन में प्रचार करने कोलकाता आएंगे अरविंद केजरीवाल



**टीम एक्शन इंडिया**

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव प्रचार के लिए दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आआपा) प्रमुख अरविंद केजरीवाल तृणमूल कांग्रेस प्रमुख व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के समर्थन में कोलकाता आएंगे। आआपा सूत्रों के अनुसार, तृणमूल कांग्रेस के आमंत्रण पर केजरीवाल आगामी 26 व 27 अप्रैल को कोलकाता के भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र में ममता बनर्जी के पक्ष में चुनाव प्रचार करेंगे। गौरतलब है कि, राज्य में 23 अप्रैल को पहले चरण का मतदान हुआ। उससे पहले बुधवार को अरविंद केजरीवाल ने ममता बनर्जी से फोन पर बात की थी। बाद में उन्होंने खुद सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी।

# भीषण गर्मी में बच्चों की सुरक्षा सर्वोपरि: मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े

**संवेदनशील**

**बच्चों के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए त्वरित और संवेदनशील निर्णय लिया है**



**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुर।** प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी और लू के बढ़ते प्रभाव को गंभीरता से लेते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग ने बच्चों के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए त्वरित और संवेदनशील निर्णय लिया है। महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के स्पष्ट निर्देश पर ग्रीष्मकाल के दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन समय में बदलाव करते हुए इसे 6 घंटे से घटाकर 4 घंटे कर दिया गया है। निदेशानुसार 1 अप्रैल 2026 से 30 जून 2026 तक आंगनबाड़ी केंद्र प्रतिदिन प्रातः 7 बजे से 11 बजे तक संचालित होंगे। विशेष रूप से 23 अप्रैल से 30 जून 2026 तक बच्चों की उपस्थिति का समय केवल सुबह 7 बजे से 9 बजे तक निर्धारित किया गया है, ताकि वे भीषण गर्मी और लू के प्रभाव से सुरक्षित रह सकें। इस निर्धारित अवधि में बच्चों को पूर्व तय समय-सारिणी के अनुसार प्रारंभिक बाल्यावस्था देखरेख एवं शिक्षा के साथ-साथ पूरक पोषण आहार का नियमित वितरण सुनिश्चित किया जाएगा। विभाग ने स्पष्ट किया है कि, बच्चों की शिक्षा और पोषण सेवाओं की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी।

आंगनबाड़ी केंद्रों में अन्य आवश्यक सेवाएं प्रातः 11 बजे तक जारी रहेंगी। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं अपने निर्धारित जॉब चार्ट के अनुसार शेष कार्यों का निष्पादन करेंगी। साथ ही, गृहभेंट के माध्यम से पोषण परामर्श देने की महत्वपूर्ण सेवा को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए गए हैं, जिसके तहत कार्यकर्ता केंद्र बंद होने के बाद घर-घर जाकर माताओं को जागरूक करेंगी। बच्चों की सुरक्षा को लेकर भी विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। गर्म हवाओं और उच्च तापमान के बीच बच्चों को सुरक्षित रूप से घर पहुंचाने की जिम्मेदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

# बिहार विधानसभा में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने जीता विश्वास मत



**हमला बोला**

**सम्राट चौधरी ने राष्ट्रीय जनता दल प्रमुख लालू यादव पर भी तीखा हमला बोला**

**टीम एक्शन इंडिया**

**पटना।** बिहार की 243 सदस्यीय विधानसभा में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शुक्रवार को औपचारिक रूप से बहुमत साबित करते हुए विश्वास मत हासिल कर लिया। सदन में पेश किए गए विश्वास मत प्रस्ताव को ध्वनि मत से पारित कर दिया गया। इसके साथ ही सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाली सरकार ने विधानसभा का भरोसा जीत लिया। सम्राट चौधरी ने 15 अप्रैल को नीतीश कुमार की जगह बिहार के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। उनके साथ जनता दल यूनाइटेड (जदयू) कोटे से विजय कुमार चौधरी और बिजेंद्र प्रसाद यादव ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण की थी। विधानसभा के एक दिवसीय विशेष सत्र के दौरान विश्वास मत प्रस्ताव पर बोलते हुए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री एमित शाह ,भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के वरिष्ठ नेताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री की कुर्सी किसी की बपौती नहीं है। 14 करोड़ जनता के समर्थन और आशीर्वाद से मैं मुख्यमंत्री बना हूं। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि सत्ता किसी एक परिवार या व्यक्ति की जागीर नहीं हो सकती। सम्राट चौधरी ने राष्ट्रीय जनता दल प्रमुख लालू यादव पर भी तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद यादव के शासनकाल में हुए अत्याचारों ने ही उन्हें राजनीति में मजबूती दी। उन्होंने दावा किया कि लालू यादव ने उन्हें और उनके परिवार के 22 सदस्यों को जेल भेजा था और बाद में सार्वजनिक रूप से अपनी गलती स्वीकार करते हुए माफी भी मांगी थी। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने अपनी सरकार की प्राथमिकताओं को स्पष्ट करते हुए कहा कि उनकी सरकार ह्नट्रिपल सीह्न यानी क्राइम (अपराध), करप्शन (भ्रष्टाचार) और कम्युनलिज्म (सांप्रदायिकता) पर किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि जैसे नीतीश कुमार के नेतृत्व में इन मुद्दों पर सख्ती बरती गई, वैसे ही आगे भी यह नीति जारी रहेगी। महिलाओं की सुरक्षा को लेकर भी मुख्यमंत्री ने कड़ा संदेश दिया। उन्होंने कहा कि महिलाओं के खिलाफ अत्याचार करने वालों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा।

# चित्तौड़ के स्थापना दिवस पर ध्वजा चढ़ा, शहर में खुशहाली की कामना



**टीम एक्शन इंडिया**

**चित्तौड़गढ़।** चित्तौड़ी आठम महोत्सव समिति की ओर से शुक्रवार सुबह दुर्ग स्थित कालिका माता मंदिर पर विशाल ध्वजा चढ़ाई गई। मंदिर में हवन कर क्षेत्र की खुशहाली की प्रार्थना की गई। चित्तौड़ के स्थापना दिवस पर चित्तौड़ी आठम महोत्सव समिति करीब 18 वर्षों से स्थापना दिवस मनाते आ रही है। चित्तौड़ी आठम महोत्सव समिति के कुलदीप पारीक ने बताया कि चित्तौड़गढ़ के स्थापना दिवस व कालिका माता मंदिर पाटोत्सव तिथि चित्तौड़ी आठम पर सुबह विशाल ध्वजा लेकर दुर्ग कालिका माता मंदिर पहुंच कर विधि विधान से पूजा अर्चना कर नई ध्वजा चढ़ाई गई। महंत रामनारायण पुरी, महंत लालसिंह के सानिध्य में पं. अरविन्द भट्ट के वैदिक मंत्रोचार से इस बार अच्छी बरसात, धन, धान्य, बीमारियों से मुक्ति व सभी के आनन्दमय जीवन की कामना की आहुतियां देकर हवन पूर्ण किया गया।